भोपाल
सोमवार, 10 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष -5/6
वर्ष : 12, अंक : 220
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम
अधि. 27
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


सीएम डॉ. यादव ने रोड शो कर कई सभाएं लीं

## यह चुनाव गुंडों को ठिकाने लगाने और विकास का नया अध्याय लिखने का

**जनता का स्नेह बता रहा है, बिहार ने फिर एनडीए सरकार का निर्णय ले लिया है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के ढाका विधानसभा क्षेत्र में रोड-शो कर पूर्वी चंपारण जिले की चिरैया सहित नरकटिया एवं मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव गुंडों को ठिकाने लगाने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अब अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं

डॉ. यादव ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार थी। उस समय पाकिस्तानी आतंकी हमारे निर्दोष नागरिकों का खून बहाते थे। आज हमारे ▶▶ शेष पेज 6 पर

बिहार में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा, सत्ता की 'डोर' मतदाताओं के हाथ

# 20 जिलों की 122 सीटों पर कल मतदान, 14 को नतीजे

**मतदाता**
3 करोड़ 70 लाख 13 हजार 556

**उम्मीदवार**
1302

**मतदान केंद्र**
45,399

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार का शोर रविवार शाम 6 बजे थम गया। अब पूरी बागडोर जनता के हाथों में है, जो मंगलवार 11 नवंबर को मतदान करके यह तय करेगी कि सत्ता की कुर्सी पर कौन बैठेगा।

बिहार चुनाव के दूसरे इस चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें 101 सामान्य, 19 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें शामिल हैं। कुल 3 करोड़ 70 लाख 13 हजार 556 मतदाता अपने मताधिकार ▶▶ शेष पेज 6 पर


मतदान की तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी


रंगोली में उकेरा मतदान का चिन्ह

### किस सीट पर कितनी टक्कर

दूसरे चरण में तीन सीटों पर सबसे ज्यादा 22-22 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसमें कैमूर का चैनपुर, रोहतास का सासाराम और गया शहर शामिल है। वहीं, लौरिया, चनपटिया, रक्सौल, सुगौली, त्रिवेणीगंज और बनमनखी ऐसी सीटें हैं, जहां केवल 5-5 प्रत्याशी लड़ रहे हैं। कुछ सीटों पर सीधा तो कुछ पर बहुकोणीय लड़ाई देखी जा सकती है। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भारतीय क्रिकेटर ने 11 गेंदों में जड़ी फिफ्टी



**सूरत।** अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट-ग्रुप मैच के दौरान आकाश ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। सूरत के पिठवाला स्टेडियम में आकाश ने सिर्फ 11 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली। आकाश ने 14 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए, जिसमें 8 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। आकाश कुमार चौधरी ने वेन व्हाइट का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, 4 की मौत



**रीवा।** जिले में रविवार शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक में टक्कर के बाद एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन घायल हो गए। घटना गढ़ थाना क्षेत्र के तेंदुआ कोठार गांव के निकट हुई। मृतकों में रामनरेश साकेत (35), रुचि साकेत (12) और रंजना साकेत (13) एक ही परिवार के हैं। एक अन्य मृतक की पहचान कमलेश सिंह (35) के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो में सवार लोग छग से प्रयागराज जा रहे थे।

'संघ यात्रा के 100 साल: नए क्षितिज' नाम की दो दिन की व्याख्यानमाला का शुभारंभ

संघ पर उठे सवालों का संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने दिया एक-एक करके जवाब

# आरएसएस 'बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स' इसलिए, हमें पंजीकरण की जरूरत नहीं

*डॉ. भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग हों, सबका स्वागत है, लेकिन शाखा में आने के बाद सब 'भारत माता के बेटे' माने जाते हैं*


डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कांग्रेस नेताओं के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि संघ को व्यक्तियों के समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है और इसका पंजीकरण कराना जरूरी नहीं है।

भागवत ने एक सवाल-जवाब सत्र में कहा आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। क्या आप उम्मीद करते हैं कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

**डॉ. भागवत कांग्रेस की आलोचना पर बोले- हम तिरंगे का सदैव सम्मान करते हैं**


संघ प्रमुख ने बेंगलुरु में दो दिवसीय व्याख्यानमाला को संबोधित किया

***हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था?***

***कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं, यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है***

### संघ में आने वालों की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता

डॉ. भागवत से पूछा गया कि क्या मुसलमानों को संघ में शामिल होने की अनुमति है, तो उन्होंने कहा संघ में किसी ब्राह्मण, किसी दूसरी जाति, किसी मुस्लिम या ईसाई को अलग से नहीं लिया जाता। संघ में केवल हिंदू समाज के सदस्य आते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि संघ में आने वाले व्यक्ति अपनी अलग पहचान घर पर छोड़कर आते हैं। डॉ. भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग सबका स्वागत है। लेकिन शाखा में आने के बाद सब भारत माता के बेटे माने जाते हैं। भागवत ने बताया ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पाकिस्तान को तब तक समझाना होगा जब तक वह न बदले

पाकिस्तान के बारे में पूछे जाने पर डॉ. भागवत ने कहा कि वे मानते हैं कि कभी-कभी पाकिस्तान को वह भाषा समझानी पड़ती है जो वह समझे। उनका मानना है कि बार-बार कोशिशों का जवाब देना चाहिए ताकि उसे समझ आए और वह शांतिप्रिय पड़ोसी बने। उन्होंने कहा कि असल इच्छा यही है कि दोनों देशों की प्रगति हो और क्षेत्र में शांति कायम रहे। भारत लड़ाई शुरू नहीं करेगा, लेकिन शांति भंग करने वालों को बिना सजा के नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ शांति का रास्ता यह है कि हम अपनी तरफ से शांति भंग न करें, लेकिन अगर पाकिस्तान उस शांति को भंग करना चाहता है, तो वह कभी सफल नहीं होगा। वह ▶▶ शेष पेज 6 पर

देर रात भूकंप के झटकों से हिला रतलाम

## निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, लोग घरों से बाहर निकले

***रात भर निगरानी करते रहे अधिकारी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम


दीवार गिरने के बाद पड़ा मलबा

जिले में शनिवार रात करीब 11 बजे हल्के भूकंपीय झटके महसूस किए गए, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

ये झटके कुछ सेकंड तक रहे और पिपलोदा तहसील के मचून गांव में महसूस किए गए। हालांकि झटके बहुत हल्के थे, लेकिन कंपन महसूस होने से लोगों में चिंता और भय का माहौल ▶▶ शेष पेज 6 पर

विंध्यवासियों के लिए खत्म हुआ इंतजार

## आज से रीवा से 2 घंटे में दिल्ली तक का 'सफर'

***सीएम करेंगे शुभारंभ सप्ताह में 3 दिन चलेगी फ्लाइट***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा


डिप्टी सीएम ने तैयारियों का जायजा लिया

विंध्यवासियों के लिए हवाई सेवाओं के इंतजार की घड़ी समाप्त हो रही है। यहां नव निर्मित एयरपोर्ट से अब दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू हो रही है। अलायंस एयर की यह उड़ान सोमवार से शुरू होगी। सप्ताह में 3 दिन ये फ्लाइट मिलेगी। जो दो घंटे में रीवा से दिल्ली पहुंचा देगी। इसी के साथ व रीवा, विंध्य और आसपास के लोगों को दिल्ली के लिए वायु सेवा का ▶▶ शेष पेज 6 पर

भोपाल में 37 साल की सबसे ठंडी रात

### 5 जिलों में सीवियर कोल्ड वेव, 12 जिलों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


■ छह जिलों में रात का पारा 8 डिग्री तक

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को लगातार दूसरे दिन कड़ाके की सर्दी का असर रहा। भोपाल में 37 साल की सबसे ठंडी रात रही, जबकि पांच जिलों में सीवियर कोल्ड वेव और तीन जिलों में कोल्ड वेव रही। सबसे ठंडे शहर शाजापुर में पारा 6.6 डिग्री पर आने से कड़ाके की सर्दी रही। शनिवार को भी भोपाल सहित प्रदेश के चार जिलों में सीवियर कोल्ड वेव का असर रहा है। सोमवार से पूर्वी मप्र में भी शीतलहर का असर बढ़ेगा। करीब एक दर्जन जिलों में कोल्ड वेव के लिए अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को भोपाल, राजगढ़, सीहोर, इंदौर और ▶▶ शेष पेज 6 पर

कटनी में तेज रफ्तार का कहर

### कार ने मारी ऑटो को टक्कर, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



■ तालाब में गिरने से कार का दरवाजा लॉक

बिलहरी क्षेत्र में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। कार पहले सड़क किनारे खड़े एक ऑटो से टकराई और फिर उछलकर रैलिंग को तोड़ती हुई लक्ष्मण सागर तालाब में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 2 अन्य युवकों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई। कुठला पुलिस के मुताबिक रात करीब साढ़े 11 बजे 4 युवक कार में सवार कटनी से बिलहरी लौट रहे थे। बिलहरी पहुंचने से ठीक पहले तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया। कार में सवार अभिषेक ने पीछे ▶▶ शेष पेज 6 पर

किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी

### नौसेना के 2 जवानों की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


■ ट्रक ने 20 मीटर तक घसीट दिया

प्रशिक्षण के लिए भोपाल आए दो जवानों की परवलिया सड़क इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात मुबारकपुर टोल के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। उन्हें किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद नेवी को सौंप दिए है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से केरल निवासी आनंद कृष्णन (18) और विष्णु आर (27) नौसेना (नेवी) में आरक्षक थे। वे नेवी के नौका विहार के प्रशिक्षण के लिए भोपाल आए थे। सभी जवान अंसल अपार्टमेंट श्यामला हिल्स में रुके हुए हैं। शनिवार देर रात आंनद कृष्णन और विष्णु आर केटीएम बाइक से ▶▶ शेष पेज 6 पर




राहुल ने जिलाध्यक्षों के साथ मार्शल आर्ट की पोशाक पहनकर उनको फिटनेस और फोकस पर आधारित 30 मिनट का अभ्यास कराया, देरी से पहुंचने पर राहुल ने लगाए 10 पुशअप

# जो जिलाध्यक्ष बैठक में देरी से पहुंचा, राहुल ने उससे 10 पुशअप लगवाए, राव बोले- हमारे यहां यही सजा

राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को पढ़ाया संघर्ष और एकजुटता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से दिल्ली रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने पचमढ़ी में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जिलाध्यक्षों के साथ विशेष सत्र किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप दिया है।

उन्होंने हर जिलाध्यक्ष को जमीन पर उतरकर जनता के साथ जुड़ने का मंत्र दिया है। जिलाध्यक्षों के बैठक में देरी से आने पर सजा के ▶▶ शेष पेज 6 पर

**जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप दिया**



राहुल गांधी पचमढ़ी में। सुबह उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया।

### 2028 का लक्ष्य, हर जिले में हो मजबूती

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कई जगह बेहद मामूली अंतर से चुनाव हारी है और इसे बदलने के लिए संगठन को एकजुट होकर हर घर तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा निराश होने की जरूरत नहीं है, मेहनत की जरूरत है। खुद के लिए नहीं, संगठन के लिए काम कीजिए। 2028 में कांग्रेस सरकार बनाना हमारा साझा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उसी सोच को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### गिरोगे, लेकिन फिर उठकर लड़ना ही जीत की कुंजी


*पचमढ़ी में राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। हर आठ में से एक वोट चोरी किया गया। मध्य प्रदेश में भी ऐसा हुआ है। हमारे पास सबूत हैं, जो हम आहिस्ते-आहिस्ते दिखाएंगे। राहुल ने कहा कि मुख्य मुद्दा वोट चोरी है, जिसे अब एसआईआर से कवर किया जा रहा है।* ▶▶ शेष पेज 6 पर

बिलासपुर में गतौरा-लालखदान के बीच हुए रेल हादसे जैसी घटनाएं टाल सकता है कवच सिस्टम

# भोपाल मंडल में कवच सिस्टम लगाने की गति धीमी होने से नहीं बढ़ पा रही ट्रेनों की रफ्तार, 160 के बजाय चल रही 90 से 120 के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल से सेफ्टी कवच सिस्मट लगाने की रफ्तार धीमी है। इसके चलते एक तरफ जहां ट्रेनों की रफ्तार नहीं बढ़ पा रही है। 160 की स्पीड से चलने वाली ट्रेनें 90 से 120 की रफ्तार से चल रही है। तो वहीं कवच सिस्टम लगने से बिलासपुर के गतौरा-लालखदान के बीच 4 नवंबर को हुए रेल हादसे जैसी घटनाओं को टाला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि अभी मंडल के सिर्फ भोपाल-खंडवा, रानी कमलापति-इटारसी रूट ऑटोमेटिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। भोपाल मंडल सहित पमरे जोन में कवच सिस्टम ने रफ्तार नहीं पकड़ी है। भोपाल रेल मंडल की ओर से कवच की टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन अभी इस काम में रफ्तार देखने को नहीं मिल रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही भोपाल मंडल के सभी सेक्शन सहित पमरे जोन को कवच सिस्टम से लैस कर दिया जाएगा।



कवच सिस्टम का प्रारूप (फाइल)

## दो ट्रेनें एक ट्रैक पर नहीं टकराएंगी

कवच सिस्टम लगाने से बिलासपुर के गतौरा-लालखदान के बीच हुए रेल हादसे जैसी घटनाओं को टला जा सकता है। दरअसल इस सिस्टम के चलते दो ट्रेनें यदि एक ही ट्रैक पर आमने-सामने आ जाएं, तब भी वे एक दूसरे से नहीं टकराएंगी और नजदीक पहुंच कर रुक जाएंगी। पश्चिम-मध्य रेल जोन के तहत आने वाले भोपाल, जबलपुर व कोटा मंडलों के करीब 463 किमी क्षेत्र यह कवच सिस्टम लगाया जाना है।

### इटारसी सेक्शन पर बढ़ी ट्रेनों की रफ्तार

रेलवे सूत्रों के अनुसार भोपाल-खंडवा, रानी कमलापति-इटारसी रूट ऑटोमेटिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से लैस होने के बाद ट्रेनों की स्पीड बढ़ाई गई। इसके बाद इस रूट पर चलने वाली नियमित, प्रीमियम और पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों की स्पीड बढ़ने से यात्रियों के समय में 10 से 15 मिनट तक की बचत हो रही है। बता दें कि भोपाल रेल मंडल का भोपाल इटारसी सेक्शन सबसे व्यस्ततम रूट में शामिल है।

सोमवार को सुबह लोगों के घरों में देरी से पहुंचेगा पानी

## कोलार वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के दोनों फीडर 8 घंटे बंद रहे, रात में पानी की सप्लाई में आई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को राजधानी के 70 से इलाकों में कोलार वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट के दोनों फीडर बंद रहे। इसके चलते रात में पानी की सप्लाई नहीं हुई। पानी की टंकियां भरी होने के कारण सुबह की सप्लाई आम दिनों की तरह हुई।

रविवार को रात आठ बजे के बाद कोलार से पानी की टंकियों को भरने के लिए सप्लाई शुरू हुई। कोलार की पाइप लाइन से शहर तक पहुंचने और टंकियों को भरने में 10 से 12 घंटे लगते हैं। इसके कारण सोमवार को लोगों के घरों में पानी देर से पहुंच सकता है। देर रात तक पानी की टंकियों को भरने का काम शुरू कर दिया गया था।

जल कार्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पानी सप्लाई में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। रात में सुबह तक पानी की टंकियां भर जाएंगी और पानी की सप्लाई पहले की तरह जारी रहेगी।

## कल कर्क राशि में वक्री होंगे गुरु होगा व्यापक असर

**भोपाल।** गुरु ग्रह 11 नवंबर दिन मंगलवार को कर्क राशि में वक्री करने जा रहे हैं। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि गुरु ग्रह इस समय अतिचारी अवस्था में हैं और वह इसी अवस्था में वक्री होने जा रहे है। इसके बाद गुरु 5 दिसंबर को वापस मिथुन राशि में गोचर कर जाएंगे।

इस तरह धनु और मीन राशि के स्वामी गुरु वक्री अवस्था में इस साल बचे इन डेढ़ माह में के दिनों में कई राशियों के जातकों पर असर पड़ेगा।

ज्योतिष में गुरु ग्रह को शुभ ग्रह माना गया है और जिंदगी जो कुछ भी अच्छा होता है, वह गुरु की वजह से ही होता है। गुरु ग्रह की जब भी स्थिति बदलती है, तब उसका प्रभाव देश दुनिया समेत मेष से मीन तक सभी 12 राशियों पर पड़ता है।

### मेष राशि पर प्रभाव

गुरु का वक्री होना मेष राशि वालों के लिए विशेष लाभ मिलेगा। अचानक वित्तीय लाभ की संभावनाएं बनेंगी।

### सिंह राशि पर प्रभाव

गुरु का वक्री होना सिंह राशि वालों के लिए कल्याणकारी रहने वाला है। पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ में सभी परेशानी दूर होगी।

### तुला राशि पर प्रभाव

गुरु ग्रह का वक्री होना तुला राशि वालों की सेहत अच्छी रहेगी और शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत नजर आएंगे।

यूकेआर से घुटनों के दर्द से कम समय में मिलेगी राहत: डॉ. हेमंत मंडोवरा

# यूकेआर सर्जरी के बाद नहीं बदलना पड़ेगा पूरे घुटने को, प्रभावित हिस्से को ही करेंगे रिप्लेस

**राजधानी में यूकेआर लाइव सर्जरी वर्कशॉप का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनिकॉम्पार्टमेंटल नी रिप्लेसमेंट (यूकेआर) तकनीक घुटने के केवल प्रभावित हिस्से को रिप्लेस करती है, जिससे मरीजों को कम दर्द, तेज रिकवरी और अधिक प्राकृतिक मूवमेंट प्राप्त होता है। यह जानकारी यूकेआर लाइव सर्जरी वर्कशॉप में इंदौर के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. हेमंत मंडोवरा ने दी। डॉ मंडोवरा ने कहा कि यूकेआर सर्जरी भविष्य की दिशा है, यह सटीक, प्रभावी और मरीज-केंद्रित है।


डॉ हेमंत मंडोवरा

रविवार को नूर-उस-सबा पैलेस में गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी), भोपाल ऑर्थोपैडिक सर्जन्स सोसाइटी (बीओएसएस), एमपी आर्थोप्लास्टी सोसाइटी (एमपीएएस) और एमपीआईओए के तत्वावधान में यूकेआर डे स्कूल एवं लाइव सर्जरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

वर्कशॉप में डॉ. हेमंत मंडोवरा द्वारा प्रशिक्षण देने के साथ यूकेआर तकनीक से संबंधित नवीनतम पहलुओं, सर्जिकल प्रिसिशन और मरीजों के बेहतर परिणामों पर जानकारी दी गई। वर्कशॉप ने भोपाल सहित मध्यप्रदेश के कई शहरों से आए सर्जनों को नवीनतम ऑर्थोपेडिक ट्रेंड्स और तकनीकों की समझ प्रदान की।


आर्थोपेडिक वर्कशॉप का एक दृश्य।

यूकेआर डे स्कूल एवं लाइव सर्जरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया

वर्कशॉप में उपस्थित विशेषज्ञ डॉ शीतल गुप्ता और डॉ अनुराग तिवारी ने माना कि इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम डॉक्टरों के बीच नॉलेज-शेयरिंग और नवीन तकनीकों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सर्जन इस तकनीक को सीखें और प्रैक्टिस में करें लागू: डॉ गोहिया

*गांधी मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ आशीष गोहिया ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक सर्जन इस तकनीक को सीखें और अपने प्रैक्टिस में लागू करें। यूकेआर सर्जरी में केवल घुटने के प्रभावित हिस्से को बदला जाता है, न कि पूरे घुटने को। इसका फायदा यह है कि मरीज को बहुत कम दर्द होता है, अस्पताल में रहने का समय घटता है और वह जल्दी से अपने सामान्य जीवन में लौट आता है। यूकेआर सर्जरी उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है जो घुटने के शुरुआती या एक हिस्से के आर्थराइटिस से पीड़ित हैं। यह तकनीक कम दर्द, तेज रिकवरी और बेहतर मूवमेंट देती है।*

### हैंड्स-ऑन सॉ बोन वर्कशॉप के माध्यम से दी ट्रेनिंग

वर्कशॉप की शुरुआत विशेषज्ञों के लेक्चर्स और पैनल डिस्कशन से हुई, जिसमें आर्थोपेडिक क्षेत्र के कई अनुभवी सर्जनों और फैकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया। इसके बाद लाइव सर्जरी सेशन आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने वास्तविक सर्जिकल प्रक्रिया को देखा और सर्जिकल स्टेप्स को बारीकी से समझा। साथ ही हैंड्स-ऑन सॉ बोन वर्कशॉप के माध्यम से डॉक्टरों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी गई।

गुरु नानक जयंती पर लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## 16 रोगों के अलग-अलग 33 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एक हजार 57 मरीजों का किया उपचार



फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में मौजूद सदस्य एवं अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु नानक जयंती को समर्पित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स गुरु तेग बहादुर रोड टीटी नगर में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 16 रोगों के 33 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एक हजार 57 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईडीबीआई बैंक के महा प्रबंधक अजय कुमार द्वारा किया गया।

■ मानव सेवा ही सर्वोत्तम सेवा है, का उद्देश्य ही मूलमंत्र

शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदर्श मल्होत्रा सीएमडी रेडिसन होटल शामिल हुए। गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर के अध्यक्ष जेपीएस अरोड़ा, सचिव उपकार प्रीत सिंघ, सह सचिव अपजीत सिंघ ओबेरॉय, संचालिका जसविंदर कौर ने कहा कि गुरु नानक देव के उपदेशों के अनुसार मानव सेवा ही सर्वोच्च सेवा है और इस कैंप का उद्देश्य जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

### शिविर में इलाज के साथ जांच भी हुई निःशुल्क

शिविर में मरीजों को अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाओं के साथ टेस्ट भी निःशुल्क कराए गए। शिविर में न्यूरो, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, चेस्ट, ईएनटी, गैस्ट्रो, दंत रोग, फिजियोथेरेपी, डायबिटीज, पीडियाट्रिक, जनरल मेडिसिन और सर्जरी समेत 16 विभागों के डॉक्टरों ने मरीजों की जांच और इलाज संबंधी सलाह दी। शिविर में जरूरतमंदों को दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध गई।

जाटव समाज उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान

समारोह में 200 प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

## जाटव समाज के छात्र व युवाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दियाः सांसद आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जाटव समाज संभागीय समिति मप्र द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह मानस भवन में आयोजित हुआ। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 200 उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारी व समाज सेवी शामिल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि आलोक शर्मा ने कहा कि जाटव समाज के छात्रों व युवाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह पिछले कुछ सालों में कमायबी हासिल की है। वह हम सभी के लिए आगे बढ़ने का संदेश देता है।


जाटव समाज उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद प्रतिभागीगण।

तरावली मंदिर परिसर में जिला अधिवेशन संपन्न

## राज्य कर्मचारी संघ के जितेंद्र शाक्य जिलाध्यक्ष और शिवेंद्र बने सचिव


राज्य कर्मचारी संघ के अधिवेशन में मौजूद सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला भोपाल का अधिवेशन हरसिद्धि माता मंदिर तरावली प्रांगण में संपन्न हुआ।

अधिवेशन में मुख्य अतिथि कमलेश नागपुरे विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ भोपाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार चंदेल, संजय चौधरी, रघुराज सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बुरहानपुर से पधारे मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निर्वाचन चुनाव अधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम संपन्न कराया मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला भोपाल की कार्यकारणी का निर्वाचन किया गया। भोपाल जिला कार्यकारिणी में जितेंद्र शाक्य को जिला अध्यक्ष एवं शिवेंद्र सिंह चौहान को जिला सचिव चुना गया।

संगठन के प्रदेश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव जी एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल एडमिन प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा संभागीय अध्यक्ष परशुराम दुबे संभागीय उपाध्यक्ष संदीप जैन एवं उपस्थित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी ने बधाई और शुभकामनाएं दी एवं नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य ने अपने उद्बोधन में सभी अधिकारी कर्मचारियों का एवं पदाधिकारी को भरोसा दिलाया कि उनके हितों की भलाई के लिए उनके साथ कंधा मिलाकर कार्य करेंगे।

## एक ही विद्युत ग्रीड का पहले सिंघार फिर कैलाश ने किया शिलान्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार जिले के ग्राम बाघ विकासखंड के ग्राम अखाड़ा में 33/11 केवी विद्युत ग्रेड का निर्माण किया गया। 6 नवंबर को विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ग्राम अखाड़ा पहुंचे और कार्यकर्ताओं, जनता के बीच विधायक सिंघार ने उपकेंद्र विद्युत ग्रेड का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि यह विद्युत ग्रेड कमलनाथ सरकार में स्वीकृत कराया गया था, जिसका लोकार्पण कांग्रेस कर रही है। इधर, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और धार जिला प्रभारी कैलाश विजयवर्गी ने 9 नवंबर को ग्राम अखाड़ा पहुंचकर विद्युत ग्रेड का विधिवत लोकार्पण किया। विद्युत मंडल के अधिकारियों ने कहा कि इसके पहले किए गए लोकार्पण की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर उमंग सिंघार के पास 2018 में इस विद्युत ग्रेड की स्वीकृति के प्रमाण है तो वह बताएं अन्यथा अपने पद से इस्तीफा दें।

विशेष बच्चों के केयरगिवर्स के लिए पोषण प्रबंधन पर जागरूकता सत्र

## हर विशेष बच्चों की रीढ़ होते हैं केयरगिवर्सः पूनम श्रोति

**भोपाल।** केयरगिवर्स हर विशेष बच्चों की रीढ होते हैं, इसलिए उनका स्वयं का स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन भी उतना ही जरूरी है। जब केयरगिवर्स स्वस्थ रहेंगे तभी वे अपने बच्चों की सही देखभाल कर पाएंगे। यह बात उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विशेष बच्चों और केयरगिवर्स के लिए पोषण प्रबंधन विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए सोसाइटी की संस्थापक पूनम श्रोति ने कही। सत्र आरोग्यता वेलनेस फॉर डिफरेंटली विफरेंटली एबल्ड पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों और उनके परिवारों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डायटीशियन रश्मि श्रीवास्तव ने केयरगिवर्स और विशेष बच्चों दोनों के लिए संतुलित आहार के महत्व को बताया। रश्मि श्रीवास्तव ने बताया कि एक संतुलित और योजनाबद्ध आहार ऊर्जा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। जो दैनिक देखभाल और बच्चे के विकास में उत्पंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सत्र का समापन एक इंटरैक्टिव चर्चा और दैनिक जीवन में संतुलित पोषण बनाए रखने के उपयोगी सुझावों के साथ किया गया।

कमला नेहरू कमला नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल और कमला नेहरू महाविद्यालय में आयोजन

# 'म्यूजिकल ओड़िसी' की थीम के साथ मनाया वार्षिक समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल और कमला नेहरू महाविद्यालय में गत दिवस "संगीतमय यात्रा" थीम के साथ 37वां वार्षिक समारोह म्यूजिकल ओड़िसी मनाया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरदा अरविंद सिंह रघुवंशी, अध्यक्ष पूर्व मुख्य सचिव, विधानसभा, छत्तीसगढ़ रायपुर चन्द्रशेखर गंगराड़े, विशिष्ट अतिथि थिएटर आर्टिस्ट रश्मि मजूमदार थीं। शुभारंभ प्राचार्या अनीता बाजपेई द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ, इसके पश्चात कमला नगर शिक्षण संस्था के सचिव एसएस रघुवंशी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। संगीतमय यात्रा की थीम पर प्राचीन संगीत से लेकर आधुनिक संगीत का मिश्रण की एक झलक दिखाते हुए संगीत पर आधारित योग गीत, विभिन्न वाद्य यंत्रों की महत्ता, उनका उपयोग के बारे में बताया गया साथ ही संगीत सम्राट तानसेन द्वारा गाये राग दीपक नाटक की सजीव प्रस्तुति दी।


कमला नेहरू हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रस्तुति देती छात्राएं।


कमला नेहरू हायर सेकेंड्री स्कूल में संगीतमय यात्रा के दौरान मौजूद सदस्यगण।

### यादगार उत्सव बनाने में निभाई सराहनीय भूमिका

समारोह का समापन पर आशा आर आसवानी (एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर) ने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी एवं सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया और इसे एकता और समरसता के संदेश का एक यादगार उत्सव बनाने में उनकी भूमिका के लिए सराहना की।

### इन्हें प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

बेस्ट प्लेयर अवार्ड-सॉफ्ट टेनिस एवं लॉन टेनिस में ख्याति शर्मा (9वीं), स्क्वेश में दीक्षा लोवंशी (12वीं), गोल्फ में दीपिका तोमर (9वीं), टेबल टेनिस में अवनी त्रिपाठी (12वीं) एवं वृध शर्मा (12वीं), योग में प्राजुषा दुबे (9वीं) एवं वशिका निगावाल (9वीं)। पीएसवाय एक्जाम तथा इंस्पायर अवार्ड में मास्टर वैदिक शर्मा (9वीं), म्यूजिक में कुमारी मेहुल झरखड़े (10वीं), डांस में ऐंद्री उपाध्याय (10वीं) को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया।

डिजिटल कुशवाहा के बैनर तले मनाया कार्यक्रम

## वरिष्ठ समाजसेवी गौरव सम्मान से कुशवाहा समाज की विभूतियां


कुशवाहा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी गौरव सम्मान में मौजूद प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वरिष्ठ समाजसेवी और भोपाल एकेडमी को एड हायर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक स्व. नारायण सिंह कुशवाहा की जयंती पर शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तुलसी नगर सेकंड स्टॉप स्थित महर्षि पतंजलि संस्कृत भवन परिसर में डिजिटल कुशवाहा के बैनर तले आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी लोकमन कुशवाहा थे, अध्यक्षता डिजिटल कुशवाहा के संस्थापक अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 10 नवंबर 2025

9 पुरातत्व इंडिया की हैरीटेज वॉक में झलकी भोपाल की ...



14 शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए आज मैं...





*आग का फैलाव रोकने दो घंटे से ज्यादा का समय लगा, रात 11 बजे आग पर पाया काबू, 3 दर्जन से ज्यादा दमकलें लगीं 20 टैंकरों की भी ली गई मदद*

# आरा मशीनों में भीषण आग, धू-धू कर जले फर्नीचर और लकड़ी लाखों रुपए का नुकसान, 30 फीट तक ऊंची उठी आग की लपटें

*पुल पातरा के टिंबर मार्केट में आग के कारण की गई बिजली बंद, 5 घंटे से ज्यादा समय तक ब्लैक आउट*

*भीड को रोकने पुलिन को करना पडी मशक्कत, पुल पातरा से भारत टॉकीज चौराहे तक रोका गया ट्रैफिक*

*तलैया, ऐशबाग, जहांगीराबाद पुलिस सहित जीआरपी और आरपीएफ के जवान रहे मौजूद, युवाओं ने भी की मदद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के पुल पातरा स्थित टिंबर मार्केट में रविवार को शाम करीब सात बजे लगी आग से हड़कंप मच गया। आरा मशीनों के पीछे वाले हिस्से में रखी लकड़ी की बल्लियों में लगी आग ने देखते ही देखते आसपास की दुकानों को चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि 30 फीट तक ऊंची आग की लपटें आसमान में उठने लगीं। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकलों को आग पर काबू करने और फैलाव रोकने में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा। दो आरा मशीनों में रखी लकड़ी और फर्नीचर जलकर खाक हो गया। आसपास की अन्य दुकानें भी आग की चपेट में आई हैं। रात करीब 11 बजे आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन दमकलों की आवाजाही जारी रही। बरखेड़ी अंडरब्रिज के पास आरा मशीनों की दुकानों के पीछे वाले हिस्से में आरा मशीन से लपटें उठती हुई लोगों ने देखीं।

आग की सूचना तत्काल फायर बिग्रेड को दी गई। जब तक दमकलें पहुंचती, तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी और कई टन लकड़ी और फर्नीचर जलकर पूरी तरह से खाक हो चका था। आग लगने के कारणो का खुलासा नहीं हो सका। शॉर्ट-सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। रेलवे प्रशासन ने पूरी तरह से आग पर नजर बनाए रखी।



सात बजे आरा मशीनों के पीछे वाले हिस्से में रखी लकड़ियों में लगी भीषण आग

### पांच घंटे तक पानी का किया छिडकाव

आग पर काबू पाने के लिए पुल बोगदा, संत हिरदाराम नगर, फतेहगढ़, गांधीनगर, यातायात पार्क, माता मंदिर और यूनानी शफाखाना फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर भेजी गईं। देर रात तक 40 से ज्यादा दमकलें पहुंच चुकी थीं। इसके अलावा 20 से ज्यादा टैंकरों का भी आग बुझाने में उपयोग हुआ। दमकल कर्मियों ने लगातार करीब पांच घंटे तक पानी का छिड़काव किया।



आगजनी के दौरान 30 फीट तक ऊंची उठी आग की लपटें

### चार दिन पहले ही घोडा डोंगरी से नीलामी से आई थी लकडी

आरा मशीन की एक दुकान संचालक ने बताया कि जिस दुकान में आग लगी है उसमें दो-तीन दिन पहले ही घोडा डांगरी से लकडियों का लाट आया था। यहां बडी मात्रा में बल्लियों का ढेर लगा था। जो पूरी तरह से जलकर खाक हो गईं।

### फायरकर्मियों ने जान जोखिम में डाली

अंधेरे और आग की लपटों के बीच फायर कर्मचारियों को खासी मशक्कत करना पडी। क्योंकि लकडी के ढेर में जिस तेजी से आग फैल रही थी उसे रोकना बडा मुश्किल था। आग आगे न फैल सके। इसके लिए लगातार छिडकाव चलता रहा। रेल लाइन की सुरक्षा और ट्रेनों की आवाजाही को देखते हुए मौके पर आरपीएफ, जीआरपी मौजूद रही। जीआरपी के एक जवान ने बताया कि ट्रैक से ट्रेन की आवाजाही घटना के समय सुचारु रूप से चलती रही। इसे नहीं रोका गया।

## जाम में फंसे वाहन, पुलिस रही मुस्तैद, सुचारु किया यातायात

भारत टॉकीज से हमीदिया रोड, यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क के सामने, बरखेडी की और पुल पातरा के अंदरुनी रोड पर जाम के हालात रहे। पुलिस और युवाओं की मदद से यातायात को नियंत्रित किया गया।

### 30 फीट तक ऊंची उठी लपटें

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगते ही पूरे क्षेत्र में धुआं फैल गया। आग 20 से 30 ऊंची लपटें देखकर लोग खबरा गए। फायर वाहनों के गूंज और धुएं से भारत टाकीज रोड का पूरा इलाका जाम हो गया। पुलिस ने वाहनों की आवाजाही रोक दी थी।



भीषण आग के दौरान घटनास्थल पर भीड़ को रोकने पुलिस बल मौजूद रहा।

### 100 से ज्यादा आरा मशीनें हैं, आए दिन लगती है आग, कई बार हटाने हो चुकी चर्चा

बरखेड़ी अंडर ब्रिज से भारत टाकीज तिराहे तक करीब 100 आरा मशीनें संचालित हैं। उन्हें हटाने को लेकर कई बार चर्चा हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे पहले भी इसी क्षेत्र की एक आरा मशीन में 11 महीने पहले भीषण आग लगी थी, जिसमें करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ था। फरवरी 2023 में भी ऐसी ही आग लगी थी, तब भी पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।



### ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन

भारत टॉकीज से हमीदिया रोड, यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क के सामने, बरखेडी की अंदरुनी रोड और पुल पातरा के अंदरुनी रोड पर जाम के हालात रहे। पुलिस और स्वयं सेवा संस्थाओं और युवाओं की मदद से यातायात को नियंत्रित किया गया।

### रात 11 बजे तक आग पर काबू पाया

टिंबर मार्केट में लगी आग की चपेट में दो आरा मशीनें पूरी तरह आईं हैं। अन्य दुकानों तक भी आग पहुंची। आग का फैलाव रोकने के लिए पानी का छिडकाव किया गया। रात करीब 11 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था।

**सौरभ पटेल, फायर आफिसर, नगर निगम**

---

*त्योहारी सीजन में वीआईपी नंबर की बिक्री कम होने से परिवहन विभाग ने लिया निर्णय*

# वीआईपी नंबरों के रेट 10 से 15 फीसदी तक होंगे कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वाहनों पर वीआईपी रजिस्ट्रेशन नंबर ऑनलाइन खरीदने वाले शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। परिवहन विभाग जल्द ही इनके बेस प्राइज में 10 से 15 फीसदी तक कम करने की योजना लागू करने जा रहा है। दरअसल प्रदेशभर में वीआईपी नंबरों की बिक्री में लगातार दो सालों से कमी देखने को मिल रही है।

इसके चलते अब वाहन चालकों में रुचि जगाने व अधिक से अधिक बिक्री कर विभाग अपनी आय बढ़ाने के लिए इस योजना को लागू करने जा रहा है। जिससे ज्यादा से ज्यादा वाहन मालिक इन्हें ले सकें। उल्लेखनीय है कि अभी नवरात्र, दशहारा व दीपावली के त्योहारी सीजन में वीआईपी नंबर की बिक्री कम देखने को मिली, इसलिए भी परिवहन विभाग यह निर्णय लेने जा रहा है।





इसके पहले दो पहिया की सीरीज में उपलब्ध वीआईपी नंबर का चार पहिया वाहनों के लिए देने की योजना हाल ही में लागू कर चुका है। परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा का कहना है कि जल्द ही राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है।

### बेस प्राइज 15 हजार रुपए से होती है शुरू

1 लाख 12 हजार 400 नंबर प्रदेश के सभी जिलों में बिक्री के लिए बचे हुए है। जिसमें 18300 भोपाल आरटीओ में बचे हुए हैं। वीपीआई नंबर की वर्तमान में बेस प्राइज 15 हजार रुपए है। कोई भी व्यक्ति वीआईपी नंबर ऑनलाइन नीलामी में एक सप्ताह में प्राप्त कर 60 दिन में संबंधित वाहन पर रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद उस नंबर को लिखवा सकता है। परिवहन विभाग की वेबसाइट पर कोई भी वाहन मालिक अपनी गाड़ी के लिए यह नंबर ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से प्राप्त कर सकता है।

**जगह-जगह बैरिकेड्स लगाए गए**

# जिंसी से जहांगीराबाद तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद, ट्रैफिक किया डायवर्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने शहर के जिंसी चौराहे से जहांगीराबाद तक भारी वाहनों की आवाजाही रविवार से प्रतिबंधित की गई है। उक्त रोड पर मेट्रो के लिए निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जगह-जगह बैरिकेड्स लगाए गए हैं, वहीं जिंसी चौराहे से ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। भारी वाहन अब जिंसी चौराहे से शब्बन चौराहा होते हुए लाल परेड मैदान से न्यू मार्केट और हमीदिया रोड की ओर जा सकेंगे।

*टीटी नगर में धुंध का सबसे अधिक असर एक्यूआई 141 पर पहुंचा*

# कड़ाके की सर्दी के बीच देर रात कोहरे की चादर में लिपटा शहर, शाम को छाई धुंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रविवार को शाम से ही तेज सर्दी का असर रहा। कड़ाके की सर्दी के बीच अभी शाम को शहर के अलग-अलग हिस्सों में धुंध का असर बढ़ रहा है, तो देर रात शहर में कोहरा छाने लगा है। लगातार दो दिन पड़ रही तेज सर्दी के बीच रविवार देर रात गांधी नगर से लेकर शहर के अंदर तक कोहरे का असर बढ़ गया। धुंध बढ़ने से शहर का एक्यूआई भी पहले से अचानक बढ़ा है। रविवार को शहर के प्रमुख स्थानों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) मॉडरेट रहा। सबसे ज्यादा धुंध और हवा में प्रदूषण टीटी नगर इलाके में दर्ज हुआ। यहां एक्यूआई 141 रहा, जिसमें पीएम-10 की मात्रा 161 पर रही। दूसरे नंबर पर पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 115 और पीएम 10 की मात्रा 122 रही।

### हवाएं तेज हुईं तो कम होगा पॉल्यूशन

मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार अभी हवाओं की गति मध्यम होने से धूल-धुएं का असर होता है। सर्दी बढने पर ऐसा आमतौर पर होता है। हवाओं की गति अगर बढ़ी तो पॉल्यूशन फिर कंट्रोल होगा। इससे एक्यूआई फिर संतोषजनक स्थित पर पहुंच जाएगा।

---

**एमपी पीएससी-2023: 229 पदों के लिए परीक्षा हुई थी, जिनमें से 197 पदों पर चयन**

*कुल 24 डिप्टी कलेक्टर बने*

# 24 में से 10 महिलाएं डिप्टी कलेक्टर, 19 पद में महिलाओं के लिए 6 रिजर्व, 13 बनी डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र लोक सेवा आयोग ने 2023 का रिजल्ट जारी किया है। 229 पदों के लिए परीक्षा हुई थी, जिनमें से 197 पदों पर चयन हुआ है।

7 पद भूतपूर्व सैनिकों के खाली रहे हैं। परीक्षा में जहां पन्ना के अजीत मिश्रा ने टॉप किया है। वहीं, 10 महिलाएं डिप्टी कलेक्टर और 13 महिलाएं डीएसपी भी बनी हैं। राज्य सेवा परीक्षा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा के बाद राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 की परीक्षा 11 से 16 मार्च 2024 तक आयोजित की गई थी। जिसका रिजल्ट 30 दिसंबर 2024 को जारी किया गया था। इसमें चयनित आवेदकों के इंटरव्यू 7 जुलाई 2025 से 7 अगस्त 2025 तक आयोजित किए गए थे। डीएसपी के लिए कुल 19 पदों से में केवल 6 पद महिलाओं के लिए रिजर्व थे, लेकिन 13 महिलाओं ने डीएसपी बनने में सफलता पाई है। साथ ही कुल 24 में से 10 महिलाएं डिप्टी कलेक्टर के लिए चयनित हुई हैं।

*राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 की परीक्षा 11 से 16 मार्च 2024 तक आयोजित की गई थी*


*चयनित आवेदकों के इंटरव्यू 7 जुलाई से 7 अगस्त 2025 तक आयोजित किए गए*

### मोनिका धाकड़ हिन्दू पथ स्कूल से पढ़ीं



गुना के आरोन की मोनिका धाकड़ का डीएसपी के लिए चयन हुआ है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यह सफलता है। उनके पिता शैतान सिंह धाकड़ अभी पहारुआ पंचायत के सरपंच हैं। मोनिका के अनुसार उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई हिन्दू पथ स्कूल राघौगढ़ से की है। इसके बाद उन्होंने इंदौर से ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन किया है।

### विदिशा की शिवानी राय अभी सीईओ हैं



विदिशा जिले के गंजबासौदा के करैया की शिवानी राय का चयन डीएसपी पद के लिए हुआ है। शिवानी के अनुसार वो अभी बैतूल जिले में जनपद सीईओ के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे पटवारी के रूप में रीवा जिले में पदस्थ रह चुकीं हैं।

### सागर के पंकज जैन बने विस्तार अधिकारी



एमपीपीएससी परीक्षा में बंडा के पवन कुमार जैन के बेटे पंकज जैन का सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर चयन हुआ। वे इसके लिए लगातार तैयारी कर रहे थे। इस बार उनका चयन हुआ है।

### एमपी पीएससी में इन्होंने पाई सफलता

| क्र | नाम | लिंग | श्रेणी (आवेदन अनुसार) | श्रेणी(स्वीकृत) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विवेक अग्रवाल | पुरुष | अनारक्षित | अनारक्षित |
| 2 | गोविंद सिंह सोलंकी | पुरुष | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस |
| 3 | मोनिका धाकड़ | महिला | अनारक्षित | ओबीसी |
| 4 | शिवानी राय | महिला | अनारक्षित | ओबीसी |
| 5 | स्वाति सिंह बघेल | महिला | अनारक्षित | अनारक्षित |
| 6 | मुस्कान सोनी | महिला | अनारक्षित | ओबीसी |
| 7 | पूजा | महिला | ओबीसी | ओबीसी |
| 8 | शैलेश मिश्रा | पुरुष | ईडब्ल्यूएस | ईडब्ल्यूएस |
| 9 | विवेक सिंह डांगी | पुरुष | ओबीसी | ओबीसी |
| 10 | मयंका चौरसिया | महिला | ओबीसी | ओबीसी |
| 11 | पूजा जैन | महिला | ईडब्ल्यूएस | ईडब्ल्यूएस |
| 12 | जैनेन्द्र कुमार निगम | पुरुष | एससी | एससी |
| 13 | दीपिका नाकवाल | महिला | एससी | एससी |
| 14 | नेहा प्रजापति | महिला | एससी | एससी |
| 15 | दीप्ति कटरोलिया | महिला | एससी | एससी |
| 16 | सोनू कनैश | महिला | एसटी | एसटी |
| 17 | राहुल मंडलोई | पुरुष | एसटी | एसटी |
| 18 | नीतू मंडलोई | महिला | एसटी | एसटी |
| 19 | शीजल विजयपाल | महिला | एसटी | एसटी |

| क्र | नाम | लिंग | श्रेणी (आवेदन अनुसार) | श्रेणी (स्वीकृत) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजीत कुमार मिश्रा | पुरुष | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस |
| 2 | भुवनेश चौहान | पुरुष | अनारक्षित | ओबीसी |
| 3 | यशपाल स्वर्णकार | पुरुष | अनारक्षित | ओबीसी |
| 4 | अभिषेक जैन | पुरुष | अनारक्षित | अनारक्षित |
| 5 | अनुराग गुर्जर | पुरुष | ओबीसी | ओबीसी |
| 6 | प्रिया अग्रवाल | महिला | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस |
| 7 | अर्पिता राई | महिला | अनारक्षित | अनारक्षित |
| 8 | सूरज सिंह | पुरुष | ओबीसी | ओबीसी |
| 9 | कल्पेश सिंघई | पुरुष | ईडब्ल्यूएस | ईडब्ल्यूएस |
| 10 | अदिति जैन | महिला | ईडब्ल्यूएस | ईडब्ल्यूएस |
| 11 | अंकित | पुरुष | एससी | एससी |
| 12 | मोना डांगी | महिला | ओबीसी | ओबीसी |
| 13 | आरुषि गुप्ता | महिला | अनारक्षित | अनारक्षित |
| 14 | नरेंद्र सिंह मेवाड़ा | पुरुष | ओबीसी | ओबीसी |
| 15 | अक्षंश श्रीवास्तव | पुरुष | ईडब्ल्यूएस | ईडब्ल्यूएस |
| 16 | पंकज परमार | पुरुष | एससी | एससी |
| 17 | सिद्धार्थ मेहता | पुरुष | अनारक्षित | अनारक्षित (हेंडिकैप्ड) |
| 18 | अरुण मालवीय | पुरुष | एससी | एससी |
| 19 | रानी आहिरवार | महिला | एससी | एससी |
| 20 | रश्मि कुशरे | महिला | एसटी | एसटी |
| 21 | सीमा बडोले | महिला | एसटी | एसटी |
| 22 | कृष्णपाल बघेल | पुरुष | एसटी | एसटी |
| 23 | शीतल ठाकुर | महिला | एसटी | एसटी |
| 24 | सोनाली डावर | महिला | - | - |




## खबर संक्षेप



### मतदाता अपना नाम सूची में जुड़वाएः महेश

**संतनगर।** एसआईआर के संबंध में वार्ड 4 के कई मतदान केंद्र पर बूथ कमेटी के साथ बैठक हुई। इस अवसर पर भाजपा नेता महेश खटवानी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि बीएलओ को मतदाताओं के फॉर्म, दो रंगीन फोटो देने हैं, ताकि 2025 की वोटर लिस्ट में आपका नाम कट नहीं जाए। कार्यकर्ताओं को भी घर-घर घूमना है और उनसे फार्म पूरा भरकर दो रंगीन फोटो के साथ देना है। मतदाताओं का नाम 2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है, उनको अपने पिता या माता का वोटर कार्ड देकर अपना नाम जुड़वाना है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता किशन अच्छानी, शेट्टी चन्दनानी, किशोर साधवानी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रामनारायण केवट, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती मूलचंदानी, मतदान केंद्रों के अध्यक्ष, बीएलओ मतदान केंद्रों के प्रभारी सहित बीएलओ प्रभारी साहिल खान आदि उपस्थित थे।

### बैठक में किया सेवा कार्यों को गति देने का आह्वान



**औबेदुल्लागंज।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल तहसील की बैठक दिवाटीया के हनुमान मंदिर में हुई। बैठक में धर्म, संगठन और समाज सेवा को केंद्र में रखकर भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। उन्होंने आगामी महीनों में संगठन विस्तार, सत्संग, हनुमान चालीसा, साप्ताहिक मिलन एवं सेवा कार्यों को गति देने का आह्वान किया। बैठक में विभाग मंत्री अरविंद खरे, विभाग अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, मंदिर पुजारी कमल किशोर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष वचन लोधी, अखिलेश राजपूत, मंत्री राजेश मालवीय, प्रखंड प्रभारी राजीव यादव, प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, प्रखंड महामंत्री विनोद प्रजापति, सामाजिक समरसता सहित प्रखंड, खंड एवं ग्राम समितियों के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुर्गा बाई की आंखों से देखेंगे दो लोग दुनिया

**संतनगर।** कोटरा सुल्तानाबाद निवासी दुर्गा बाई मेंघानी का



देहावसान हो गया। दिवंगत के पुत्र हरीश मेंघानी ने माताजी की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दी हैं। दिवंगत महिला के नेत्र अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,278 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

### खाटू श्याम भजन संध्या की तैयारियां जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** श्रीराम श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में



खाटू श्याम भजन संध्या की तैयारियां जोरों पर है। अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने बताया कि भजन संध्या 17 नवंबर को शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगी। प्रसिद्ध भारत के भजन गायक चैतन्य दाधीज एवं आरती माली इंदौर से आएंगे। कार्यक्रम सब्जी बाजार में होगा। जीतू नेमा, बाला सैनी, भूपेंद्र नागर, राजू मेहरा, परेश नागर, सोनू अग्रवाल, राजकुमार राजपूत, कमलेश लोधी, राहुल माहेश्वरी आदि ने धर्मलाभ लेने की अपील की है।

---

जीजाजी के साथ समझौता करने पहुंचा था युवक सुसराल पक्ष ने चाकू से भी किया हमला

# तीन महीने पहले ससुर पर किया था छुरी से हमला, विवाद की सुलह कराने ससुराल बुलाया, डंडे और पाइप से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर छोला में समझौता करने पहुंचे दामाद पर ससुराल पक्ष के लोगों ने डंडे और पाइप से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसे सिर, हाथ पैर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। हमले में आई चोट के बाद उसने अस्पताल में इलाज कराया और फिर पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गैर इरादत हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अरविंद वंशकार पिता हरि सिंह वंशकार (32) गंजबासौदा का रहने वाला है और ढोल बजाता है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी शादी शंकर नगर छोला निवासी गुड्डुलाल



बंसल की बेटी मधु बंसल से हुई है। पत्नी से उसकी बनती नहीं है। लिहाजा पत्नी उसे छोड़कर शंकर नगर छोला में अपने माता पिता के पास रह रही है। तीन महीने 6पहले अरविंद पत्नी को लेने मायके पहुंचा था। इस दौरान विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अरविंद ने अपने ससुर गुड्डुलाल बंसल पर चाकू से हमला कर दिया। उक्त मामले में पुलिस ने अरविंद के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया था।

**समझौता करने पहुंचा था अरविंद**

अरविंद ने पुलिस को बताया कि गत दिनों उसने अपने ससुर गुड्डुलाल से मोबाइल पर बातचीत करते हुए माफी मांगी थी। उसने कहा था पापा मुझसे गलती हो गई और माफी चाहता हूं। गुड्डुलाल ने उसे बोला कि घर में बैठकर बातचीत करते हैं। गत 31 अक्टूबर को अरविंद अपने जीजा पंकज को लेकर शंकर नगर छोला पहुंचा। वहां बातचीत चल रही थी। इसी बीच विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर पंकज उसे छोड़कर भाग निकला। अरविंद ससुराल में अकेला पड़ गया। उसके ससुर, गुड्डुलाल, साला अजय और सास चिंताबाई सहित पत्नी ने पहले तो उसके साथ पाइप और डंडे से मारपीट की फिर चाकू से हमला कर दिया। ससुराल पक्ष ने उसे घायल अवस्था में घर के बाहर छोड़ दिया था। वह किसी तरह से अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज कराया। इलाज कराने के बाद रविवार को थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

## मिसरोद के सलैया इलाके में घर के सामने खड़ी कार में अज्ञात बदमाशों ने की तोड़फोड़, थाने में दिया आवेदन

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सलैया इलाके में घर के सामने खड़ी कार में अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है। रविवार दोपहर उनकी नजर कार पर पड़ी तो कार का कांच टूटा हुआ था। उन्होंने तत्काल पुलिस थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेने के बाद जांच शुरू कर दी है।

- ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया भाजपा प्रदेश संयोजक के कार को किया क्षतिग्रस्त, पुलिस जांच में जुटी

पुलिस का कहना है कि उनके घर के सामने कार खड़ी थी और वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार प्रताप सिंह यादव ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया भाजपा प्रदेश संयोजक है और शिवा रॉयल पार्क में रहते हैं। दो दिन पहले उन्होंने अपने घर के सामने अपनी क्वीड कार खड़ी की थी। रविवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी नजर कार पर पड़ी तो कार का कांच टूटा हुआ था। उनका कहना है कि उनकी कार में किसी ने जानबूझकर तोड़फोड़ की है।

---

सड़क किनारे डिवाइडर पर घायल पड़े मिले थे दोनों नौसैनिक

# नौका विहार ट्रेनिंग के लिए भोपाल आए जवान लौट रहे थे परिचित से मिलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित रक्षा विहार कॉलोनी, हाईवे पर मुबाकर टोल के पास अज्ञात ट्रक ने केटीएम बाइक से जा रहे नेवी के दो जवानों को टक्कर मार दी। करीब बीस मीटर तक ट्रक ने बाइक सवार जवानों को घसीटा था। सड़क किनारे डिवाइडर पर लगी घास में वे खून से लथपथ मिले थे। शनिवार-रविवार दरमियानी हुए इस हादसे के बाद राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव पीएम के बाद नेवी के अधिकारियों को सौंप दिए हैं। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। मृतक सैनिक नौसेना के साथ नौका विहार करने के लिए भोपाल आए हुए थे और हादसे के समय खजूरी सड़क से किसी परिचित से मिलकर लौट रहे थे।

- परवलिया में मुबारकपुर टोल के पास हुआ हादसा
- नौसैनिकों को टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश

थाना प्रभारी रोहित नागर के अनुसार मूलरूप से केरल निवासी आनंद कृष्णन (18) और विष्णु आर (27) नौसेना (नेवी) में आरक्षक थे। कुछ दिन पहले ही उनकी नेवी में भर्ती हुई थी। वह नौसेना के साथ नौका विहार की ट्रेनिंग के लिए भोपाल आए थे। नौसेना के सभी जवान अंसल अपार्टमेंट श्यामला हिल्स में रुके हुए हैं। शनिवार



सड़क किनारे लगी घास में खून के निशान और पास में पड़ा मिला हेलमेट

देर रात आंनद कृष्णन और विष्णु आर केटीएम बाइक से खजूरी सड़क किसी से मिलने पहुंचे। रात ढाई बजे से 3 बजे के बीच दोनों जवान श्यामला हिल्स की ओर लौट रहे थे। इस दौरान रक्षा रक्षा विहार कॉलोनी के सामने मुबारकपुर टोल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को पता चला कि टक्कर मारने के बाद भागने की फिराक में ट्रक चालक ने उन्हें बीस मीटर तक घसीट दिया।

**सड़क पर बाइक, किनारे डिवाइडर पर मिले सैनिक**

थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि बाइक सड़क पर क्षतग्रस्त पड़ी थी, जबकि कुछ दूरी पर सड़क किनारे डिवाइडर की घास पर दोनों सैनिक पड़े हुए थे। उनके शरीर को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रक का पहिया उनके शरीर से गुजरा है। पास ही दो हेलमेट पड़े मिले हैं। अनुमान है कि यह दोनों हेलमेट जवानों के है।

### सड़क पार कर रही युवती को कार ने मारी टक्कर, मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल के सामने तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही युवती को टक्कर मार दी। हादसा गत 26 अक्टूबर की रात का है। टक्कर मारने के बाद कार वाला रुका और युवती को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां इलाज के दौरान युवती की शनिवार सुबह 9 बजे मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गांव चिकली, थाना देवरी, जिला रायसेन निवासी वर्षा पटेल पति कमलेश पटेल (20) रचना नगर, गोविंदपुरा में रहती थी और गृहणी थी। गत 26 अक्टूबर को वह खरीदारी करने आशिमा मॉल आई थी। आशिमा मॉल से खरीदारी करने के बाद रात करीब 11 बजे वह सड़क पार कर दूसरी सड़क पर जा रही थी। उसे रचना नगर की तरफ जाने वाली बस पकड़नी थी। सड़क पार करते समय उसे कार ने टक्कर मार दी।

---

सिग्नल पर कार को टक्कर मारकर भागने के फिराक में दूसरे वाहनों से टकराई बोलेरो

# बोलेरो ने दो बाइक और कार में मारी टक्कर, चार लोग घायल

नर्मदापुरम रोड के दानिश नगर तिराहे पर हुआ हादसा, वाहन चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदा पुरम रोड स्थित दानिश नगर तिराहा पर रविवार शाम हूटर लगी बोलेरो ने सिग्नल पर खड़ी कार को टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद बोलेरो वाहन के चालक ने दो बाइक और एक अन्य कर को भी टक्कर मारी। इस हादसे में एक महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं है। कुछ लोगों ने पीछा कर बोलोरो गाड़ी को मिसरोद थाने के पास रोक लिया। गाड़ी रुकते ही आरोपी चालक मौके से भाग निकला।



दानिश नगर तिराहे पर बोलेरो से टक्कर के बाद बंपर में बाइक फंसने से उसके पुर्जे रोड पर गिर गए

## बोलेरो के बंपर में फंसी बाइक, भीड़ ने चालक को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने बढ़ा दी गाड़ी की रफ्तार

जानकारी के अनुसार दानिश नगर तिराहा पर सिग्नल रेट होने के कारण गाड़ियां खड़ी थी। इसी बीच बाग सेवनिया की तरफ से जा रहे बोलेरो वाहन चालक ने सिग्नल पर खड़ी कर को टक्कर मार दी। कर को टक्कर मारने के बाद चालक साइड से गाड़ी निकालकर भागने का प्रयास करने लगा। इसी बीच दानिश तरफ से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर एक महिला भी बैठी थी। टक्कर से महिला और बाइक सवार युवक घायल को गए। इसी बीच एक अन्य बाइक को भी बोलेरो ने टक्कर मारी थी। टक्कर लगने से बाइक बोलेरो के बंफर में फंस गई। लगातार चार गाड़ियों में टक्कर मारने के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने गाड़ी को आसपास से घेर लिया और ड्राइवर को नीचे उतरने का प्रयास किया। भीड़ से डर कर बोलेरो के चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी। सामने बाइक फांसी होने के बाद भी बोलेरो चालक बोलेरो लेकर भागता रहा। करीब बीस मीटर तक बाइक घसीटती रही फिर बंफर से निकल गई। बंफर से बाइक निकलने के बाद चालक ने बोलेरो की रफ्तार और बढ़ा दी। हालांकि कुछ लोगों ने अपनी गाड़ियों से पीछा किया और मिसरोद पुलिस थाने के पास बोलेरो को रोक लिया। इस दौरान बोलेरो का चालक गाड़ी से कूदकर भाग गया। बाग सेवनिया पुलिस ने बोलेरो वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला कर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है। साथ ही अनाधिकृत रूप से गाड़ी में हूटर लगाने की धाराओं में भी कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि कार मलिक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। पता चला कि गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। हूटर लगाने का कारण पूछा गया तो वह नहीं बता सका।

---

# युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने दी नृत्य व गायन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



विद्यार्थियों ने वंदे मातरम गायन कर देश के प्रति एकता एवं सद्भाव का संदेश दिया। इंसर्ट में कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. नागर व जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल गायन, सामूहिक गायन, लोक गीत, भाषण आदि प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम में



मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, समिति के सदस्य गुरमीत सिंह, माधव वासवानी, सर्वेश गौर, प्रीति नागर, प्राचार्य डॉ. मोहनलाल गढ़वाल उपस्थित रहे।

**वंदे मातरम गाकर स्वदेशी जागरण का लिया संकल्प**



राष्ट्रगीत गाते विद्यार्थी और शिक्षक

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चल रहे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठयक्रम के दौरान समाजसेवा की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट ने स्वदेशी की शपथ लेते हुए वंदे मातरम गायन कर देश के प्रति एकता एवं सद्भाव का संदेश दिया। इस दौरान ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार ने कहा कि वंदे मातरम देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। इस दौरान मेंटर प्रेनारायण सोनी, भूपेन्द्र नागर, रीना पवार, सिद्धार्थ चौहान, राहुल नागर उपस्थित थे।

---

शांति मंत्र का वाचन किया, दिए प्रवचन

## सकारात्मकता आगे बढ़ने का पहला कदमः गुरु मां विज्ञाश्री माताजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में प्रातः कालीन मंगल बेला में अभिषेक, शांतिधारा हुई। समाज अध्यक्ष सुनील जैन, महिला मंडल अध्यक्ष आशारानी जैन, वरिष्ठ मुकेश जैन, एलसी जैन ने बताया कि माताजी के मुखारविंद से शांति मंत्र का वाचन किया गया। तत्पश्चात प्रवचन सभा हुई, जिसमें मंगलाचरण कर भक्तों ने मंगल दीप प्रज्वलन किया।

उन्होंने कहा कि सकारात्मकता ही मंजिल तक पहुंचने की प्रथम सीढ़ी है। पूज्य माताजी के सानिध्य में दोपहर में धार्मिक कक्षाओं का आयोजन किया गया। शिरोमणि जैन, समता जैन, मयूरी जैन, श्वेता



धर्मसभा को संबोधित करतीं माताजी

जैन, इंद्र जैन ने बताया कि मंदिर में शाम को गुरु भक्ति एवं मंगल में आरती की गई।

---

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आयोजन

## निःशुल्क नेत्र और दंत जांच शिविर में 76 बैंकर्स पेंशनर का चेकअप



स्वास्थ्य शिविर में शामिल गणमान्य नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क नेत्र और दंत रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 76 लोगों की जांच की गई।

जांच के उपरांत सेवा सदन के नेत्र विशेषज्ञों ने परामर्श दिया। कार्यक्रम के दौरान बैंकर्स क्लब द्वारा मेडिकल विंग की स्थापना भी की गई, जिससे भविष्य में क्लब सदस्यों एवं उनके परिवारों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

**वंदे मातरम गाकर स्वदेशी जागरण का लिया संकल्प**

निःशुल्क नेत्र और दंत रोग जांच शिविर में बैंकर्स क्लब के अध्यक्ष सुंदर किशनानी, महासचिव गुलाब जेठानी, उपाध्यक्ष केएन शर्मा, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, सेवा सदन के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, ट्रस्टी एसी साधवानी, राजकुमार मूलचंदानी, केएल रामनानी, संत सेवक एलसी जनियानी, हीरो केसवानी, मुरली मुलानी सहित सेवा सदन की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

---

विद्यार्थियों को दी तकनीकों की जानकारी

## विज्ञान मेले में पेश किए बेहतरीन साइंस मॉडल



विज्ञान प्रदर्शनी में अपने विज्ञान मॉडल के साथ विद्यार्थी व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

छात्र-छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में गुर सिखाने व टेक्नोलॉजी की जानकारी देने के लिए शनिवार को वहरावल के न्यू लोटस पब्लिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल पेश किए। विद्यालय की संचालक सुनील गौर ने बताया कि छात्रों को आविष्कारों के प्रति लगनशील बनाने के लिए प्रदर्शनी का हर वर्ष आयोजन किया जाता है।

### गोवंश सिर मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**संतनगर।** उपनगर बैरागढ़ में गोवंश का सिर मिलने से हड़कंप मच गया। बाद में पता चला कि यह मामला ट्रेन कटिंग का था। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली



कि हनुमान मंदिर धोबीघाट के पास गोवंश का सिर कुत्ते नोच रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर देखा तो यह मामला ट्रेन कटिंग का लग रहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ समीप ही रेलवे फाटक के पास जाकर धड़ भी देखा। थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि यह ट्रेन कटिंग का मामला था। एक डेढ़ महीने गोवंश ट्रेन से कट गया था।

---

पांडेय ने परमहंस संत हिरदाराम के समाधि स्थल पर माथा टेका

आरएसएस के मध्यभारत प्रांत के प्रांत संघचालक बोले

# पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज के हर वर्ग को एक साथ लाना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्यभारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक बनवारी लाल का परमहंस संत हिरदाराम के समाधि स्थल सेवा संकल्प धाम पर आगमन हुआ। उन्होंने श्रद्धाभाव पूर्वक समाधि स्थल पर माथा टेका तथा सिद्ध भाऊ से भेंट कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

तत्पश्चात पांडे ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय का अवलोकन किया। सिद्ध भाऊ ने संघ द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्र कार्यों की सराहना की।



समाधि स्थल पर उपस्थित पांडेय, सिद्ध भाऊ व पदाधिकारी

**समाज के हर वर्ग को एक साथ लाना उद्देश्य**

पांडे ने राष्ट्रीय एकता एवं समाज के समग्र उत्थान के लिए संघ द्वारा निर्धारित पांच प्रमुख परिवर्तन क्षेत्रों का उल्लेख किया, जिन्हें संघ ने अपने शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाया है। ये पांच प्रमुख परिवर्तन क्षेत्र हैं, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, कुटुंब प्रबंधन और नागरिक कर्तव्य। इन पंच परिवर्तन के माध्यम से संघ का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को एक साथ लाना और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देना है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से इन परिवर्तनकारी प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया।

**आने वाले में समय में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में मिलेगी विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाएं**

जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने मध्यभारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडे को बताया कि आने वाले कुछ समय में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा उपचार मरीजों को मिलने लगेगा और यह मध्य भारत के लिये एक वरदान सिद्ध होगा।

# वित्त विभाग का निर्देश-टेंडर में 'बची' राशि से 'नए' काम नहीं करा पाएंगे विभाग

## विभागों को किसी भी स्थिति में बचत की राशि को राज्य की संचित निधि में वापस जमा करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा कराए जाने वाले पूंजीगत कार्यों में प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से कम राशि में टेंडर स्वीकृत होने पर हुई बचत की राशि से विभाग अतिरिक्त नवीन काम नहीं करा सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने सभी विभागों को इस संबंध में निर्देश दिए है कि यदि किसी विभाग द्वारा पूंजीगत कार्य हेतु पचास करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है और इसके लिए निर्माण एजेंसी तय की गई है। उस पूंजीगत कार्य की निविदा में निर्माण एजेंसी द्वारा 45 करोड़ में काम करने का अनुबंध किया गया है तो ऐसी स्थिति में मात्र 45 करोड़ के लागत कार्य कराये जाने चाहिए। शेष प्रशासकीय स्वीकृति से निविदत्त राशि कम प्राप्त होने पर जैसे इस मामले में पांच करोड़ रुपए कम में ठेका हो गया है तो बचे हुए पांच करोड़ से विभाग अतिरिक्त नवीन कार्य नहीं करा सकेंगे। विभागों एक साथ पूरी राशि स्थिति में बचत की राशि को राज्य की संचित निधि में वापस जमा करना होगा। विभाग निर्माण एजेंसी की बचत राशि जो राज्य की संचित निधि से आहरित कर अनुमति प्राप्त बैंक खातों में अंतरिम रूप से रखी गई है उसे 31 मार्च 2025 की स्थिति में संपूर्ण बचत राशि को विधि सामान्य सेवाएं, अदावाकृत जमा राशि शीर्ष में अन्य प्रक्रिया में तथा अर्जित ब्याज की संपूर्ण राशि को साइबर कोषालय के माध्यम से ब्याज प्राप्तियां अंतर्गत विविध प्राप्तियों में जमा कराना होगा।


फाइल फोटो

### अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

ऐसे विभाग पर कार्रवाई होगी। कार्रवाई जिनके पूंजीगत कार्य विभाग द्वारा स्वयं ही निविदा प्रक्रिया के आधार पर स्वयं के तकनीकी विंग के माध्यम से निष्पादित कराये जाते है उन मामलों में आवंटन की प्रक्रिया को निविदा शर्तों के अनुरूप ही किया जाए। इन निर्देशों का पालन नहीं करने पर इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी की विषय वस्तु मानते हुए शासकीय सेवक का उत्तरदायित्व निर्धारण कर शासकीय सेवक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### निकालने पर भी रोक

इसी तरह राशि का आहरण संवितरण एकमुश्त करना भी उचित नहीं होगा जबकि कार्य दीर्घकालिक अवधि के है। इसलिए ऐसे विभाग जहां पूंजीगत कार्य निर्माण एजेंसी जैसे पुलिस हाउसिंग विभाग, पीआईयू हाउसिंग बोर्ड, भवन विकास निगम, मार्कफेड, लघु उद्योग निगम के माध्यम से निष्पादित किए जाते हैं, में निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की राशि को प्रथम किश्त के रूप में 66 प्रतिशत एवं प्रदत्त राशि के 75 प्रतिशत उपयोग होने पर 3 प्रतिशत द्वितीय किश्त के रूप में आवंटन के अध्याधीन निर्देशों का निर्माण एजेंसी को पालन जरूरी उपलब्ध कराया जाए।

> इसी तरह राशि का आहरण संवितरण एकमुश्त करना भी उचित नहीं होगा

### खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का 4036 रु मॉडल रेट जारी

**भोपाल।** भावांतर योजना-2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 09 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है, जिन्होंने सोयाबीन की अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट में लगातार दो दिनों से वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### अनुभा को मिली क्लीन चिट, जांच में साबित नहीं हुए डीएफओ के आरोप

**भोपाल।** बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे को वन विभाग की जांच में क्लीन चिट मिल गई है। वन विभाग की डीएफओ नेहा श्रीवास्तव द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच वरिष्ठ अधिकारियों ने की, जिसमें विधायक पर लगाए गए आरोपों का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। जांच रिपोर्ट में वरिष्ठ अफसरों ने स्पष्ट किया कि शिकायत में किए गए दावे प्रमाणित नहीं हो पाए हैं। दरअसल, डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने 18 अगस्त को विधायक पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 16 अगस्त को बालाघाट के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में उनसे मुलाकात के दौरान कुछ अनुचित मांग की थी।

### बिहार के सीतामढ़ी में जानकी मैया के दर्शन कर बोले सीएम डॉ यादव

# संस्कृति, आस्था, स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है 'पुनौरा धाम'

*सीएम का पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया अभिनंदन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के सीतामढ़ी में मां जानकी की जन्म स्थली पुनौरा धाम के मंदिर में जानकी मैया के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में जानकी मैया की आरती कर आसमान भी किया। उन्होंने मप्र के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंदिर परिसर में पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की और कहा कि माता जानकी की यह जन्म स्थली (पुनौरा धाम) भारतीय संस्कृति, आस्था और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि माता जानकी समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चरणों में मप्र की जनता की ओर से प्रणाम कर सभी के मंगल की कामना करता हूं। डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने माता जानकी का जयघोष किया।

**खास बातें**
- मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की
- डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित थे श्रद्धालु


जानकी मैया की पूजा करते सीएम डॉ यादव

### माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला

पुनौरा धाम में दर्शन-पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला है। यह स्थान भगवान श्रीराम के रामराज्य का समय, माता सीता से स्वयंवर तथा विवाह के बाद इस स्थान से अयोध्या जाने का स्मरण कराता है। हमें भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा मिलती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में हिंदु-मुस्लिम सभी भाईयों ने मिलकर श्री राम का भव्य मंदिर बनवाया है। देश में धार्मिक पर्यटन को कैसे बढ़ाया जा सकता है, यह हमने काशी, अयोध्या, प्रयागराज और उज्जैन में भी देखा है। बाबा महाकाल के महालोक से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।

### सीतामढ़ी में जनकपुरी धाम के निर्माण के लिए राशि मंजूर की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीतामढ़ी में जनकपुरी धाम के निर्माण के लिए राशि मंजूर की है, इससे पूरा क्षेत्र और बिहार सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध होते हुए स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। बिहार की धरती सम्राट अशोक के काल से सदैव लोगों को आकर्षित करती रही है। इसी धरती पर भगवान श्री कृष्ण के पुत्र साम्ब ने भव्य सूर्य मंदिर बनाया था। बिहार और मप्र का संबंध हर कालखंड में प्रगाढ़ रहा है। दोनों ही राज्यों में डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग का कल्याण करते हुए आगे बढ़ रही है।*

### प्रपत्र वितरण की 52.7 प्रतिशत प्रगति की ली जानकारी

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने नरेला एवं हुजूर में किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मप्र संजीव झा ने रविवार को गोविंदपुरा स्थित एसडीएम कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 151-नरेला एवं 155-हजूर में प्रचलित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झा ने प्रपत्र मुद्रण की 100 प्रतिशत तथा प्रपत्र वितरण की 52.7 प्रतिशत प्रगति की जानकारी ली। कुल 11.20 लाख प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है।

सीईओ के निरीक्षण के दौरान नरेला एवं हजूर क्षेत्र के एसडीएम उपस्थित रहे। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारीगण तत्काल अपने-अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित करें और आज रात तक अधिकतम मैपिंग कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं बीएलओ प्रतिदिन सुबह 9 बजे से फील्ड पर उपस्थित रहें तथा कार्य की नियमित समीक्षा करते रहें। उन्होंने अधिकारियों को हिदायतें दी कि कार्य में कोताही नहीं होनी चाहिए।


नरेला-हुजूर में एसआईआर का सर्वे करते बीएलओ।

### प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ के कार्य की प्रति 3-4 घंटे समीक्षा की जाए एवं प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए। जहां कार्य की गति धीमी हो, वहां संबंधित अधिकारी स्वयं फील्ड पर जाकर बीएलओ के साथ मिलकर कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की नियमितता, गुणवत्ता, शुद्धता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य समय पर और सटीक रूप से पूर्ण हो सके।*

### एसआईआर कार्य की ऑन-लाइन प्रगति

भोपाल जिले में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया में काफी प्रगति दर्ज की गई है। चुनाव आयोग का मानना है कि भोपाल में एसआईआर के तहत फील्ड पर कार्य इससे बहुत अधिक हुआ है, कुछ बीएलओ ने एप में सही तरह से प्रविष्ठि न करने से ऑन-लाइन डाटा कम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे आने वाले दिनों में अपडेट कर लिया जाएगा।

*भोपाल जिले में एसआईआर की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है -*
- ▶▶ बीएलओ प्रशिक्षण - 2029 (100%)
- ▶▶ ईएफ गणना प्रपत्र प्रिंटिंग 21,25,908 (100%)
- ▶▶ गणना प्रपत्र वितरण 11,20,350 (52.70%)
- ▶▶ मतदाता की मैपिंग 7,31,312(34.40%)

### एसआईआर पर कांग्रेस दफ्तर में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय 152 दक्षिण पश्चिम विधानसभा एसआईआर के संबंध में की प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से भोपाल के प्रभारी रवि जोशी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा पीसीसी से नियुक्त ट्रेनर राहुल परमार, कांग्रेस मतदाता पुन परीक्षण के प्रदेश प्रभारी ललित सेन, सह प्रभारी आरिफा प्रदेश कांग्रेस, एसआईआर कमेटी के सदस्य जीपी धनोपिया एवं नेता प्रतिपक्ष नगर निगम शबिस्ता जकी, पार्षद गुड्डू चौहान, पूर्व पार्षद दिलीप राय, पूर्व पार्षद राज सिंह, पूर्व पार्षद अमित शर्मा पूर्व पार्षद संतोष कसाना, एसआईआर के कांग्रेस से दक्षिण पश्चिम विधानाभा के प्रभारी ब्रजेश खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दीपू तोमर, उप ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश मारण, ओम प्रकाश रजक कांग्रेस के सभी वार्ड अध्यक्षगण उपस्थित रहे।



## सियासतनामा



### दिग्विजय-जीतू को नाथ-उमंग ने दे दी शिकस्त

कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने कमलनाथ को अब तक कोई जवाबदारी नहीं सौंपी। छिंदवाड़ा के एक कार्यक्रम और भोपाल स्थिति बंगले में डिनर पालीटिक्स के अलावा वे कहीं ज्यादा सक्रिय भी दिखाई नहीं पड़े। इस बीच युकां प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में उनके समर्थक पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया की जीत ने सभी को चौंका दिया। चुनाव में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कमलनाथ के प्रत्याशी का साथ दिया। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की जोड़ी कुछ नहीं कर पाई। इस तरह युकां के चुनाव को कांग्रेस में नई जोड़ी के उदय के तौर पर देखा जाने लगा है। यह आगे क्या गुल खिलाती है, देखने लायक होगा। लंबे समय तक बड़े-छोटे भाई के तौर पर चर्चित रहे कमलनाथ - दिग्विजय के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं।

### हाईकोर्ट के रुख से खतरे में निर्मला की सदस्यता

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल बीना विधायक निर्मला सप्रे की स्थिति अधर में है। वे विधायक तो हैं लेकिन किस दल में है, यह उन्हें भी पता नहीं। सदस्यता बचाने के लिए पार्टी में शामिल होने के बावजूद उन्होंने भाजपा की सदस्यता नहीं ली। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उनकी सदस्यता समाप्ति के लिए सबसे पहले विधानसभा स्पीकर का दरवाजा खटखटाया। विधानसभा अध्यक्ष ने कोई फैसला नहीं लिया तो वे हाईकोर्ट पहुंचे। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पूछा कि 16 माह बाद भी विधानसभा स्पीकर ने निर्मला के बारे में निर्णय क्यों नहीं लिया, जबकि 90 दिन में फैसला लेने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश हैं। साफ है कि हाईकोर्ट का रुख सख्त है। सवाल है कि क्या अब भी निर्मला अपनी सदस्यता बचा लेंगी?

### मंत्री लोधी को देनी पड़ गई सफाई

प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मेंद्र लोधी 45 मिनट फ़ेसबुक लाइव पर बैठे पर इसमें कह बैठे कि 'बिहार में शराबबंदी को लेकर कठोर कदम उठाने होंगे। हालांकि, वहां शराबबंदी है। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया तो लोधी ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि फेसबुक लाइव पर मैं विधानसभा में चल रहे घटनाक्रम पर बात कर रहा था। जब तक व्यक्ति संकल्पित होकर नशा नहीं छोड़ता तब तक सुधार संभव नहीं है। विपक्ष ने फेसबुक लाइव के मेरे 45 मिनट के वीडियो में से कुछ हिस्सा निकालकर तोड़-मरोड़कर पेश किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार, गुजरात में हमारी सरकार ने कठोरता से शराबबंदी लागू की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र के 15 धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी की है।

### दिल्ली पहुंचा इंदौर में कांग्रेस की कलह का मसला

इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय को लेकर कहे गए अपशब्दों का मसला दिल्ली कांग्रेस हाईकमान तक पहुंच गया है। हालांकि इस पर चिंटू चौकसे की सफाई भी आ गई है। उनका कहना है कि मैं उनके खिलाफ कुछ बोलना तो दूर सपने में भी नहीं सोच सकता। विवाद भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ के शीतलामाता बजार से मुस्लिमों को बाहर करने की मुहिम के बीच दिग्विजय के इंदौर पहुंचने से जुड़ा है। दूसरे दिन चिंटू ने जिला स्तरीय समन्वय बैठक में दिग्विजय का बिना नाम लिए कहा कि अब इंदौर में कोई भी बड़ा या छोटा नेता आए, उसे पहले शहर और जिला संगठन से चर्चा करनी होगी, तभी कार्यक्रम तय होगा। इसके बाद समर्थक सुरजीत सिंह चड्ढा ने चिंटू को फोन लगाकर कहा कि बैठक में आपको ऐसा नहीं बोलना चाहिए था। इस बातचीत का ऑडियो वायरल हो गया।

### अब दिग्विजय ने उमर खालिद को बता दिया निर्दोष

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह मुस्लिम समाज से जुड़े मामलों पर बोलने के मामले में चर्चित हैं। अब जेल में बंद उमर खालिद को लेकर दिया गया उनका बयान चर्चा में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली दंगों के आरोप में बंद उमर खालिद हिस्ट्री का छात्र है। सुशिक्षित व्यक्ति है। उसके ऊपर जो भी जुर्म हैं, उसका निराकरण करना चाहिए। उसे साढ़े पांच साल से जेल में पटक रखा है। उस पर अभी आरोप ही सिद्ध नहीं हुआ है। बयान आते ही पूरी भाजपा दिग्विजय के खिलाफ मैदान में उतर आई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि दिग्विजय हमेशा आतंकियों और पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आते हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी'

### मप्र के 8 नगर निगमों को 972 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी, केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने दी मंजूरी


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के नगरीय क्षेत्रों में डीजल ईंधन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा में इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रदेश के 8 नगर निगमों में 972 पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। यह बसें शीघ्र संचालित हों, इसके लिए नगरीय निकायों की ओर से बस डिपो और चार्जिंग से जुड़े सभी अधोसंरचना कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

### नगरीय निकायों में स्वीकृत पीएम ई-बसें

*केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने जिन नगर निगमों में ई-बसों की मंजूरी दी है, इनमें भोपाल में 195, इंदौर में 270, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 200, उज्जैन में 100, सागर में 32, देवास में 55 और सतना में 20 ई-बसें शामिल हैं। नगरीय निकायों में ई-बस सेवा का संचालन जल्द शुरू हो, इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने संबंधित निकायों को बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन से जुड़े अधोसंरचना के सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिए संबंधित नगरीय निकायों को केन्द्र सरकार की ओर से 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की ओर से 40 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में चार्जिंग पाइंट अधोसंरचना निर्माण के लिए केन्द्र सरकार 100 प्रतिशत राशि प्रदाय कर रही है।*

### राज्य मंत्रिमंडल से स्वीकृति प्राप्त हुई थी, मिले थे 63 करोड़

# वन विभाग ने बिल्डिंग को बेचा, फिर से खरीदने पर 12 करोड़ का नुकसान

- *वन मुख्यालय के बेचे गए तीन फ्लोर विभाग ने फिर खरीदे, जैव विविधता बोर्ड, ईको टूरिज्म बोर्ड और बांस मिशन के ऑफिस होंगे शिफ्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन विभाग ने अजब गजब कारनामा कर दिया है। पहले अपनी संपत्ति को दूसरे विभागों को ज्यादा दाम में बेच दिया था। फिर से खरीदने पर 11 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। राजधानी भोपाल के तुलसी नगर स्थित नवीन वन मुख्यालय भवन के वे तीन फ्लोर, जिन्हें वर्ष 2023 में विभिन्न सरकारी विभागों को विक्रय किया गया था, अब पुनः वन विभाग ने ही खरीद लिये हैं।

इसके लिए हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल से स्वीकृति प्राप्त हुई थी और पूरक बजट में इस हेतु 63 करोड़ 75 लाख 23 हजार 320 रुपये का प्रावधान किया गया था। उल्लेखनीय है कि ये तीनों फ्लोर पूर्व में श्रम विभाग के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, श्रम कल्याण मंडल, असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार मंडल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम तथा खनिज विभाग के स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन को बेचे गये थे और उनकी विधिवत रजिस्ट्री भी की जा चुकी थी। बाद में विभागीय समीक्षा में यह निर्णय लिया गया कि जैव विविधता बोर्ड, ईको टूरिज्म बोर्ड और बांस मिशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय, जो वर्तमान में शहर के अलग-अलग स्थानों पर किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं, उन्हें एक ही परिसर में समेकित किया जाना चाहिए। इसी कारण वन विभाग ने ये तीनों फ्लोर पुनः क्रय कर लिये हैं और अब इनकी रजिस्ट्री भी विभाग के नाम से संपन्न हो चुकी है।

### वोट चोरी कर किसान के बेटे अभिषेक को युवा कांग्रेस चुनाव में हराया

राहुल गांधी बताएं रजिस्ट्रेशन और चुनाव लड़ने के नाम पर साढ़े 8 करोड़ की ठगी का जिम्मेदार कौन?

# राहुल गांधी बताएं युवा कांग्रेस के चुनाव में साढ़े आठ लाख वोट किसके कहने पर किए गए चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि राहुल गांधी बताएं मप्र में युवा कांग्रेस चुनाव में साढ़े आठ लाख वोट होल्ड और रिजेक्ट किए, यह किसने चुराए। उन्होंने कांग्रेस से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या यह वोट राहुल गांधी के इशारे पर चोरी हुए हैं? कांग्रेस नेताओं ने मप्र में युवा कांग्रेस के चुनाव में वोट चोरी कर किसान के बेटे अभिषेक परमार को हराया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लखन घनघोरिया के बेटे यश को चुनाव में जिताया। कांग्रस पार्टी का यह चुनाव भी वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति की भेंट चढ़ गया है। मंत्री सारंग रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।


फाइल फोटो

उन्होंने कहा कि मप्र में हाल ही में संपन्न हुए युवा कांग्रेस के चुनाव में जमकर वोट चोरी हुई है। राहुल गांधी देशभर में वोट चोरी के मिथ्या आरोप लगा रहे हैं, जबकि उनकी अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी के अंदर ही वोट चोरी हो गए हैं। राहुल गांधी ने मप्र युवा कांग्रेस की वोट चोरी की है। राहुल गांधी की अगुवाई में मप्र में युवा कांग्रेस के चुनाव कराए गए, जिसमें वोट चोरी हुए।

### कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास नहीं करती

मंत्री सारंग ने कहा कि युवा कांग्रेस चुनाव में उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई थी, लेकिन अशोकनगर जिले के चंदेरी विधानसभा के निवासी 44 वर्षीय संतोष सिंह को मतदान के लिए पात्र कर दिया। इसी तरह अंजुम खान भी सदस्य बनीं, जिनकी उम्र मतदाता सूची के आधार पर 36 साल है। चंद उदाहरण बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी के अंदर कोई लोकतंत्र नहीं है। साथ ही यह भी सिद्ध होता है कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रित व्यवस्था पर विश्वास नहीं करती।

### किसी भी अदालत में कोई याचिका दायर नहीं की

सारंग ने कहा कि किसी भी अदालत में कोई याचिका दायर नहीं की। राहुल गांधी स्वयं जानते हैं कि मैं अदालत गया तो मेरी झूठ का भांडा फूट जाएगा, इसलिए वह सिर्फ आरोप लगाते हैं। देशभर में घूम-घूमकर वोट चोरी के आरोप लगाने वाले राहुल गांधी मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी के अंदर हुए वोट चोरी को लेकर कुछ नहीं बोल रहे हैं। मैं कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से पूछता हूं कि जब लोकतंत्र का मखौल ही उड़ाना था तो युवा कांग्रेस चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराकर मप्र के भोलेभाले युवाओं से पैसे क्यों वसूले।

## पेज एक का शेष....

### 20 जिलों की....

का इस्तेमाल करेंगे। इस चरण में प्रत्येक बूथ पर औसतन 815 मतदाता दर्ज हैं, जो शांतिपूर्ण मतदान की उम्मीद को संतुलित रखते हैं। दूसरे चरण में बिहार के 20 जिलों गया, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, नवादा, भागलपुर, बांका, जमुई, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में वोटिंग होगी। दूसरे और अंतिम चरण में 1302 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 136 महिलाएं, 1165 पुरुष और एक थर्ड जेंडर कैंडिडेट शामिल हैं। इस चरण में 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 595 महिला संचालित, 91 दिव्यांगजन संचालित और 316 मॉडल बूथ शामिल हैं। इस चरण में सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की जाएगी, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो सके।

### यह चुनाव गुंडों...

और सज्जनों की शक्ति बढ़ाने के संकल्प का चुनाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच है। कंस और श्री कृष्ण एक ही कुलवंश के थे, लेकिन बिहार की जनता जानती है किसे चुनना है। परिवारवादी पार्टियों को यदि मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसभाओं के मंच से अपार जनसमूह के बीच पहुंचकर हाथ जोड़कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनडीए की सरकार गरीब से गरीब आदमी के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री भी गरीब परिवार से आते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी साधारण परिवार से आते हैं और उनके नेतृत्व में बिहार लगातार विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माहौल बता रहा है मोतिहारी की चमक कमल की तरह और तेजी से बढ़ने वाली है। देश और बिहार की जनता प्रधानमंत्री मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके कामों के लिए जानती है। एक तरफ मोदी देश बदल रहे हैं, तो दूसरी तरफ नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बड़े बदलाव आए हैं।

### अब अपराधी पाकिस्तान...

सैनिक आतंकियों को देखते ही उन पर गोली चला देते हैं, उन्हें दिल्ली से पूछने की जरूरत भी नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं तो यहां कहां से सुरक्षित रहेंगे?

### आरएसएस 'बॉडी ऑफ ...

हम ब्रिटिश सरकार के साथ पंजीकृत होते? उन्होंने बताया कि आजादी के बाद भारत सरकार ने ऐसे संगठनों के लिए पंजीकरण को अनिवार्य नहीं बनाया है। भागवत ने कहा हम 'बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स' के रूप में वर्गीकृत हैं और एक मान्यता प्राप्त संगठन हैं। संघ प्रमुख ने बताया कि आयकर विभाग और अदालतों ने भी आरएसएस को बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स के रूप में मान्यता दी है, जिसके कारण संगठन को आयकर से छूट मिली हुई है। भागवत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था? उन्होंने आगे कहा कि कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं। उन्होंने अपने बयान में जोड़ा कि यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। डॉ. भागवत ने कहा कि संघ हमेशा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का सम्मान, श्रद्धांजलि और रक्षा करता आया है। उन्होंने बताया कि 1933 में राष्ट्रीय ध्वज तय करने वाली समिति ने भगवा रंग की सिफारिश भी की थी, लेकिन महात्मा गांधी ने तीन रंगों वाला तिरंगा चुना। भागवत ने कहा हमारा भगवा अपना है और तिरंगा हमारा राष्ट्रीय प्रतीक दोनों में कोई टकराव नहीं है। गौर हो कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनके बेटे तथा कर्नाटक के मंत्री प्रियंक ने हाल ही में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। संघ प्रमुख बेंगलुरु में 'संघ यात्रा के 100 सालः नए क्षितिज' नाम की दो दिन की व्याखानमाला को संबोधित करते रहे थे।

### संघ में आने...

कि शाखा में आने वाले लोगों से उनकी जाति या धर्म नहीं पूछा जाता। उन्होंने जोड़ा हम यह नहीं गिनते कि कौन किस जाति या धर्म से है। हमारे लिए सब भारत माता के सपूत हैं। यही संघ की कार्यप्रणाली है।

### पाकिस्तान को तब....

जितनी ज़्यादा कोशिश करेगा, उतना ही अधिक नुकसान उसे होगा। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान ने 1971 में हमला किया था और भारत के हाथों अपनी 90,000 सैनिकों की पूरी सेना खो दी थी।

### निर्माणाधीन मकान की ...

बन गया। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन एक निर्माणाधीन दीवार का हिस्सा गिर गया और कुछ घरों में रखे बर्तन अपने आप नीचे गिर पड़े। ग्रामीणों ने बताया कि झटके के दौरान नई आबादी क्षेत्र में कुछ क्षणों के लिए कंपन महसूस हुआ। इसी दौरान सरपंच प्रतिनिधि शंकर सोलंकी के घर के पास एक निर्माणाधीन दीवार का हिस्सा गिर गया।

इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार देवेंद्र कुमार दानगढ़ आरआई, पटवारी और पुलिस के साथ रात में ही मचून गांव पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और पूरे इलाके का निरीक्षण किया। टीम ने प्रभावित स्थानों का जायजा लेकर आवश्यक जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी है। आवश्यक होने पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी।

### आज से रीवा ....

नियमित लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। रीवा से दिल्ली के लिए अभी 72 सीटर विमान चलेगा। रीवा एयरपोर्ट से सीएम डॉ. मोहन यादव और एलायंस एयर के एटीआर 72 को दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिए रवाना करेंगे। शुभारंभ सुबह 11 बजे से शुरू होगा। रविवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### 5 जिलों में ...

शाजापुर में सीवियर कोल्ड वेव रही। यहां रात का पारा 8 डिग्री से कम रहा। रीवा, शहडोल और जबलपुर में कोल्ड वेव रही। यहां पारा नॉर्मल से 5 से 6 डिग्री तक कम दर्ज हुआ है। रविवार को छह जिलों में रात का पारा 8 डिग्री या इससे कम रहा है। इनमें शाजापुर 6.6, इंदौर, राजगढ़ 7, भोपाल 8, सीहोर 8.3 और शहडोल में न्यूनतम पारा 8.4 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास, शाजापुर, आगर, रीवा, मऊगंज, शहडोल, उमरिया और जबलपुर में कोल्ड वेब और कुछ जिलों में सीवियर कोल्ड वेव रहेगी।

### कार ने मारी ....

बैठे अमन ताम्रकार को दरवाजा खोलकर बाहर खींच लिया और बाकी दो साथियों को निकालने की कोशिश की, लेकिन कार के दरवाजे लॉक होने से वे फंस गए। इस तरह अभिषेक और अमन तो बाहर निकल आए, मगर विकास और प्रशांत अंदर ही रह गए।

### नौसेना के 2....

खजूरी सड़क किसी से मिलने पहुंचे। रात ढाई बजे से 3 बजे के बीच दोनों जवान श्यामला हिल्स की ओर लौट रहे थे। इस दौरान रक्षा विहार कॉलोनी के सामने मुबारकपुर टोल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद भागने की फिराक में ट्रक चालक ने उन्हें बीस मीटर तक घसीट दिया था।

### जो जिलाध्यक्ष बैठक...

तौर पर राहुल गांधी ने दस पुशअप लगवाए। शिविर में दो मिनट की देरी से पहुंचने पर राहुल ने सजा स्वरूप खुद भी 10 पुशअप लगाए। ट्रेनिंग के दौरान सचिन राव ने कहा देरी से आने पर हमारे यहां यही सजा है। रविवार सुबह राहुल गांधी पचमढ़ी के गांधी चौक पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पिता राजीव गांधी द्वारा 1989 में अनावरण की गई गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### गिरोगे, लेकिन फिर ....

सत्र की खास बात यह रही कि राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के साथ मार्शल आर्ट की पोशाक पहनकर फिटनेस और फोकस पर आधारित 30 मिनट का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति भी मार्शल आर्ट की तरह है। गिरोगे, लेकिन फिर उठकर लड़ना ही जीत की कुंजी है। भाजपा की विचारधारा से मुकाबला मोहब्बत और धैर्य से करना है। राहुल ने समझाया कि नकारात्मकता का जवाब सकारात्मकता से देना है और मोहब्बत की दुकान का संदेश संगठन के हर स्तर पर पहुंचना चाहिए।

# धुएं में 'जहर', इंडिया गेट पर हल्ला बोल

**हिरासत में लिए गए कई प्रदर्शनकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी समेत एनसीआर में पराली जलाने की घटनाओं व वाहनों से निकलने वाले धुएं ने हवा में पीएम2.5 को घोल दिया है। ऐसे में लगातार चौथे दिन हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रही।

ऐसे हालातों से तंग आकर रविवार को दिल्लीवासियों के सब्र का बांध टूट गया। दिल्ली के निवासियों ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मांग की है कि सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नीतियां बनाए। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। प्रदर्शन कर रहीं दिल्ली निवासी नेहा ने कहा, यह समस्या वर्षों से चली आ रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह हमारे संवैधानिक अधिकारों का हनन है। हम 10 वर्षों से इससे जूझ रहे हैं। किसी को भी नागरिकों के स्वास्थ्य और अधिकारों की परवाह नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि हम किसका इंतजार कर रहे हैं, और हम कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? यहां शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन लोगों को घसीटकर बसों में ठूंसा जा रहा है। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यह स्वच्छ हवा का मामला है। दिल्ली के निवासियों द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से नीति बनाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान इंडिया गेट पर भारी सुरक्षा तैनात की गई है।



**बीते 24 घंटे में एक्यूआई में 9 अंकों की वृद्धि**

दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, हवा में पराली से होने वाला प्रदूषण 5.38 रहा। इसके अलावा सोमवार को 1.958 फीसदी रहने की आशंका है। वहीं, वाहन से होने वाला प्रदूषण 14.52 फीसदी रहा। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 370 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 9 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

**लगातार 26वें दिन खराब हवा रही**

सीपीसीबी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने रविवार को लगातार 26वें दिन खराब हवा में सांस ली। इस सीजन में 14 अक्तूबर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई थी। इसके बाद से लगातार ही प्रदूषण का स्तर खराब या बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है।

## पन्नाः खदान में किसान को एक साथ मिले 5 हीरे



**पन्ना।** पन्ना के सिरस्वाहा गांव के एक किसान की किस्मत उस वक्त चमक उठी, जब उसे एक साथ 5 नग छोटे-बड़े हीरे मिले। इन हीरों का कुल वजन 5.79 कैरेट है। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी गई है। किसान ने यह सभी हीरे हीरा कार्यालय में जमा कराए हैं, जहां इन्हें बोली के लिए रखा जाएगा। सिरस्वाहा गांव के किसान ब्रजेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी जमीन पर छह साथियों के साथ मिलकर खुदाई का कार्य शुरू किया था। किसान ने बताया कि इन हीरों को पाकर उनकी मेहनत रंग लाई और अब वे इस रकम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की योजना बना रहे हैं।

## अंडमान सागर में 5.4 तीव्रता का भूकंप

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान सागर में रविवार को 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, लेकिन किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

# कैंप गोमगुड़ा क्षेत्र में आईईडी प्लांट की तैयारी में थे नक्सली, गिरफ्तार




**पांच लाख के ईनामी थे दो नक्सली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

दो नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया है। छग शासन की ओर से इन पर पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित है। दोनों नक्सली कैम्प गोमगुड़ा क्षेत्रांतर्गत सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की योजना की तैयारी में आए हुए थे। थाना चिंतलनार में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार नक्सली जिला बीजापुर के थाना पामेड़ के निवासी हैं। इन नक्सलियों की गिरफ्तारी थाना चिंतलनार, डीआरजी सुकमा एवं 203 कोबरा वाहिनी की संयुक्त कार्रवाई से हुई है। ग्राम भीमापुरम जंगल के पास विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़े गए।

**बरामद की गई सामग्री**

नक्सलियों से पूछताछ करने पर अपना नाम ताती बंडी पिता ताती हड़मा मिलिशिया कमांडर ईनामी तीन लाख (35), निवासी ग्राम गोमगुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर एवं पदाम हड़मा पिता पदाम हांदा डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनामी दो लाख (45), निवासी ग्राम गुण्डराजगुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर का होना बताया। इनके कब्जे से 9 नान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, जिलेटिन रॉड 5, कोर्डेक्स वायर लगभग 45 फीट, बिजली वायर लगभग 55 मीटर, फ्यूज वायर लगभग 14 फिट बरामद किया गया है।

**ईपीएफओ ने खत्म कर दिया झंझट**

# नौकरी बदलते ही नए अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा पीएफ का पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नौकरी बदलते ही पीएफ ट्रांसफर का झंझट अब खत्म होने जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नया ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम शुरू किया है, जो 2025 से पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि जब भी कोई कर्मचारी नई नौकरी जॉइन करेगा, उसका पुराना पीएफ बैलेंस अपने आप नए एम्प्लॉयर के अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा। अब न तो किसी फॉर्म की जरूरत होगी, न पुराने ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ेंगे। पहले सिस्टम में कर्मचारियों को फॉर्म-13 भरना होता था। पुराने और नए दोनों एम्प्लॉयर से वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के बाद ही पैसा ट्रांसफर होता था। इस पूरे काम में 1 से 2 महीने लग जाते थे, और कई बार क्लेम रिजेक्ट भी हो जाता था। हर साल लाखों क्लेम लंबे समय तक पेंडिंग रहते थे।




**फ्राड की संभावनाएं होंगी खत्म**

नए ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम से अब यह परेशानी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। ईपीएफओ का कहना है कि इससे 10 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि यह सिस्टम पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस होगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी बल्कि यूएएन के आधार पर ट्रांसफर होने से फ्रॉड की संभावनाएं भी कम होंगी।

# सीजेआई बोले-कानूनी सहायता केवल दान नहीं, नैतिक कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधान न्यायाधीश

सीजेआई बीआर गवई ने रविवार को कहा कि कानूनी सहायता महज परोपकार का कार्य नहीं है, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है और कानूनी सहायता अभियान में लगे लोगों को प्रशासनिक कल्पना के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

'कानूनी सेवा दिवस' के मौके पर सीजेआई ने नीति नियोजन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए क्रमशः नालसा और एसएलएसए में एक सलाहकार समिति के गठन का सुझाव दिया। जिसमें वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष और दो या तीन भावी कार्यकारी प्रमुख शामिल हों। उन्होंने कहा, साथ ही, कानूनी सहायता अभियान में शामिल सभी लोगों को, चाहे वे अधिकारी हों, प्रशासक हों या स्वयंसेवक, अपनी भूमिका को प्रशासनिक कल्पना के साथ निभाना चाहिए। कानूनी सहायता केवल परोपकार का कार्य नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है।

यह शासन की एक कवायद है, यह सुनिश्चित करने की कि कानून का शासन हमारे देश के हर कोने तक फैले। सीजेआई ने कहा कि उन्हें न्याय के प्रशासकों की तरह सोचना चाहिए, योजना बनानी चाहिए, समन्वय करना चाहिए और नवाचार करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया, किया गया प्रत्येक दौरा वास्तव में किसी जरूरतमंद व्यक्ति का उत्थान करे।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6043



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6042 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6053

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6052 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** – परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** – मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** – आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** – खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** – कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## खबर संक्षेप

### ओरिएंट ग्रीन का लाभ करीब 110 करोड़ रु. दर्ज

**चेन्नई।** ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी के अनुसार दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 135.45 करोड़ और एबिटडा 104.31 करोड़ दर्ज हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 80.94 करोड़ और शुद्ध लाभ मार्जिन 60 फीसदी दज हुआ। वही पहली छमाही में कंपनी कुल आय 228.62 करोड़ रुपए, एबिटडा 170.23 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 109.56 करोड़ रुपये रहा।

### एलीटकॉन का शुद्ध लाभ 207 करोड़ रहा

**मुंबई।** एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की है। कंपनी का परिचालन राजस्व 2,192 करोड़ रुपए रहा, जो तिमाही-दर-तिमाही 318 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी अवधि में कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ 117.19 करोड़ रुपए रहा, जिसमें 62.58 फीसदी की वृद्धि हुई। कंपनी का परिचालन राजस्व 3,735 करोड़ रुपए तथा शुद्ध लाभ 207.59 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

### विनिर्माण क्षमता का विस्तार किया मित्सु केम ने

**मुंबई।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड ने मौजूदा संयंत्रों में लगभग 655 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की नई क्षमता वृद्धि की घोषणा की है। यह कदम मित्सु की निरंतर विकास रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के 2028 तक 1,000 करोड़ वार्षिक राजस्व के दीर्घकालिक लक्ष्य को समर्थन देना है। इस विस्तार के साथ, मित्सु की कुल परिचालन क्षमता लगभग 28,424 मीट्रिक टन प्रति वर्ष से बढ़कर लगभग 29,079 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

### केआरएन हीट का मुनाफा दोगुना हुआ

**राजस्थान।** केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 के दूसरी तिमाही के लिए अपने असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 227.22 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 29.60 करोड़ रुपए हुआ और शुद्ध लाभ 23.66 करोड़ रुपए पहुंच गया जो कि वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 95.38 फीसदी दर्ज हुई।

### स्किपर ने किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**मुंबई।** स्किपर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। कंपनी का राजस्व 12,618 मिलियन रहा, जो 14 फीसदी साल-दर-साल वृद्धि दर्शाता है, जबकि एबिटडा 1,307 मिलियन और अपवादात्मक मदों से पूर्व शुरू लाभ 32 फीसदी बढ़कर 449 मिलियन हुआ। पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 25,156 मिलियन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा।

### पारिवारिक ड्रामा अब जी5 पर स्ट्रीम

**मुंबई।** जी5 की नई वेब सीरीज थोड़े दूर थोड़े पास की कास्ट और क्रू के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। 7 नवंबर को जी5 पर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है। इस कार्यक्रम में उत्साह से भरी शानदार मौजूदगी देखने को मिली, जिसमें मोना सिंह, कुनाल रॉय कपूर, अमोल पराशर, आहना कुमरा, मंजोत सिंह, मिहिर आहूजा और कई अन्य शामिल थे।

### 'हाउ-डनिनट' जॉनर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर

**मुंबई।** टिस्का चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म साली मोहब्बत इस साल के अंत में जी5 पर रिलीज के लिए तैयार है। इसमेंराधिका आप्टे, दिव्येंदु शर्मा, अनुराग कश्यप, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और शरत सक्सेना ने मुख्य किरदार निभाए हैं। जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा के स्टेज5 प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस की गई ये थ्रिलर-ड्रामा बेहद मशहूर डिजाइनर की पहली डिजिटल फिल्म है।

---

**जीएसटी दर में कटौती का असर**

# वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में बढ़कर 40.2 लाख यूनिट हुई

कमर्शियल व्हीकल की बिक्री में 17.7 प्रतिशत की बिक्री दर्ज

वाहनों की कुल बिक्री बीते वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक जीएसटी रेट कटौती और फेस्टिव सीजन में बढ़ी मांग के कारण इस वर्ष अक्टूबर में भारत में वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़कर 40.2 लाख यूनिट हो गई, जो कि बीते वर्ष की समान अवधि से 40.5 प्रतिशत की जबरदस्त बिक्री को दर्शाती है। बीते वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 28.7 लाख यूनिट था। अक्टूबर में वाहनों की बिक्री में टू-व्हीलर सेगमेंट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

फाडा द्वारा टू-व्हीलर बिक्री को लेकर जारी आंकड़ों के अनुसार टू-व्हीलर की बिक्री में 51.8 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया, जिसके बाद यह बढ़कर 31.5 लाख यूनिट हो गई। इसके अलावा, पैंसेजर व्हीकल 11.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 5.57 लाख यूनिट हो गए। फाडा ने कहा कि कमर्शियल व्हीकल की बिक्री में 17.7 प्रतिशत की बिक्री दर्ज की गई, जो कि बढ़कर 1.08 लाख यूनिट हो गए।

इसके अलावा, ट्रैक्टर की बिक्री भी 14.2 प्रतिशत बढ़कर 73,577 यूनिट दर्ज की गई है। वहीं, थ्री-व्हीलर वाहनों की बिक्री बढ़कर 1.30 लाख यूनिट हो गई, जो कि 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। फाडा ने कहाकि 42 दिन की फेस्टिव अवधि में वाहनों की खुदरा बिक्री को लेकर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया गया। वाहनों की कुल बिक्री बीते वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत बढ़ी। अक्टूबर में दीपावली और दशहरा का पर्व मनाया गया था। इसके अलावा, जीएसटी रेट में कटौती के कारण ग्रामीण भारतीयों के खर्च में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**अक्टूबर का महीना भारत में ऑटो रिटेल के लिए एक यादगार महीना**



चार पहिया वाहन

फाडा के प्रेसिडेंट सी.एस. विग्नेश्वर और मध्यप्रदेश ईकाई के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर का महीना भारत में ऑटो रिटेल के लिए एक यादगार महीने के रूप में देखा जाएगा। वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 40.5 प्रतिशत से बढ़ी है। दोनों ही यात्री वाहनों और टू-व्हीलर ने लाइफटाइम हाई प्राप्त करने में बड़ी सफलता दर्ज की है। वाहनों की बिक्री में आया यह उछाल ग्राहकों में एक नए विश्वास को और मजबूत आर्थिक गतिविधियों को दर्शाता है। फाडा के अनुसार यात्री वाहनों की बिक्री में 23 प्रतिशत, टू-व्हीलर वाहनों की बिक्री में 22 प्रतिशत, कमर्शियल वाहनों की बिक्री में 15 प्रतिशत, ट्रैक्टर्स की बिक्री में 14 प्रतिशत, थ्री-व्हीकल की बिक्री में 9 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। इसके अलावा, प्रोजेक्ट डिले और टाइट फाइनेंसिंग के कारण कंस्ट्रक्शन इक्विप्मेंट को लेकर 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।



दो पहिया वाहन

**कंपनियों की बिक्री स्थिति**

- मारुति सुजुकी - 2.39 लाख कारें, 18 फीसदी बढ़ोतरी
- टाटा मोटर्स - 75,352 यूनिट
- महिंद्रा- 67,918 यूनिट
- ह्यूंडई- 7 फीसदी की गिरावट, कुल बिक्री

**दोपहिया वाहन निर्माता**

- हीरो मोटोकॉर्प- 9,94,787 यूनिट
- होंडा टू-व्हीलर- 48 फीसदी बढ़कर 8,21,976 यूनिट
- टीवीएस मोटर- 58 फीसदी बढ़कर 5,58,075 यूनिट

---

## अक्टूबर-नवंबर खरीफ मार्केटिंग सीजन का पहला महीना


# जोरदार आवक, सरकारी खरीदी के अभाव में खरीफ फसलों का भाव एमएसपी से नीचे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खरीफ फसलों की कटाई- तैयारी होने से राजधानी सहित मध्यप्रदेश और प्रमुख उत्पादक राज्यों की विभिन्न मंडियों में खरीफ उपज भारी आवक हो रही है। इसके फलस्वरूप प्रमुख दलहनों, तिलहनों एवं मोटे अनाजों का थोक मंडी भाव घटकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहा है जिससे किसानों को लाभप्रद वापसी के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि अक्टूबर- नवंबर 2025 के दौरान केवल धान और ज्वार का भाव सरकारी समर्थन मूल्य से ऊंचा रहा। मालूम हो कि अक्टूबर- नवंबर खरीफ मार्केटिंग सीजन का पहला महीना होता है। बासमती धान के लिए एमएसपी का निर्धारण नहीं होता है जबकि सामान्य या गैर बासमती श्रेणी के धान की खरीदी सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाती है। अक्टूबर माह के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं तमिलनाडु जैसे राज्यों में धान की आवक हुई।

**तुअर के नए माल की आपूर्ति अगले दो महीने में**



खरीफ सीजन की फसलें

**एमएसपी पर पहुंचने की संभावना बहुत कम**

बाजार जानकार सुगंधीलाल रोहित जैन के अनुसार तिलहनों का थोक मंडी भाव दिसंबर 2025 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पहुंचने की संभावना बहुत कम है। नवंबर से सोयाबीन एवं मूंगफली की सरकारी खरीदी आरंभ होने वाली है। किसान इसके अधिकांश स्टॉक की बिक्री दिसंबर तक कर चुके होंगे, इसलिए बाजार कुछ मजबूत होता है तो उसे ज्यादा लाभ नहीं मिल पाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय अनुसार नौ प्रमुख जिंसों- तुवर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, बाजरा, ज्वार एवं धान का थोक मंडी भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे बना रहा। उल्लेखनीय है कि चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द का 7800 रुपए, तुवर का 8000 रुपए, मूंग का 8768 रुपए तथा मसूर का समर्थन मूल्य 6700 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

म्यांमार विश्लेषकों के अनुसार आगामी समय में तुवर जैसी कुछ कृषि जिंसों का भाव मजबूत रह सकता है क्योंकि बाढ़-वर्षा से मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र एंव अन्य राज्यों में इसकी फसल प्रभावित हुई है और इसका उत्पादन घटने की संभावना है, लेकिन कीमतों में अच्छी तेजी तभी संभव हो पाएगी। जब सरकार इसके आयात को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए और स्वयं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इसकी भारी खरीद सुनिश्चित करे। खरीफ कालीन उड़द एवं मूंग के नए माल की आवक भी शुरू हो चुकी है जबकि तुवर के नए माल की आपूर्ति अगले दो महीने से आरंभ होने की संभावना है।

---

### वेदांता ने एल्युमिनियम और जिंक इंडस्ट्रियल पार्क की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के औद्योगिक और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए वेदांता लिमिटेड ने ओडिशा और राजस्थान में क्रमशः गैर-लाभकारी एल्युमिनियम और जिंक इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने की घोषणा की है।यह घोषणा वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल द्वारा की गई, जिन्होंने बताया कि ये पार्क नवाचार, उद्यमिता और औद्योगिक उत्कृष्टता के जीवंत केंद्र बनेंगे, जो धातु, विनिर्माण और उन्नत तकनीक के क्षेत्र में भारत की वृद्धि को गति देंगे। वेदांता ने युवा उद्यमियों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को आमंत्रित किया है कि वे 2 करोड़ रुपए से 50 करोड़ रुपए या उससे अधिक के निवेश के साथ इन परियोजनाओं में भाग लें। इन पार्कों से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत की वैश्विक औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

---

**टीम की खिलाड़ियों को कारें समर्पित**

## टाटा मोटर्स महिला क्रिकेट विजेता टीम के हर खिलाड़ी को देगी कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महिला क्रिकेट टीम ने इस साल वर्ल्ड कप जीतकर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। अब देश की ऑटोमोबाइल दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स ने इन विजेताओं के सम्मान में बड़ा कदम उठाया है।

कंपनी ने घोषणा की है कि वह 25 नवंबर 2025 को लॉन्च होने वाली अपनी फ्लैगशिप एसयूवी (टाटा सिएरा) का पहला बैच भारतीय महिला क्रिकेट टीम को गिफ्ट करेगी। इस दौरान टीम की हर




खिलाड़ी को मिलेगा इस एसयूवी का टॉप मॉडल, जिसमें कंपनी की नवीनतम टेक्नोलॉजी और फीचर्स शामिल होंगे। यह कारें टीम की उन खिलाड़ियों को समर्पित हैं।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स के बोर्ड ने फंड जुटाने के लिए मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके निदेशक मंडल ने कंपनी के शेयरधारकों और अन्य वैधानिक, नियामक अनुमोदनों के अधीन रहते हुए अधिकतम 250 करोड़ रुपये की राशि क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशनल बायर्स के माध्यम से और 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड के जरिए जुटाने की मंजूरी दी है। यह भी घोषणा की कि उसने चाइपेक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता हस्ताक्षर किए हैं।

---

**गुड़ के शीरे पर 50 फीसदी निर्यात टैक्स भी हटा**

## केंद्र सरकार ने चीनी मिलों को दी 15 लाख टन चीनी निर्यात करने की इजाजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अगले चीनी सीजन 2025-26 में करीब 15 लाख टन चीनी निर्यात करने की इजाजत दी जाएगी। साथ ही, गुड़ की छाछ यानी शीरे पर लगने वाला 50 फीसदी निर्यात टैक्स भी हटा दिया गया है। इससे चीनी मिलों को बेहतर दाम मिलेंगे। किसानों को जल्दी पेमेंट हो सकेगा। ये कदम किसानों की मदद के लिए उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने ये सारी बातें बताईं। जनवरी 2025 में जब चीनी



चीनी मिलों को बेहतर दाम मिलेंगे

के मिल भाव गिर रहे थे, तब केंद्र ने 10 लाख टन चीनी निर्यात की परमिशन दी थी। इससे देश में अतिरिक्त चीनी का स्टॉक मैनेज हो गया। पहले 3370 रुपये प्रति क्विंटल थे, जो 3700 से 3930 रुपये तक पहुंच गए। अब 2025-26 सीजन के लिए भी 15 लाख टन निर्यात की मंजूरी दी गई है।

**किसानों की मांग और मिलों की उम्मीद**

*चीनी उद्योग के सूत्र बता रहे हैं कि खाद्य मंत्रालय ने सैद्धांतिक रूप से 15 लाख टन निर्यात को हां कह दिया है। लेकिन हाई-पावर ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स से अंतिम मंजूरी बाकी है। मिल वाले कम से कम 20 लाख टन निर्यात चाहते थे। इससे अतिरिक्त उत्पादन का बोझ कम होता। गन्ने के बकाया पेमेंट समय पर चुकते। एक सीनियर अधिकारी ने कहाकि हमें उम्मीद है कि दिसंबर 2025 के बाद बाकी 5 से 10 लाख टन की इजाजत मिल जाएगी। वो 20 लाख टन की मांग कर रहे थे। प्रह्लाद जोशी ने चिट्ठी में लिखा कि केंद्र की कई किसान हितैषी नीतियों से गन्ने के बकाया पेमेंट की स्थिति सुधरी है। पूरे देश में और कर्नाटक में भी। 2014 से पहले किसान पेमेंट के लिए धरने करते थे। अब समय पर पैसे मिल रहे हैं। कर्नाटक में 2022-23 और 2023-24 सीजन के बकाया जीरो हैं। 2024-25 सीजन में सिर्फ 50 लाख रुपये बाकी हैं। ये आंकड़े 30 सितंबर 2025 तक के हैं।*

---

**रिजर्व बैंक का एक नया सर्कुलर जारी**

# सोने की तरह अब चांदी को भी ग्राहक रख सकेंगे बैंकों में गिरवी, सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल / नई दिल्ली

अभी तक सराफा बाजार में गिरवी के व्यवसाय से जुड़े लोग ही चांदी गिरवी रखकर जरूरतमंद को उधार में राशि देते थे, लेकिन अब कॉमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, रीजनल रूरल बैंक, कोऑपरेटिव बैंक, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां भी चांदी को गिरवी रख कर लोन उपलब्ध कराएंगे।

इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चांदी पर लोन देने की अनुमति दे दी है। अभी तक बैंक और वित्तीय संस्थान केवल सोने पर ही लोन




गहनों और सिक्कों को गिरवी रखकर भी ले सकेंगे लोन

उपलब्ध कराते थे, लेकिन अब लोग अपने पास रखी चांदी के गहनों और सिक्कों को गिरवी रखकर भी कर्ज ले सकेंगे। यह सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी।

गौरतलब है कि सोने या चांदी की ब्रिक्स (बुलियन) पर उपभोक्ताओं को लोन नहीं मिलेगा। इसी तरह गोल्ड या सिल्वर से जुड़े निवेश (जैसे ईटीएफ या म्यूचुअल फंड) पर भी लोन नहीं ले पाएंगे।

अक्सर ऐसे समय आते हैं जब लोगों को तुरंत पैसों की जरूरत होती है। ऐसे में अब सोने के साथ-साथ चांदी भी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने का साधन बन सकती है। नए नियमों के अनुसार सोने के गहनों पर अधिकतम 1 किलो तक लोन लिया जा सकता है। चांदी के गहनों पर अधिकतम 10 किलो तक लोन मिलेगा। सोने के सिक्कों पर 50 ग्राम तक और चांदी के सिक्कों पर 500 ग्राम तक गिरवी रखकर लोन लिया जा सकेगा।

**आरबीआई ने तय की लोन टू-वैल्यू रेशियो**

आरबीआई ने इस स्कीम के लिए लोन की सीमा भी तय की है। 2.5 लाख रुपये तक के लोन पर 85 फीसदी तक की राशि मिलेगी। 2.5 लाख से 5 लाख रुपये तक पर 80 फीसदी तक लोन मिलेगा। 5 लाख रुपये से ऊपर के लोन पर 75फीसदी तक की राशि ही मंजूर होगी। इसके अलावा लोन पूरा चुकाने के बाद बैंक या संस्था को 7 वर्किंग डेज के भीतर गहने या चांदी लौटानी होगी। देरी होने पर बैंक को उधारकर्ता को 5000 रुपये प्रति दिन का मुआवजा देना होगा। अगर कोई व्यक्ति लोन नहीं चुकाता है, तो बैंक या एनबीएफसी सिल्वर या गोल्ड का ऑक्शन (नीलामी) कर सकता है। लेकिन उससे पहले उधारकर्ता को नोटिस देना जरूरी होगा। ऑक्शन के समय रिजर्व प्राइस कम से कम 90 फीसदी तय किया जाएगा।

---

## सेबी ने पेश किया एआईएफ इन्वेस्टर्स के राइट्स को लेकर ड्राफ्ट सर्कुलर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सेबी ने अल्टरनेटिव इनवेस्टमेंट फंड (एआईएफ) में निवेशकों के निवेश के अनुपात में उनके अधिकार पर एक ड्राफ्ट सर्कुलर जारी किया। मार्केट रेगुलेटर ने इसमें कहा है कि क्लोज्ड-एंडेड एआईएफ स्कीम में इनवेस्टमेंट प्रोसिड्स के डिस्ट्रिब्यूशन के मामले में इनवेस्टर के अधिकार उसके टोटल कमिटमेंट या अनड्रॉन कमिटमेंट पर आधारित होने चाहिए। इस ड्राफ्ट सर्कुलर में कहा गया है कि एआईएफ स्कीम के इनवेस्टर्स का




ऐसे इनवेस्टमेंट में उसके कंट्रिब्यूशन के प्रो-राटा बेसिस पर प्रोसिड्स के डिस्ट्रिब्यूशन में अधिकार होगा।

### ब्लू क्लाउड ने किया टीओटी समझौता

**नई दिल्ली।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने इजराइल की एक प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ लगभग 150 मिलियन डॉलर मूल्य का टेक्नोलॉजी ओनरशिप ट्रांसफर समझौता किया है। इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां मिलकर एज-एआई चिप्स विकसित करेंगी, जो आने वाली पीढ़ी के एआईओटी और औद्योगिक ऑटोमेशन अनुप्रयोगों को संचालित करने के लिए डिजाइन किए गए उन्नत सेमीकंडक्टर सिस्टम हैं। 150 मिलियन डॉलर के इस समझौते में ब्लू क्लाउड सॉफ्टटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा पांच वर्ष की रणनीतिक निवेश योजना शामिल है।

## डिजिटल गोल्ड खरीदने वालों को सेबी ने किया सावधान, जारी की बड़ी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय बाजार नियामक सेबी ने डिजिटल गोल्ड में निवेश करने वालों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सेबी ने कहा है कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ऐसे डिजिटल गोल्ड और ई-गोल्ड प्रोडक्ट बेच रहे हैं, जो उसके नियामक दायरे में नहीं आते। इसका मतलब है कि अगर कोई कंपनी डिफॉल्ट करती है या कोई गड़बड़ी होती है, तो निवेशकों को किसी तरह की सुरक्षा नहीं मिलेगी। कई बड़ी कंपनियां जैसे तनिष्क, एमएमटीसी पीएएमपी,



सेबी ने दी सतर्क रहने की सलाह

आदित्य बिड़ला कैपिटल, कैरेटलेन, फोनपे आदि डिजिटल गोल्ड का ऑफर देती हैं। उदाहरण के तौर पर तनिष्कअपनी वेबसाइट पर कहता है कि ग्राहक सिर्फ 100 रुपए से निवेश शुरू कर सकते हैं और किसी भी समय इसे रिडीम कर सकते हैं।

---

## बिजनेस न्यूज

### सर्वेश्वर का राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन के साथ समझौता

**मुंबई।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन के साथ रणनीतिक समझौते की घोषणा की। यह सहयोग सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के वैश्विक बाजारों में अपने विस्तार और प्रीमियम भारतीय चावल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू की शर्तों के तहत, दोनों पक्षों ने 50,000 मीट्रिक टन भारतीय चावल की खरीद और निर्यात के लिए वाणिज्यिक व्यवस्थाओं का अन्वेषण करने के अपने इरादे को व्यक्त किया है। यह खरीद लगभग यूएसडी 173.9 करोड़ रुपए के मूल्य की है, जो कॉस्ट एंड फ्रेट आधार पर होगी।

### हेलिओस ने किया 'हेलिओस स्मॉल कैप फंड' का शुभारंभ

**मुंबई।** हेलिओस म्यूचुअल फंड ने 'हेलिओस स्मॉल कैप फंड' लांच करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मुख्य रूप से स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश करेगी। इस नई फंड पेशकश की अवधि 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2025 तक रहेगी। फंड का बेंचमार्क 'निफ्टी स्मॉल कैप 250 टी आरआई होगा और यह हेलिओस के अनुसंधान-आधारित, दृढ़ विश्वास पर आधारित निवेश दृष्टिकोण पर आधारित है। हेलिओस इंडिया के सीईओ और एमडी दिनशॉ ईरानी ने कहाकि घरेलू निवेश की निरंतर मजबूती ने इक्विटी बाजारों को हाल की अनिश्चितताओं और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव से उबरने में मदद की है।

### सात्विक की सहायक कंपनी को 299.40 करोड़ रु. के ऑर्डर मिले

**गुरुग्राम।** सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने घोषणा की कि इसकी सहायक कंपनी सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को सोलर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए कुल ?299.40 करोड़ के नए ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। ये ऑर्डर सोलर पीवी मॉड्यूल की रिपीट आपूर्ति के लिए हैं और इनका निष्पादन दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच संबंधित डेवलपर्स की परियोजना समयसीमा के अनुरूप किया जाएगा। इस उपलब्धि पर सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत माथुर ने कहाकि प्रमुख स्वतंत्र विद्युत उत्पादक कंपनियों और ईपीसी से लगभग 300 करोड़ रुपए के ये नए रिपीट ऑर्डर सात्विक की गुणवत्ता, क्षमता और निष्पादन विश्वसनीयता पर मजबूत भरोसे का प्रमाण हैं।

### जल्पक ने की नवीन फंडिंग राउंड के सफल समापन की घोषणा

**इंदौर।** फूड प्रोसेसिंग कंपनियों में से एक जल्पक फूड्स इंडिया प्रा. लि. ने अपनी नवीनतम फंडिंग राउंड के सफल समापन की घोषणा की है। इस दौर का नेतृत्व प्रतिष्ठित निवेशक आदित्य कुमार हलवासिया ने किया। जिन्होंने कंपनी में 4 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की है। साथ ही उन्हें अगले 9 महीनों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.9 फीसदी तक करने के लिए इक्विटी वॉरंट्स भी जारी किए गए हैं।

### ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड का मान्यता प्राप्त सप्लायर बना मेडन

**मुंबई।** मेडन फोर्जिंग्स लिमिटेड को एक बड़ी उपलब्धि मिली है कंपनी को ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड, मुरादनगर के केंद्रीकृत विक्रेता पंजीकरण प्रक्रिया के तहत आधिकारिक रूप से आपूर्तिकर्ता के रूप में पंजीकृत किया गया है। यह नया पंजीकरण, एमएफएल के पहले से मौजूद ओएफबी कोलकाता पंजीकरण के साथ जुड़कर, कंपनी के भारत के रक्षा विनिर्माण तंत्र से बढ़ते जुड़ाव में एक और रणनीतिक मील का पत्थर साबित हुआ है।

### धरन इंफ्रा ने किया स्काइमैक्स से 215 करोड़ का सप्लाई एग्रीमेंट

**मुंबई।** धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी धरन इंफ्रा सोलर प्रा. लि. ने स्काइमैक्स इंफ्रापावर लिमिटेड के साथ एक सप्लाई एग्रीमेंट साईन किया है। इस कॉट्रेक्ट वेल्यू लगभग 215 करोड़ रुपए है। यह एग्रीमेंट मुख्य रूप से डिजाइन, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के कार्यों को शामिल करता है, जो 75 मेगावाट एली सोलर प्रोजेक्ट के लिए किए जाएंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर**
**साऊथ सिविल लाईन चीफ जस्टिस बगले के पीछे जबलपुर पिन. न. 482001**

दूरभाष क्र/ फैक्स क्र. 0761-2678279 ई-मेल eepwdbrijbp@nic-in

निविदा सूचना क्रमांक 10/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/का.य./सेतु/2025-26 जबलपुर दिनांक 07.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं:-

| स. क्र. | पोर्टल टेंण्डर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु.राशि (रू.लाख में) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_461326_1 | पाण्ढुर्णा | पुल कार्य | पाण्ढुर्णा जिला अंतर्गत रिधोरा-घोघरी-खापा मार्ग पर जाम नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण | प्रथम | रू.375.29 | केवल ऑन लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_461334_1 | जबलपुर | पुल कार्य | जबलपुर जिला अंतर्गत एन.एच. 30 डोंदरिया -मोहस मार्ग में कोहा नाला पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण | प्रथम | रू.409.61 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21/11/2025 शाम 18.00 बजे निर्धारित है। विस्तुत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाईड में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेबसाईड पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सेतु**
**संभाग जबलपुर**

जी - 21237/25

स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# पाक को समझाने की सही रणनीति अपना रहा भारत

पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दुओं की हत्या कर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया था, नतीजतन भारत ने पाक को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। भारतीय सैन्य बल ने ऐसा कौशल दिखाया कि चंद मिनटों में ही पाक स्थित आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने कश्मीर में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। भारत पर एक के बाद एक हमले शुरू कर दिए, लेकिन हमारे सुरक्षा कवच के सामने उसके सारे प्रयास बौने सबित हुए। इसके बाद शुरू हुई भारतीय सेना की कड़ी कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। पाक हुकूमरान संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने फरियाद लगाने पहुंच गए। भारत संघर्ष विराम पर सहमत तो हुआ किन्तु यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि पाकिस्तान ने फिर किसी आतंकवादी वारदात को अंजाम दिया तो भारत इसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसी के साथ भारत ने यह भी साफ कर दिया कि जब तक पाक नहीं सुधरता सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान है कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा। वो रह रहकर ऐसे हरकतें करता रहता कि किसी भी तरह से भारत की शांति को प्रभावित किया जा सके। 1947 में पाकिस्तान गठन के बाद से उसके हुकूमरानों की हर कोशिश रही है कि किसी भी तरह से भारत को परेशान रखा जाए। यही कारण रहा कि आजादी के चंद दिनों बाद ही उसने कश्मीर पर धावा बोल दिया। ऐसा ही प्रयास उसने 1971 में भी किया, लेकिन उसकी इस नापाक हरकत का परिणाम यह निकला कि पाक के दो टुकड़े हो गए। उसके 90000 सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इसके बावजूद पाकिस्तान नहीं सुधरा। वो कहावत है कि कुत्ते की दुम चाहे 20 साल तक भी नली में डालकर रखी जाए तब भी वह सीधी नहीं होती। ऐसा ही हाल पाक का भी है। उसके बाद उसने कारगिल पर उस समय कब्जे का प्रयास किया, जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर पाकिस्तान गए हुए थे। उसकी इस हरकत का भारतीय सैनिकों ने ऐसा जवाब दिया कि पाक ने शहीद हुए अपने सैनिकों को ही अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद भी रह रहकर पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे भारत की शांति को भंग करने का प्रयास करता रहा। अब 2014 के बाद से हालात बदल चुके हैं। अब उसकी इन हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। अब आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत ने भी यही कहा है कि दिल्ली को उसी भाषा में बात करनी चाहिए जो वे समझते हैं। हमें उनकी बार-बार की कोशिशों के लिए तैयार रहना होगा। हमें उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा, उन्हें हमेशा हराना होगा, हर बार उन्हें ऐसा नुकसान पहुंचाना होगा कि उन्हें पछतावा हो। ऐसे लगातार जवाब आखिरकार पाकिस्तान को अपना रवैया बदलने पर मजबूर कर देंगे। जब यह चलता रहेगा तो एक दिन पाकिस्तान समझ जाएगा। हम चाहते हैं कि वे यह समझें और फिर शांतिपूर्ण पड़ोसी बन जाएं। हमारी तरक्की के साथ हम उन्हें भी तरक्की करवाएंगे। आरएसएस प्रमुख ने बिलकुल सही कहा है। भारत भी अब इसी रणनीति पर चल रहा है।

# लोकतंत्र में मतदाता की बढ़ी भागीदारी



चुनाव
प्रमोद भार्गव

मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यत: एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिषत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी माकपा सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में जिस बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया, वह पहली बार देखने में आया है। 64.66 प्रतिशत हुए इस मतदान में लोगों की सजगता तो दिखी ही, जंगलराज के लिए बदनाम रहे बिहार में निर्भीक मतदान कराने में निर्वाचन आयोग की भी अहम भूमिका रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को कितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, यह तो परिणाम के बाद ही तय होगा, लेकिन उन्होंने पूरे बिहार में स्वच्छ व निडर मतदान के लिए जो अभियान चलाया, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रवासी मतदाताओं के मुद्दे को न केवल प्रशांत ने उठाया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के उपाय भी बताए। इस कारण प्रवासी मतदाताओं ने देशभर से बिहार आकर चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इसीलिए यह मतदान राज्य में हुए अब तक के चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है। पहले चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। शेष सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। अब संभावना है कि वोट का प्रतिशत 65 से भी ऊपर जा सकता है ?

अंदाजा लगाया जा रहा है कि इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए लोगों का निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत है। कांग्रेस और राजद इसे बदलाव के रूप में देख रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ राजग गठबंधन का दावा है कि मत प्रतिशत बढ़ने से राजग की सीटों में इजाफा होगा। पारंपरिक नजरिये से मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यतः एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचालित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

बावजूद मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालातंर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा ? लेकिन



2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना सम्मान निधि योजना को अमल में लाकर महिलाओं को रिझाकर अपनी जीत पक्की कर ली थी। इसी तर्ज पर बिहार में भी बड़ी संख्या में महिलाओं को एक मुश्त 10 हजार रुपये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देकर भाजपा-जदयू की जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। अत एव यह कहना उचित नहीं लगता कि मतदान का बढ़ा प्रतिशत सत्ताविरोधी रूझान है।

इस बढ़े प्रतिशत का कारण मतदान के लिए बनाई गईं वे अनुकूल स्थितियां भी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। चुनाव से पहले मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई हुई। इसके चलते बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर शिकंजा कसा और बड़ी संख्या में मतदाता बाहर हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार का प्रमुख छठ पर्व पड़ा, जिसके कारण बिहार के जो लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे, वे त्योहार के बहाने बिहार पहुंचे और मतदान भी किया। दूसरे चरण के मतदान के लिए भी प्रवासी रुके हुए हैं। इंडिया गठबंधन ने भी महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और प्रत्येक परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा करके जो बड़ा दांव चला है, वह भी वोट-प्रतिशत बढ़ने का एक कारण रहा है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया ने सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित किया है। इस कारण एक समय जो वोट प्रशांत किशोर की सुराज पार्टी की तरफ झुकता दिखाई दे रहा था, वह राजग के विरुद्ध ध्रुवीकृत हुआ और उसने शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी की। राजद अपनी जीत का आधार यादव और मुस्लिम वोटों के बने समीकरण को मानकर चल रहा है।

इधर, बड़े मतदान में रेलवे ने दावा किया है कि 13 हजार से अधिक रेलें चलाकर 3 करोड़ से भी ज्यादा मतदाताओं को बिहार की धरती पर पहुंचाकर उसने मतदान में बड़ी भागीदारी कराई है। बिहार आने-जाने वाले लोगों को बीस प्रतिशत किराए में छूट भी दी गई है। दूसरी तरफ बिहार राज्य परिवहन निगम की बसों में भी बीस से तीस प्रतिशत तक की छूट के साथ दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के लिए विशेष बसें चलाई गई हैं। साफ है, डबल इंजन की सरकार का यह फार्मूला क्या परिणाम देता है, यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चलेगा, किंतु मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम इस प्रक्रिया ने फिलहाल कर दिया है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे, लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। बिहार के मतदाता के समक्ष चुनावी प्रलोभनों की कसौटी जरूर है, लेकिन मतदाता अपने दायित्व के प्रति भी सजग हुआ है। इस कारण भी मत-प्रतिशत बढ़ा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती पर विशेष

डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी



# नैतिक-सामाजिक मजदूर नीति के वे 'ध्वजवाहक'

एक समय विशुद्ध कम्युनिस्ट चीन में दत्तोपंत ठेंगड़ी के मजदूरों को दिए गए उदबोधन का प्रसारण चीनी रेडियो से हुआ था। ठेंगड़ी जी का नारा था 'देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम।' कार्ल मार्क्स व दत्तोपंत जी में यही मूल अंतर था। मार्क्स की मजदूर नीति शासकीय व आर्थिक स्वीकार्यता की धुरी पर घूमती थी जबकि ठेंगड़ी जी की नीति नैतिक व सामाजिक स्वीकार्यता के आधार पर कार्यरत रहती थी।

मार्क्स के सौ वर्ष बाद जन्मे दत्तोपंत ठेंगड़ी अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से संपूर्ण मार्क्सवाद को, अपने व्यक्तिवाद से नहीं अपितु भारतीय दर्शन से खारिज कर करते हैं। यही कारण है कि भारत वर्ष में ही नहीं बल्कि विश्व भर के मजदूर-किसान और श्रमिक वर्ग में दत्तोपंत जी का नाम अत्यंत आदर और श्रद्धा के साथ लिया जाता है। भारत में मजदूर संगठन और मजदूर राजनीति के अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील तत्व को पहले पहल दत्तोपंत जी ने ही समझा और आत्मसात किया था। दत्तोपंत जी कानून की शिक्षा प्राप्त कर वकील बने किंतु वकालत उन्हें रास न आई और वे आरएसएस के प्रचारक रूप में कार्य करने लगे। प्रचारक के तपस्वी कार्य पर निकलने की प्रेरणा के मूल में गुरुजी गोलवलकर का सान्निध्य और उनके साथ किए प्रवास ही रहे।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूल विचारों से प्रेरित दत्तोपंत जी 1942 से 1945 तक केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक के दायित्व को निर्वहन कर 1945 से सन 1948 तक बंगाल में प्रांत प्रचारक के दायित्व को संभाले रहे। 1949 में गुरूजी ने ठेंगड़ी जी को मजदूर क्षेत्र का संगठन और नेतृत्व करने का आदेश दिया। इसके बाद तो जैसे दत्तोपंत जी का जीवन किसान व मजदूर क्षेत्र की ही पूंजी बन गया। ठेंगड़ी जी ने संस्कार भारती, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, भारतीय विचार केंद्र, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत आदि संगठनों की स्थापना में सूत्रधार की भूमिका का निर्वहन किया था। अपने 50 वर्षीय कार्य जीवन में ठेंगड़ी जी से इस देश का शायद ही कोई मजदूर क्षेत्र और संगठन अछूता रहा होगा। देश के सभी मजदूर संगठन और इनसें जुड़े लोगों को दत्तोपंत जी में अपना स्वाभाविक नेतृत्व और विश्वस्त मुखिया का आभास और विश्वास मिलता था। दलित संघ, रेलवे कर्मचारी संघ, कृषि, शैक्षणिक, साहित्यिक आदि विविध क्षेत्रों के संगठनों को उनके सक्रिय और वैचारिक मार्गदर्शन का लाभ मिला।

प्रचंड वाणी, तीव्र प्रत्युत्पन्नमति, तेज किंतु संवेदनशील मष्तिष्क के धनी दत्तोपंत जी ने अपने जीवन में मजदूरों-किसानों के संगठन और उनके हितों को अपना ध्येय मान सादा जीवन जीया व मृत्युपर्यंत सक्रिय रहे। तीव्र मेघा एवं संज्ञेय बुद्धि के धनी ठेंगड़ी जी ने अपने जीवन काल में 26 हिंदी, 12 अंग्रेजी और 2 मराठी पुस्तकें लिखी। इनमें से 'राष्ट्र' और 'ध्येय पथ पर किसान' नामक किताबें मजदूर वर्ग और कार्यकर्ताओं में प्रकाश स्तंभ के रूप में पढ़ी जाती हैं। ठेंगड़ी जी संघ के विराट संसार में जैसे एक घूमते-विचरते धूमकेतु थे। 1955 से 1959 तक मध्यप्रदेश तथा दक्षिण में भारतीय जनसंघ की स्थापना और जगह-जगह पर जनसंघ के विस्तार का कार्य भी किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य रहे और भारतीय बौद्ध महासभा, मध्य प्रदेश शेडयूल कास्ट फेडरेशन के कार्यों की सतत निगरानी करते रहे। इन सभी कार्यों को करते हुए दत्तोपंत जी ने 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर संघ का स्थापना यज्ञ पूर्ण किया। आज भारतीय मजदूर संघ एक करोड़ से अधिक सदस्यों एक विराट संगठन है। 1967 में उन्होने भारतीय श्रम अन्वेषण केंद्र की स्थापना कराई। भारतीय संसद में 12 वर्षों तक राज्यसभा के सदस्य रहते हुए भारतीय मजदूर संघ का ध्वज उठाए दत्तोपंत जी ने अनेकों देशों की यात्राएं की थी। पूरे विश्व में मजदूर संगठनों के कार्यक्रमों में इन्हें बुलाया जाता रहा। विश्व के सभी छोटे-बड़े देशों सहित चीन और अमेरिका के मजदूर संगठनों के कार्यों और पद्धतियों में ठेंगड़ी जी ने अपनी छाप छोड़ी थी।

## आज से एटीआर 72 की भी उड़ान शुरू

# विंध्य की उड़ान को लगे 'पंख'




राजेंद्र शुक्ल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है। 10 नवंबर 2025 का दिन कई पीढ़ियों की परिकल्पना और सपने को यथार्थ में परिवर्तित होने दिन है जब एटीआर 72 वायुयान दिल्ली के लिए उड़ान भरेगा। हम शीघ्र ही इंदौर से वायुमार्ग से जुड़ने वाले हैं। अगले चरण में मुंबई, पुणे, बेंगलुरु जैसे शहरों से सभी इसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे। 20 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री ने रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया था। इसके साथ ही रीवा- दिल्ली और रीवा-इंदौर के लिए हवाई उड़ान का पथ प्रशस्त हुआ। इस हेतु इंडिगो और एलायंस एयर को प्रस्ताव भेजा गया। आज का दिन इसी प्रयत्न का प्रतिफल है। रीवा का हवाईअड्डा चरणबद्ध तरीके से विकसित होने की प्रक्रिया में है। पांच साल के भीतर ही रीवा का हवाई अड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैयार रहेगा। देश में मोदी और प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि अगले पांच वर्षों के भीतर यह सब पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। विंध्य की आशाओं के केंद्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो रहा है। रीवा इंदौर की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। शहरी विकास की रेटिंग एजेंसियां रीवा को संभावनाओं का महानगर बता रहे हैं। इन्हीं सबके आधार पर मैं यह कहता हूं कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य के उन्नत उडान के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है। रीवा में एयरपोर्ट और उड़ानों के फलितार्थ होने में भी परिश्रम की पराकाष्ठा शामिल है। मैं आभारी हूं तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज का, मुझे वह तारीख 13 जनवरी 2015 आज भी याद है जब उन्होंने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को रीवा में एयरपोर्ट की संभावनाओं के अध्ययन के लिए पत्र लिखा। इसके बाद वह सिलसिला चल निकला। प्रधानमंत्री ने किफायती दरों वाली उड़ान योजना लांच की तो उन्हीं की कृपा से रीवा उड़ान में शामिल हो गया। सिंधिया ने जब से उड्डयन विभाग की कमान संभाली रीवा एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रदेश सरकार से कहा कि हमें रीवा के लिए 258 एकड़ भूमि और चाहिए। मुख्यमंत्री ने बिना वक्त गंवाए इसके लिए 209 करोड़ रुपए उपलब्ध करा दिए।

(लेखक मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)

## सटाका




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

पहली बार कैंसर दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

*- सतीश जायसवाल, सरायपाली*

## ट्रेंड


### सराहनीय पहल



सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 80,000 से अधिक निर्णयों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की पहल वास्तव में सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस उल्लेखनीय प्रयास को उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों द्वारा भी आगे बढ़ाया जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### गुमराह कर रहे



कांग्रेस 'वोट चोरी' का भ्रम फैलाकर बिहार की जनता को गुमराह कर रही है। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं। सच यह है कि कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं बचा, इसलिए झूठ फैलाना ही राजनीति का नया तरीका बन गया है।

**- राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**


### अचानक ट्रेन क्यों



रेल मंत्री को जवाब देना चाहिए कि मतदान से ठीक पहले 3 नवंबर 2025 को हरियाणा से बिहार के लिए विशेष ट्रेनें क्यों चलाई गईं। अचानक इसकी क्या जरूरत हो गई थी। जबकि बिहार को त्यौहार तो छट पूजा तो इससे पहले ही पहले ही पूर्ण हो चुका था, फिर अचानक ट्रेन क्यों।

**- कपिल सिब्बल, कांग्रेस नेता**

### मां की डांट



दिवाली गिफ्ट और मां की डांट। मां ने टीशर्ट्स दी, मैंने कपड़े और कुछ कैश दिया जिसे मां ने दिखाने से साफ़ मना कर दिया। नज़र न लग जाए। वैसे निक्कर वाले भाई साब फुल पैंट पहनने लगे है।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बाल मजदूर



पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बच्चे बालश्रम में लगे हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए रविवार को यह जानकारी दी। सिंध के श्रम महानिदेशक सैयद मुहम्मद मुर्तजा अली शाह ने बताया कि पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनों को अद्यतन करने और लागू करने के सरकार के प्रयासों के बावजूद बाल श्रम देश में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जुलाई-अगस्त में यूनिसेफ और सांख्यिकी ब्यूरो की तकनीकी सहायता से उनके विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला कि प्रांत में 16 लाख से अधिक (5-17 वर्ष की आयु के 10 .3 प्रतिशत) बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। शाह ने कहा, 'अन्य प्रांत भी अब बाल श्रम पर नए सर्वेक्षण कर रहे हैं लेकिन सिंध में हमने पाया कि लगभग आठ लाख बच्चे (10-17 वर्ष की आयु के 50 .4 प्रतिशत) खतरनाक और शोषणकारी परिस्थितियों में काम कर रहे हैं।' सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि केवल 40 .6 प्रतिशत कामकाजी बच्चे ही स्कूल जाते हैं, जबकि गैर-कामकाजी बच्चों में यह प्रतिशत 70 .5 है। कंबर शाहदादकोट जिले में सबसे ज्यादा 30 .8 प्रतिशत बाल श्रम है, उसके बाद थारपारकर में 29 प्रतिशत, टांडो मुहम्मद खान में 20 .3 प्रतिशत और शिकारपुर में 20 .2 प्रतिशत है।

## ऑफ बीट

# क्या उपवास आपकी मानसिक सेहत पर असर डालता है?




उपवास का चलन सिर्फ आज नहीं है, बल्कि सैकड़ों हजारों सदियों से विकसित परंपरा है, जो मनुष्यों को अभाव से निपटने में मदद करता है। जब हम नियमित रूप से खाते रहते हैं तो हमारा मस्तिष्क अधिकतर ग्लूकोज पर चलता है, जो शरीर में ग्लाइकोजन के रूप में जमा होता है। लेकिन लगभग 12 घंटे बिना भोजन के रहने के बाद ये ग्लाइकोजन भंडार कम हो जाते हैं। उस समय शरीर एक चयापचय प्रक्रिया शुरू कर देता है, जिसमें यह वसा को कीटोन बॉडीज (उदाहरण के लिए, एसीटोएसीटेट और बीटा-हाइड्रॉक्सीब्यूटिरेट) में तोड़ना शुरू कर देता है, जो एक वैकल्पिक ईंधन स्रोत प्रदान करते हैं। इस तरह का 'मेटाबॉलिज्म' कभी हमारे पूर्वजों के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण था, जो अब कई स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है। यह इंसुलिन संवेदनशीलता में भी सुधार करता है जिससे शरीर रक्त शर्करा को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर पाता है और टाइप दो मधुमेह जैसी स्थितियों का जोखिम कम हो जाता है। इन शारीरिक लाभों ने उपवास को लेकर लोगों में आकर्षण बढ़ाया है। लेकिन कई लोग इसे अपनाने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि उन्हें आशंका रहती है कि कहीं भोजन की निरंतर आपूर्ति नहीं होने से उनका मानसिक प्रदर्शन न गिर जाए।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# पुरातत्व इंडिया की हैरीटेज वॉक में झलकी भोपाल की धरोहर और अल्लामा इक़बाल की विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को राजधानी में पुरातत्व इंडिया द्वारा आयोजित हैरीटेज वॉक ने शहर की ऐतिहासिक धरोहरों और मशहूर शायर अल्लामा इक़बाल की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। इस दौरान कला, साहित्य, फोटोग्राफी और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 20 प्रतिभागियों ने शहर की विरासत को करीब से जाना। वॉक पुरातत्वविद् और हैरीटेज एजुकेटर शिवाजी राय ने बताया कि भोपाल विरासत के दृष्टिकोण से भारत के प्रमुख ऐतिहासिक नगरों में से एक है। भारत की सबसे छोटी और सबसे बड़ी दोनों मस्जिदें स्थित हैं। अठारहवीं सदी की शुरुआत में फतेहगढ़ किले की प्राचीर पर तैनात सैनिक जिस बुर्ज पर नमाज अदा करते थे, वह कालांतर में ढाई सीधी की मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध हुई। प्रतिभागियों ने जाना कि सुप्रसिद्ध शायर अल्लामा इक़बाल, जिन्होंने अमर गीत "सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा" लिखा, उनका भोपाल से गहरा संबंध रहा है। इक़बाल तीन बार भोपाल आए थे और अपने प्रवास के दौरान उन्होंने शीश महल में ठहराव किया था, जो आज भी इक़बाल मैदान के समीप स्थित है।

**मशहूर शायर अल्लामा इक़बाल की विरासत को याद किया गया**


इकबाल मैदान के पास इमारत देखते लोग।

## इक़बाल ने की थी अमर गीत सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा की रचना


ऐतिहासिक ढाई सीढ़ी मस्जिद का मुआयना करते हैरिटेज वॉकर।

### ऐतिहासिक लाइब्रेरी

इक़बाल मैदान स्थित सन 1939 में इक़बाल के नाम पर स्थापित इस लाइब्रेरी में हिंदी, उर्दू, फ़ारसी और अंग्रेज़ी की सैकड़ों दुर्लभ पुस्तकें व पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। इनमें मध्यकालीन इतिहासकार फरिश्ता की 'तारीख़-ए-फरिश्ता' और मशहूर शायर साएब तबरेज़ी की 'दीवान-ए-साएब' जैसी दुर्लभ कृतियाँ सम्मिलित हैं। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कहा कि वॉक न केवल इतिहास को जीवंत रखती हैं बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करती हैं।


ऐतिहासिक इमारतों पर बात करते प्रतिभागी।

## स्वदेशी मेला: स्टीविया और जड़ी-बूटियों से बनी खीर रही आकर्षण का केंद्र

# पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता ने जगाया स्वदेशी स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एमवीएम कॉलेज के ग्राउंड में चल रहे स्वदेशी मेले में रविवार को पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता में देश के हर राज्य के स्वाद सजने के साथ संस्कृति और स्वास्थ्य का संगम दिखा। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक व्यंजन प्रस्तुत किए। इन प्रतिभागियों के स्वाद को परखने यानी जजमेंट की जिम्मदारी आरोग्य भारती की जूही गुप्ता, लतिका, नीलम तिवारी (डायटीशियन), दामिनी संस्था की अनिता आर्या और विवेकानंद केंद्र की रचना जानी पर थी। इस प्रतियोगिता के 3 विजेताओं को स्वदेशी उपहार और पत्रक दिए गए। सभी व्यंजन स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक थे। स्टीविया और जड़ी-बूटियों से बनी खीर रही आकर्षण का केंद्र। दर्शकों ने कहा 'अबकी बार मेले में यही स्वदेशी व्यंजन स्टॉल पर हों'।


प्रतियोगिता के दौरान व्यंजनों का परीक्षण करतीं जजेस।


मेले में व्यंजन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### स्वदेशी चिंतन पर चर्चा, अतिथियों को किया सम्मानित

स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रकोष्ठ की मध्य भारत प्रान्त प्रमुख और मेले की सह संयोजक सीमा भारद्धाज ने स्वदेशी चिंतन पर चर्चा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी प्रतिभा शुक्ला ने इस प्रतियोगिता के उद्देश्य पर चर्चा की। सभी अतिथियों ने सभी को स्वास्थ्य के हिसाब से क्या कब खाएं कैसे खाएं पर चर्चा की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। सभी इस थीम पर इस उद्देश्य की प्रतियोगिता के जज बन अपने को सौभाग्यशाली मान रहे थे। इस कार्यक्रम की प्रभारी काजल राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पारंपरिक लोकगीतों की हुई, मनमोहक प्रस्तुति

# स्वदेशी मेले में गूंजे पारंपरिक लोकगीतों के सुर

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में पारंपरिक लोकगीतों की एक मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे वातावरण को लोकसंगीत के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख सीमा भारद्धाज एवं लघु उद्योग भारती से प्रतिभा शुक्ला सह-प्रभारी के रूप में गरिमामय उपस्थिति रहीं। साथ ही जागरण मंच की समर्पित टीम ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही आयोजित इस लोकगीत समारोह की प्रभारी डॉ. संगीता चौरसिया रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश स्तुति से किया गया। इसके बाद बालिका आयना ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।



स्वदेशी मेले में अतिथियों का सम्मान करतीं मेला सह संयोजक व स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रकोष्ठ की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज।



कार्यक्रम में भजन की प्रस्तुति देते कलाकार।

### भजन गायन से भक्ति रस का संचार

संदेश अग्रवाल एवं प्रवीण ने अपने भजन गायन से भक्ति रस का संचार किया। बुंदेलखंडी लोकगीतों की सुंदर प्रस्तुति उमा सक्सेना और उनकी टीम ने दी, जबकि ज्योति शर्मा व रजनी शर्मा ने बधाई गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। नवीन स्कूल की छात्राओं ने पारंपरिक राजस्थानी नृत्य व कविता पाठ से कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिए। अंत में सभी प्रतिभागी कलाकारों को सर्टिफिकेट व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

# बाहरी सुंदरता सब कुछ नहीं, असली सुंदरता आपकी सोच में होती है

मिस क्रिस्टल एंजल इंडिया विनर डॉ. जया मीणा की हरिभूमि से खास बातचीत


डॉ. जया मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेने की मेरी जर्नी आसान नहीं थी। मैं एक मिडिल क्लास फैमिली से आती हूं। जब पहली बार एयरप्लेन में बैठी थी, तब मैं मिस क्रिस्टल एंजल इंटरनेशनल में भारत को रिप्रेजेंट करने के लिए मलेशिया जा रही थी। बाकी देशों की प्रतिभागियों के पास बड़े-बड़े सूटकेस थे, जिनमें एक-एक ड्रेस रखी थी और मेरे पास सिर्फ एक छोटा सा बैग था, जिसमें मेरा सारा सामान था। लेकिन मेरे पास जो सबसे बड़ी ताकत थी, वो मेरा कॉन्फिडेंस था। मेरे माता-पिता ने मुझ पर विश्वास किया और उसी विश्वास ने मुझे यहां तक पहुंचाया। यह बात मिस क्रिस्टल एंजल इंडिया विनर और मिस क्रिस्टल एंजल इंटरनेशनल की रनरअप रहीं डॉ. जया मीणा ने कही। उदयपुर, राजस्थान की रहने वाली डॉ. जया गांधी भवन में मीणा समाज शक्ति संगठन के स्थापना दिवस एवं कर्तव्यवीर सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल आईं थीं। उन्होंने कहा कि मैं मीणा समाज की बेटी हूं और मुझे इस बात पर गर्व है। जब मैं मलेशिया में पीली लुगड़ी पहनकर मंच पर उतरी, तो वो सिर्फ एक ड्रेस नहीं थी, वो मेरी पहचान थी। उस लिबास ने दुनिया को दिखाया कि भारत की परंपरा कितनी समृद्ध है।

### आदिवासी समाज की बेटियों के लिए करना चाहती हूं काम

डॉ. जया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की, जिस पर उन्होंने कहा कि उनसे मुलाकात बहुत यादगार रही। सबसे पहले उन्होंने मेरा नाम पूछा, मैंने कहा जया मीणा। उन्होंने कहा दया मीणा? तो मैंने मुस्कुराकर कहा, नहीं सर, जया मीणा। फिर उन्होंने पूछा, अब आगे क्या करना चाहती हो? मैंने कहा, सर, मैं बहुत मुश्किलों से यहां तक पहुंची हूं। कभी-कभी सैंडल तक के पैसे नहीं होते थे। मैं आदिवासी समाज की बेटियों के लिए काम करना चाहती हूं, ताकि आगे कोई भी आदिवासी बेटी सिर्फ पैसों या समाज की बंदिशों की वजह से अपने सपने अधूरे न छोड़े।

### बाहरी नहीं, सोच में होती है असली सुंदरता

जया ने कहा कि जो लड़कियां ब्यूटी पेजेंट या मॉडलिंग की दुनिया में जाना चाहती हैं, उनसे यही कहना चाहूंगी कि बाहरी सुंदरता सब कुछ नहीं होती। असली सुंदरता आपकी सोच में होती है, ब्यूटी विथ ब्रेन। मैं जब पेजेंट में गई थी, मेरे बॉय कट हेयर थे, क्योंकि मैं नीट एग्जाम की तैयारी कर रही थी। इसलिए लड़कियां ये न सोचें कि दस हजार की ड्रेस पहनने से ही वो मिस इंडिया बनेंगी। मेरे पास तो सिर्फ मेरी मां की पुरानी साड़ी और एक पीली लुगड़ी थी, लेकिन उसी से मैंने इंडिया को रिप्रेजेंट किया।

### चरित्र कपड़ों से नहीं, सोच से तय होता है

उन्होंने कहा कि मेरा नीट में सिलेक्शन हुआ था, लेकिन उस समय पिताजी ने मुझे बाहर पढ़ने नहीं भेजा। फिर मैंने उदयपुर से होम्योपैथी की पढ़ाई की। आगे चलकर मॉडलिंग और फिर राजनीति में आना शायद संयोग था, लेकिन इसके पीछे हमेशा सेवा का भाव रहा। उन्होंने कहा कि ब्यूटी पेजेंट में जाने को लेकर शुरू में मेरे परिवार को डर था, क्योंकि समाज में बहुत बातें होती हैं। लेकिन मैंने हमेशा ये दिखाया कि कपड़ों से चरित्र नहीं, सोच तय होता है। मैंने अपनी मेहनत और ईमानदारी से अपने माता-पिता का भरोसा जीता। आज वो गर्व से कहते हैं, ये हमारी बेटी है।

### आगे राजनीति के जरिए करना चाहती हूं समाज सेवा

अब मैंने मॉडलिंग छोड़ दी है। अब मैं राजनीति और समाज सेवा के रास्ते पर हूं। मैं कई पेजेंट्स में जज या गेस्ट के तौर पर जाती हूं, लेकिन मेरा पूरा फोकस अब जनता की सेवा पर है। जनता ने मुझे जो प्यार दिया है, अब उसे लौटाने की जिम्मेदारी मेरी है। आज मैं एक समाजसेविका के तौर पर 10 लोगों की मदद कर सकती हूं, लेकिन अगर मुझे विधायक बनने का मौका मिला तो मैं पूरे गांव का उत्थान कर सकती हूं, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के क्षेत्र में।

## पच्चीस कवियों की प्रकृति के बीच बैठक


'पोएट्स वॉक' की 73वीं कड़ी में हिस्सा लेते राजधानी के कवि और साहित्यकार।

# 73वीं 'पोएट्स वॉक' चीकू द्वार से शुरू, सैर सपाटा तक चली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के कवि एवं साहित्यप्रेमियों का लोकप्रिय आयोजन 'पोएट्स वॉक' रविवार को 73वीं कड़ी में सैर सपाटा के पास आयोजित किया गया। यह 'छतनारा' द्वारा नियमित रूप से किया जाता है, जिसमें कवि प्रकृति की गोद में बैठकर अपनी कविताओं का पाठ करते हैं । इस बार की पोएट्स वॉक की शुरुआत वन विहार के चीकू द्वार से हुई, जो सैर सपाटा तक चली। साथ ही कार्यक्रम का संचालन कवि निशांत ने किया। उन्होंने कवि अभय शुक्ला की दो ग़ज़लों से वॉक की शुरुआत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## देशभर के कवि आए राजधानी


ध्रुपद संस्थान में 'दस्तक संवाद' में देश भर के कवि-कथाकारों ने हिस्सा लिया।

# दस्तक संवाद साहित्य और जीवन की चुनौतियां एक हैं: अंबुज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में ध्रुपद संस्थान में आयोजित दो दिवसीय 'दस्तक संवाद' में देश भर से आए कवि-कथाकार रविवार को दोबारा मिलने के वादे के साथ विदा हुए। अंतिम दिन कवि-कथाकार कुमार अंबुज ने 'साहित्य के समक्ष चुनौतियां और लेखकीय दायित्व' विषय पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा, साहित्य और जीवन की चुनौतियों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने मुक्तिबोध की चार पंक्तियों के हवाले से विस्तृत ढंग से अपनी बात रखी और साहित्य में विचारहीनता के खतरों से आगाह किया।

## सफलता का सूत्र 'लर्न, अनलर्न, रीलर्न'


चर्चा के बाद सामूहिक चित्र खिंचवाते प्रतिभागी।

# यंग थिंकर्स फोरम ने की 'युवा एआई और रोजगार' पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा रविवार को राजधानी में 'युवा, एआई और रोजगार' पर राउंड टेबल चर्चा में शहर के शिक्षण संस्थानों से आए युवाओं ने भाग लिया और एआई के में रोजगार के अवसरों और चुनौतियों पर विचार साझा किए।

### एआई नौकरियां बेहतर बनाएगा

चर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई अधिकांश नौकरियों को और अधिक प्रभावी बनाएगा। चर्चा में सफलता का सूत्र कार्यक्रम का संचालन मैनिट के प्रोफेसर अनुग्रह अनुल कुमार नगाइच ने किया। उन्होंने जनरेटिव एआई और एजेंटिक एआई पर विस्तार से जानकारी दी।

# एनआईटी क्विज़र्स क्लब ने आयोजित किया इंटरसिटी क्विज़िंग चैलेंज का ग्रैंड फिनाले

भोपाल, इंदौर उज्जैन जबलपुर, ग्वालियर, की टीमों ने लिया हिस्सा


जीत का जश्न मनाते प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एनआईटी भोपाल के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर (एसएसी) में हुआ जहां इस आयोजन में पांच शहर - भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन और इंदौर की विजेता टीमों ने चैंपियनशिप के अंतिम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। साथ ही कई रोमांचक और प्रतिस्पर्धी राउंड के बाद, लिटिल एंजेल्स एलएएचएस, ग्वालियर विजेता बना। जबकि संस्कार वैली स्कूल, ने प्रथम रनर-अप स्थान हासिल किया। इस आयोजन का सफलता पूर्वक समापन हुआ, जिसमें पूरे क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ क्विज़िंग प्रतिभाओं द्वारा प्रदर्शित ज्ञान और उत्कृष्टता के प्रति जुनून का जश्न मनाया गया।

**मानव संग्रहालय में आयोजित चार दिवसीय जलतरंग कार्यशाला सह प्रदर्शनी का समापन**

# लाइव डेमो से समझी पोर्ट्रेट बनाने की बारीकियां, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के तत्वावधान में कलाधारा संस्था द्वारा आयोजित चार दिवसीय जलतरंग वाटर कलर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के चतुर्थ एवं अंतिम दिवस की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे भोपाल के प्रख्यात कलाकार हरिकांत दुबे द्वारा लाइव ऑयल कलर पोर्ट्रेट डेमोंस्ट्रेशन से हुई। प्रतिभागियों ने चित्रांकन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझते हुए कला की बारीकियों का अनुभव किया।



विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

### लाइव ऑयल कलर पोर्ट्रेट डेमोंस्ट्रेशन से हुई अंतिम सत्र की शुरुआत

इसके उपरांत सायं 4:30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के वर्तमान सचिव अक्षय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में एवं नृत्य मंजरी कलापीठ की निदेशिका श्रीमती नीरजा विशाल सक्सेना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में अक्षय सिंह ने कलाधारा द्वारा कला के माध्यम से तनाव निवारण व सकारात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करने के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने संस्था के संस्थापकों नीलिमा श्रीवास्तव एवं योगेश यादव के योगदान को उल्लेखनीय बताते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि नीरजा सक्सेना ने भी प्रतिभागियों के कला-साधना के उत्साह और समर्पण को सराहा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला के अध्यक्ष एवं मानव संग्रहालय के निदेशक अमिताभ पांडे भी उपस्थित थे।


लाइव पेंटिंग बनाते प्रतिभागी।






## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सत्तापक्ष और विपक्ष के दिग्गजों ने निकाली रैली

# आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध घुसपैठियों के मुद्दे पर कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी, पार्टी ने दलितों का अपमान किया

एजेंसी ▶▶ पटना

गृहमंत्री अमित शाह ने सासाराम में सभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध घुसपैठियों के मुद्दे को उछाला तथा विपक्षी नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के समय आतंकवादियों पर कार्रवाई ढीली रहती थी। शाह ने कहा कि जब सोनिया, मनमोहन और लालू के समय था, तो आतंकवादी घुस आते थे, हमारे देश में हमला करते थे और भाग निकलते थे, कोई सवाल नहीं करता था। मोदी सरकार आने के बाद उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक की गई और पुलवामा हमले के बाद हवाई कार्रवाई की गई। पाहलगाम में हमारे टूरिस्टों से उनके धर्म के बारे में पूछा गया और उन्हें मारा गया। 22 दिनों में हमने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया।

### आतंकी गोली चलाएंगे तो अब गोला चलेगा

उन्होंने शस्त्राई स्वर में कहा कि यहां मां शक्तिपीठ की पवित्र भूमि पर मैं कहता हूं, अगर आतंकवादी गोली चलाएंगे तो हम गोलाबारी से जवाब देंगे। क्या आप जानते हैं वह गोला कहां बनेगा? प्रधानमंत्री मोदी बिहार में डिफेंस कॉरिडोर बनाएंगे और एक आर्डनेंस फैक्ट्री स्थापित की जाएगी।



सभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह

### दलित नेता को कांग्रेस ने पीएम बनने से रोका

दलित नेता बाबू जगजीवन राम का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बन सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें रोका। कांग्रेस ने हमेशा दलितों के साथ अन्याय किया है। लालू प्रसाद यादव झूठ फैला रहे हैं कि जीविका दीदी पहल के तहत महिलाओं के खातों में डाले गए 10,000 रुपए वापस लिए जाएंगे। उनकी तीन पीढ़ियां भी यह राशि वापस नहीं ले सकतीं।

### राहुल और तेजस्वी ने घुसपैठियों के समर्थन में यात्रा निकाली

शाह ने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी नेता विशेषकर राहुल और तेजस्वी घुसपैठियों के समर्थन में यात्रा निकालते हैं। कुछ दिन पहले राहुल और तेजस्वी ने एक यात्रा निकाली थी, ये यात्रा उन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली थी। हमारे देश में घुसपैठिए हमारे युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं, गरीबों के राशन में अपना हिस्सा ले रहे हैं और देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। वे जो करना चाहें, करने दें, मैं कहता हूं कि हम बिहार और देश से एक-एक घुसपैठिए को निकालने का काम करेंगे।

### लालू के घर में ही कौरवः शिवराज सिंह

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बांका में कहा कि सीएम नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी एक और एक दो नहीं बल्कि 11 हैं। दोनों बिहार को विकास की पटरी पर आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने जो कुछ बोया आज वो वही काट रहे हैं। उनके घर में ही महाभारत चल रहा है। परिवार में ही कौरव पैदा हो गया। चौहान ने आरोप लगाया कि महागठबंधन के आधे नेता जेल में हैं और बाकी बेल पर।

### जनता पुराना दौर नहीं देखना चाहतीः स्मृति

भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने महिलाओं की भागीदारी की सराहना कर कहा कि अभिनंदन के पात्र हैं। ईरानी ने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने महागठबंधन पर कहा कि जनता दहशत, अपराध और गुंडागर्दी के दौर में वापस नहीं लौटना चाहती।

## पूर्णिया में राहुल ने फिर पुराना राग अलापा | दिग्गजों का नाम लेकर फिर से लगाया 'वोट चोरी' का आरोप



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूर्णिया में कहा कि मैंने हरियाणा में वोट चोरी पर एक प्रेजेंटेशन दिया और पूरे देश को दिखाया कि हरियाणा में 25 लाख से ज़्यादा वोट चोरी हुए। एक बूथ पर ब्राज़ील की एक महिला की तस्वीर 200 बार दिखाई गई, भाजपा नेता उत्तर प्रदेश से हरियाणा में वोट देने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लोग यहां वोट देने आ रहे हैं। मैं साफ़ कह रहा हूं कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चुरा रहे हैं, वे बिहार में ऐसा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में ऐसा किया। मैं बिहार के युवाओं, जेन जेड से कह रहा हूं कि मतदान केंद्र पर सावधान रहना और वोट चोरी न होने देना हमारी ज़िम्मेदारी है। नरेंद्र मोदी-नीतीश कुमार अंबानी-अडाणी के लिए काम करते हैं, वे आपका भविष्य आपसे चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

अल्वी ने पीएम मोदी पर कसा तंज

### पीएम की तुलना अयूब खान के साथ की

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग से ठीक पहले प्रचार के आखिरी दिन नेताओं के बीच



जुबानी जंग चरम पर पहुंच गई। भाजपा के राहुल गांधी की पंचमढ़ी जंगल सफारी पर सवाल उठाने और गिरिराज सिंह के बुर्के वाले बयान के बाद कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कड़ा पलटवार किया है। अल्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पाकिस्तानी सेना के पूर्व कमांडर-इन-चीफ अयूब खान के साथ की। पीएम मोदी ने मन की बात अयूब खान से सीखी है।

चुनाव के बीच तेज प्रताप बोले

### वे मुझे मरवा देंगे, इसलिए सुरक्षा बढ़ी

पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और आरजेडी के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने बड़ा बयान



दिया है। उन्होंने कहा है कि मेरी सुरक्षा बढ़ा दी गई है क्योंकि मुझे खतरा है। ये लोग मुझे मरवा भी देंगे। सब दुश्मन लगे हुए हैं। तेजस्वी का जन्मदिन है। जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं, उज्ज्वल भविष्य हो, आशीर्वाद है। चुनावी सरगर्मी के बीच केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने तेज प्रताप यादव को 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। अब वे अब वे जवानों के घेरे में रहेंगे।

## सीएम योगी की हुंकार | कांग्रेस-राजद वाले आकर विकास को पंक्चर कर देंगे

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नरपतगंज हाई स्कूल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों कांग्रेस, राजद और सपा पर सीधा प्रहार किया। अररिया जनपद में खुलकर कहा कि बिहार में फिर से 'जंगलराज' लाने की कोशिश करने वालों को रोकना जरूरी है। पंक्चर बनाने वाले यहां आकर विकास को पंक्चर करने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि नरपतगंज को किसी भी तरह से 'घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड' नहीं बनने देना है।



### महागठबंधन ने बिहार को बीमारू बनाया

योगी ने कहा कि जिस बिहार ने दुनिया को नालंदा विश्वविद्यालय और ज्ञान की रोशनी दी, उसी बिहार को कांग्रेस और राजद की जोड़ी ने निरक्षरता और अराजकता की तरफ धकेल दिया। कांग्रेस-राजद ने इस पवित्र भूमि को जातीय विभाजन और माफियागीरी से कलंकित किया। कांग्रेस और राजद ने समाज को जाति के नाम पर बांटा, सरकारी खजानों की लूट मचाई और बिहार के नौजवानों को बेरोजगार बनाया। इनकी करनी से बिहार बीमारू राज्य बन गया।

### जिनका इतिहास कलंकित उन पर भरोसा न करें

जिन लोगों ने बिहार के नौजवानों के भविष्य पर सवाल खड़ा किया, वे बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं और जनता को लालच देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनका अतीत कलंकित और काला है, उन पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है।

**चुनाव से पहले ही भाजपा को खुशखबरी**

### डीएनएचडीडी चुनाव में बंपर जीत, 2 सीटों पर सिमटी कांग्रेस



चुनावी गहमागहमी के बीच भाजपा को बड़ी खुशखबरी मिली है। दादरा नगर हवेली, दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में पांच नवंबर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 122 में से 107 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा ने सभी नगर परिषदों, जिला पंचायतों और ग्राम पंचायतों पर बहुमत हासिल कर लिया। कांग्रेस को केवल 2 सीटें मिली।

**खबर संक्षेप**

### क्लासमेट को गोली मारी, 2 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां शनिवार देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दो नाबालिगों ने कथित तौर पर



अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से 11वीं कक्षा के एक सहपाठी को गोली मार दी। छात्र की हालत नाजुक है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घटना के कुछ घंटों के भीतर ही दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### हिमंता सरकार 580 ठिकानों को तोड़ेगी

**गुवाहाटी।** असम में अतिक्रमण और घुसपैठियों के खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन हो रहा है और



गोलपाड़ा में जिला और वन विभाग के अधिकारियों ने वन विभाग की 1140 बीघा की जमीन पर अतिक्रमण करके रह रहे 580 परिवारों को हटाने का काम शुरू हो गया है और उनके ठिकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

### उद्धव के घर के ऊपर ड्रोन दिखने से हड़कंप

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के विधायक अनिल परब ने एक सनसनीखेज दावा किया है। उनका



कहना है कि पार्टी चीफ उद्धव ठाकरे के निवास स्थान 'मातोश्री' के ऊपर ड्रोन मंडराता देखा गया है। यह एक हाई सिक्योरिटी जोन है, जहां ड्रोन की एंट्री से हड़कंप मच गया है। परब ने मामले की जांच करवाने की मांग की है।

### गहलोत के सामने धारीवाल व गुंजल समर्थक भिड़े

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर आपसी मतभेद खुलकर सामने आ गए। शनिवार रात को



कोटा रेलवे स्टेशन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने ही पार्टी दो खेमों में बंटती दिखी। गहलोत जैसे ही ट्रेन से उतरे, पूर्व मंत्री शांति धारीवाल और प्रहलाद गुंजल के समर्थकों के बीच नारेबाजी, धक्कामुक्की हो गई।

## उत्तराखंड के 'सिल्वर जुबली' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने की शिरकत

# 8,260 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी जलापूर्ति, इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन की शुरुआत




कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के गठन को रविवार को 25 साल पूरे हुए। इस 'सिल्वर जुबली' के मौके पर देहरादून में खास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। उन्होंने उत्तराखंड को 8,260 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। ऐतिहासिक एफआरआई मैदान में पीएम मोदी को सुनने के लिए वहां एक लाख से ज्यादा लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड सरकार का अमृतकाल में 'विकसित उत्तराखंड' के विजन पर जोर है। समारोह में उन्होंने बच्चों तथा लाभार्थियों से संवाद भी किया। इन परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पारंपरिक ढोल-वाद्य यंत्रों से उनका भव्य स्वागत किया। बच्चों ने प्रधानमंत्री को गुलाब का फूल भेंट किया।

### बच्चों और लाभार्थियों से संवाद भी किया, बच्चों ने गुलाब का फूल भेंट किया

### बुजुर्गों और लाभार्थियों से संवाद किया

प्रधानमंत्री मोदी ने एफआरआई में एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बुजुर्गों और अन्य लाभार्थियों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने राज्य में 8,140 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया।



पीएम ने किया अवलोकन

### इन परियोजनाओं का किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून शहर के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए अमृत योजना के तहत जलापूर्ति परियोजना शामिल है। पिथौरागढ़ जिले में इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन का भी शुभारंभ किया गया। सरकारी भवनों में सोलर पावर प्लांट की स्थापना और नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड का निर्माण भी इन परियोजनाओं का हिस्सा है।

### बच्चों से बात की, दुलारा

पीएम मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा को



दिखाया गया है। उन्होंने महिला उद्यमियों, विभिन्न हितधारकों से संवाद किया। यहां कुछ बच्चों से मिले और दुलार किया।

**नैनी सैनी एयरपोर्ट के अधिग्रहण पर किया ऐतिहासिक समझौता**

प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के बीच पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी एयरपोर्ट के अधिग्रहण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ हवाई संपर्क की दिशा में अहम कदम है।

### गढ़वाली में संबोधन, पीएम ने गिनाईं 25 वर्षों की उपलब्धियां

- पीएम मोदी ने भाषण की शुरुआत गढ़वाली भाषा में जनता के अभिवादन से की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का मेरा भाई बंधो, भैया भूली, आप सभी को मेरा नमस्कार।
- पीएम ने कहा कि '2047 मा भारत थे विकसित देशों की लेन मा ल्याण थुणी म्यारो उत्तराखंड मेरो देवभूमि पूरी तरह से त्यार छिन।
- उन्होंने कहा कि पहले उत्तराखंड का बजट 4 हजार करोड़ था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है।
- उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश बना है। बिजली उत्पादन 4गुना ज्यादा हो गया है।
- यहां रोड कनेक्टिविटी पर बेहतर काम हो रहा है। सड़कों की लंबाई बढ़कर दोगुनी हो गई है।
- प्रदेश में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिला है। अब एक दिन में 4 हजार यात्री हवाई जहाज से आते हैं।
- प्रदेश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या बढ़ी है। आज यहां 10 मेडिकल कॉलेज हैं।
- आज हर गांव वैक्सीन कवरेज के दायरे में आ गया है।
- शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।
- राज्य में दो लाख से अधिक की परियोजनाओं का काम चल रहा है।
- 'जहां चाह वहां राह'। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे।
- यहां हर विधानसभ में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए।
- पहाड़ी भोजन को पर्यटकों की परोसना होगा।
- स्थानीय मेलों और पर्वों को लाने के लिए एक जिला एक मेला जैसा अभियान चलाया जा सकता है।
- डेमोग्राफिक चेंज, भूमि अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी धामी सरकार ने बेहतर काम किया है।
- आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जनता की हर संभव मदद का प्रयास किया है।

पीएम को लिखा खून से पत्र

## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भारत रत्न दिया जाए

एजेंसी ▶▶ मथुरा



दिनेश फलाहारी

बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भारत रत्न देने की मांग की गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने प्रधानमंत्री को खून से पत्र लिखकर यह मांग रखी है। वृंदावन के महामंडलेश्वर राधा नंद गिरी के आश्रम में दिनेश फलाहारी महाराज ने ये पत्र लिखा और कहा कि धीरेंद्र ने विश्वभर के सनातनियों को एक सूत्र में बांधा है। वे जाति-पाति, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर, हर हिंदू को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने जो कार्य किया है, वह सनातन धर्म के उत्थान और एकता के लिए अमूल्य है। फलाहारी महाराज का कहना है वे शास्त्री हनुमान जी के परम भक्त हैं। उन्होंने कठिन यात्राएं करके हिंदू समाज को जागरूक किया है और हिंदू राष्ट्र की दिशा में एक नई सोच को जन्म दिया है।

थरूर का चौंकाने वाला बयान

## नेहरू को चीन युद्ध, आडवाणी को केवल रथ यात्रा से न आंकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक लाल कृष्ण आडवाणी की विरासत का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदिरा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है। थरूर ने 'एक्स' पर यह बयान आडवाणी के ९८वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए दिया। थरूर ने आडवाणी को 'एक सच्चे राजनेता' बताते हुए कहा कि उनका लोकसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के वकील संजय हेगड़े ने थरूर की आलोचना करते हुए लिखा माफ कीजिए थरूर साहब, लेकिन इस देश में नफरत के बीज बोना लोकसेवा नहीं कहा जा सकता।

महाराष्ट्र के नंदुरबार में बड़ा हादसा

## 20-30 छात्रों को ले जा रही बस खाई में गिरी, 2 मौत

एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। नंदुरबार के देवगोई घाट इलाके में एक बड़ा बस हादसा हुआ है। देवगोई घाट में एक स्कूल बस 100 से 150 फीट गहरी खाई में गिर गई है। बताया जा रहा है कि बस में 20 से 30 छात्र सवार थे। इस हादसे में अब तक 2 छात्रों की मौत होने की खबर है। यह घटना बेहद बड़ी और चौंकाने वाली है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की ओर सेराहत कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच



रहे हैं। नंदुरबार में सतपुड़ा पर्वत के सुदूर इलाकों से छात्र स्कूल जाते हैं। ऐसे में बच्चे स्कूल बस में स्कूल जा रहे थे। इसी बीच देवगोई घाट पर चालक ने वाहन से कंट्रोल खो दिया और यह स्कूल बस सीधे 100 से 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया है।

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी कर रही काम

## मुंबई में 70 किमी लंबी अंडरग्राउंड टनल बनाई जाएगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ( एमएमआरडीए) शहर में ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रही है। इसमें शहर के नीचे तीन चरणों में 70 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड रोड टनल नेटवर्क बनाने की योजना है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ग्लोबस सिटी बनाने के लिए टनल होना बहुत जरूरी है। इससे ट्रैफिक कम होगा और यात्रा सुगम होगी। वहीं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह मुंबई इन मिनट्स का सपना पूरी करेगी। सरकार का यह विजन साकार होगा।

### राज्य सरकार ने ग्लोबल सिटी बनाने के लिए बताया जरूरी



### पहले चरण में लगभग 16 किमी का मार्ग तैयार होगा

अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में लगभग 16किमी का मार्ग तैयार होगा, जो कोस्टल रोड को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और हवाई अड्डे टर्मिनल -2 से जोड़ेगा। दूसरे चरण में लगभग 10किमी की पूर्व-पश्चिम टनल बनाई जाएगी, जो ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे को जोड़ेगी। तीसरे चरण में 44 किमी लंबा उत्तर-दक्षिण मार्ग होगा। नेटवर्क सिग्नल-फ्री और हाई-स्पीड यात्रा के लिए है।

**अवधारणा दूरदर्शी लेकिन कार्यान्वयन बेहद जटिल होगा**

मुंबई की जटिल भूगोलिक स्थितिबेसाल्ट चट्टान, भूस्खलित भूमि और घनी अंडरग्राउंड यूटिलिटी और टनल निर्माण की उच्च लागत परियोजना के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह अवधारणा दूरदर्शी है, लेकिन कार्यान्वयन बेहद जटिल होगा।

### भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्गों से मिलेगा छुटकारा

इस परियोजना का उद्देश्य यात्रियों को भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्गों और ट्रैफिक सिग्नलों से बचाकर सीधे भूमिगत मार्ग उपलब्ध कराना है। इससे यात्रा का समय कम होगा और सड़क पर ट्रैफिक, शोर और प्रदूषण में कमी आएगी। एमएमआरडीए ने पहले चरण के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर ) बनाने और तकनीकी, आर्थिक और पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति शुरू कर दी है।

## अमेरिका के जवाब में रूस करेगा परमाणु परीक्षण

# अमेरिका और रूस में परमाणु हथियारों की शुरू हो गई नई रेस! लावरोव बोले-पुतिन के आदेश के बाद न्यूक्लियर टेस्ट पर काम शुरू किया

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

दुनिया में एक बार फिर परमाणु परीक्षणों की रेस शुरू होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद अब रूस ने कहा है कि परमाणु परीक्षणों को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देश पर काम किया जा रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नवीनतम निर्देशों पर काम किया जा रहा है। पांच नवंबर को सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान, जिसमें लावरोव अनुपस्थित थे, पुतिन ने विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, खुफिया सेवाओं और नागरिक एजेंसियों को निर्देश दिया था कि यदि अमेरिका 'व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि' (सीटीबीटी) के तहत परमाणु परीक्षणों पर रोक का पालन नहीं करता है, तो रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षणों की तैयारी की संभावना पर प्रस्ताव सौंपे।

*अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों की नई रेस शुरू होती दिखाई दे रही है। रूस के विदेश मंत्री ने कहा है कि राष्ट्रपति पुतिन के निर्देश के बाद परमाणु हथियारों के परीक्षण फिर से शुरू करने को लेकर काम किया जा रहा है।*



रूस की तैयारियों की झलक दिखाती तस्वीर। (इन्सर्ट में) पुतिन

### अमेरिका बना रहा परीक्षण की योजना



रूस के विदेश मंत्री लावरोव



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### योजना के साथ काम शुरू

*रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने लावरोव के हवाले से कहा, रूसी विदेश मंत्रालय ने पांच नवंबर को सुरक्षा परिषद की बैठक में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए निर्देश को कार्यान्वयन के लिए स्वीकार कर लिया है और इस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जनता को परिणामों की जानकारी दी जाएगी।*

### उत्तर कोरिया ने सीटीबीटी के बावजूद 5 परीक्षण किए

पिछले 21वीं सदी में केवल उत्तर कोरिया ने 2006 से 2017 तक पांच विस्फोट परीक्षण किए हैं, जबकि भारत और पाकिस्तान ने 1998 में परीक्षण किए थे। ट्रंप का बयान हाल के अमेरिकी-रूसी तनावों के बीच आया है, जिसमें यूक्रेन युद्ध पर बातचीत रद्द होने और मॉस्को की युद्धविराम से इनकार का मुद्दा शामिल है।

### रूस ने दी बड़ी चेतावनी

*रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने चेतावनी दी कि यदि कोई मोरेटोरियम तोड़ता है, तो रूस उचित कदम उठाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र, इस विकास पर नजर रखे हुए है, क्योंकि इससे वैश्विक स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। रूस ने कहा है कि प्रस्ताव जल्द ही तैयार हो जाएंगे, और परिणामों को सार्वजनिक किया जाएगा।*

---

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का आरोपी विधायक विदेश भागा



**पटियाला।** दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे पटियाला जिले के सनौर विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पुलिस पंजाब व हरियाणा में तलाशती रही और वह आस्ट्रेलिया पहुंच गए। आस्ट्रेलिया से जुड़े एक चैनल को दिए इंटरव्यू के दो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए तो इसका पता चला। पठानमाजरा विदेश में हैं या कहीं और, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, पुलिस साइबर क्राइम टीम के जरिये पठानमाजरा के प्रसारित वीडियो के अपलोड होने के आइपी एड्रेस जांच रही है।

### चट्टान से टकराकर क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, 5 की मौत



**नई दिल्ली।** रूस के दागिस्तान में यात्रियों से भरा एक हेलिकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे का डराने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें जमीन से टकराने के कारण हेलिकॉप्टर का पिछला हिस्सा टूटा नजर आ रहा है। यह हादसा कैस्पियन सागर के तट पर स्थित रूस के दागिस्तान क्षेत्र में हुआ। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर यूजर्स के होश उड़ गए हैं। रूस के आपातकाल मंत्रालय के अनुसार, यह निजी हेलिकॉप्टर था।

---

#### 300 प्रवासियों को म्यांमार ले जा रहा था जहाज

## मलेशिया के तट पर डूबा, 10 लोगों की बची जान, 290 लापता





जहाज के डूबने से पहले की तस्वीर

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

म्यांमार से लगभग 300 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव थाईलैंड और मलेशिया की सीमा के पास हिंद महासागर में पलट गई। इससे हाहाकार मच गया। इस घटना में सिर्फ 10 लोगों को बचाया जा सका है। जबकि रेस्क्यू टीम ने एक व्यक्ति का शव समुद्र में तैरता हुआ बरामद किया है।

अन्य सभी लोग अभी लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही टीम को नाव डूबने की घटना की जानकारी तत्काल नहीं मिल सकी। इस वजह से सैकड़ों लोग लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि नाव के डूबने का समय और सटीक स्थान का तत्काल पता नहीं चल सका। इसलिए अधिकांश लोग लापता हो गए। एक मलेशियाई अधिकारी ने कहा कि जहाज संभवतः थाई जलक्षेत्र में पलट गया था। चेतावनी दी कि खतरनाक समुद्री मार्गों का उपयोग करके प्रवासियों का शोषण करने में सीमा पार के गिरोह तेजी से सक्रिय हो रहे हैं।

### बचाए गए लोगों में रोहिंग्या ज्यादा

पुलिस प्रमुख ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कुछ रोहिंग्या मुसलमान हैं जो मुख्य रूप से म्यांमार में रहते हैं, जहां उन्हें दशकों से उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। मलेशियाई समुद्री प्रवर्तन एजेंसी के प्रथम एडमिरल रोमली मुस्तफा ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि नाव म्यांमार के रखाइन राज्य के बुथीडांग शहर से रवाना हुई थी और तीन दिन पहले डूब गई। एजेंसी ने शनिवार को मलेशिया के उत्तरी रिसॉर्ट द्वीप लंगकावी के पास पानी में कई जीवित बचे लोगों के पाए जाने के बाद खोज और बचाव अभियान शुरू किया।

---

#### हाफिज सईद का सहयोगी कर रहा जिहादी बनने की अपील

# लश्कर कमांडर सैफुल्लाह की नई धमकी बांग्लादेश के रास्ते भारत पर करेगा हमला

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

लश्कर-ए-तैय्यबा का चीफ हाफिज सईद फिर भारत पर हमले की साजिश रच रहा है। इस बार वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमले का षड्यंत्र रच रहा है। इस काम को अंजाम देने के लिए हाफिज ने अपने एक सहयोगी को बांग्लादेश भेज दिया है, जहां उसने भारत पर हमले के लिए कमांडरों और हिजादियों को भर्ती कर उन्हें ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया है। यह ऐलान पाकिस्तान के लश्कर कमांडर और हाफिज सईद के करीबी सैफुल्लाह सैफ ने की है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा किए गए हमलों से आतंकी बौखलाए हुए हैं।

लश्कर कमांडर ने एक रैली में भीड़ को जिहादी बनने के लिए खुलेआम ललकार रहा है और भारत पर हमले की बात कर रहा है। वह यह भी बता रहा है कि हाफिज सईद चुप नहीं बैठा है और वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमले की योजना को आकार दे रहा है। सैफुल्लाह सैफ ने यह दावा 30 अक्टूबर को एक रैली में किया। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने कहा कि हाफिज सईद का एक शीर्ष सहयोगी पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में सक्रिय है और वह भारत के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का प्लान बना रहा है। उसने यह बात पाकिस्तान के बस्ती अली दी गोथ, खैरपुर तमीवाली में रक्षा साथियों और वहलिबात सम्मेलन में एक उग्र भाषण के दौरान कही। उसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सैफुल्लाह को भीड़ को जिहाद में शामिल होने के लिए उकसाते हुए और भारत के खिलाफ आतंकवाद का खुलेआम आह्वान करते हुए देखा जा सकता है।

भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बिलबिला रही आतंकवादियों की फौज

30 अक्टूबर की रैली में सैफुल्लाह ने हांकी डींगें, वीडियो वायरल



वीडियो में गीदड़ धमकी देता दिखा आतंकी सैफुल्लाह

### ऑपरेशन सिंदूर की मार से तड़प रहे आतंकी

*पाकिस्तान के आतंकवादी 6-7 मई की रात और उसके बाद 9-10 मई की रात पाकिस्तान पर किए गए बड़े हमले से बौखलाए हुए हैं। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह अपने भाषण में पाकिस्तानी फौज की झूठी बहादुरी की डींगे भी हांक रहा है। वह कह रहा है कि पहले भारत पाकिस्तान पर चढ़ा रहता था...और अमेरिका भी उसके साथ खड़ा रहता था, लेकिन 10 मई की रात पाकिस्तान ने जब भारत पर हमला किया तो पूरी दुनिया ने उसका दमखम देखा। आप लोगों ने पूरी दुनिया को बता दिया कि हममें कितनी ताकत है। लश्कर आतंकी ने अपनी पीठ थपथपाते कहा कि 10 मई को पाकिस्तान की बहादुरी ने परिदृश्य बदल दिया है...अब पाकिस्तान नई ताकत बनकर उभरा है। लिहाजा अमेरिका भी अब हमारे साथ है और बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की ओर खिंचा आया है, जिसे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अलग कर दिया था। लश्कर आतंकी ने आगे कहा कि हमारे संगठन पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में भी सक्रिय हैं। आप लोग भी जिहाद में शामिल होइये। ताकि भारत को जवाब दिया जा सके।*

### गुजरात में 3 आतंकी गिरफ्तार, 2 यूपी और 1 हैदराबाद का रहने वाला

*गुजरात एटीएस ने एक बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकियों में दो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं जबकि एक हैदराबाद से ताल्लुक रखता है। सूत्रों के मुताबिक, ये तीनों आतंकी हथियारों की अदला-बदली के लिए गुजरात पहुंचे थे और देशभर में आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस की टीम पिछले एक साल से इन आतंकियों पर नजर रख रही थी। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है कि ये आतंकी आईएसआईएस से जुड़े हुए हैं और देश में बड़े पैमाने पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी में थे। फिलहाल तीनों आतंकियों से पूछताछ जारी है और एटीएस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है। इधर जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के खिलाफ केंद्रीय और राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तेज हो गई है। अभियान के दौरान पुलिस को हथियारों के पार्ट्स और कई डिजिटल डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।*



आरोपियों की तस्वीर आई सामने

**कठुआ में आतंकियों मददगारों पर गाज, 2 एसपीओ बर्खास्त**

*जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों से संबंधों के आरोप में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, सोपोर में लगातार दूसरे दिन ओवरग्राउंड वर्कर्स और आतंकी सहयोगियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया।*

---

#### पीएनबी घोटाला केसः पीएमएलए कोर्ट ने दी मंजूरी

## अब चौकसी की चांदी की ईंटें, कीमती पत्थर और आभूषण सहित 46 करोड़ की संपत्ति होगी नीलाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े घोटाले के मामले में मेहुल चौकसी की संपत्तियां नीलाम की जाएंगी। मुंबई के पीएमएलए कोर्ट ने मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स की कई संपत्तियों की नीलामी को मंजूरी दे दी है।



व्हील चेयर पर चौकसी

मुंबई की अदालत ने मेहुल चोकसी की लगभग 46 करोड़ रुपए की संपत्ति और चांदी की ईंटों की नीलामी की अनुमति दी है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने 23,000 करोड़ रुपए के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले की केंद्र में रही कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड को भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से जुड़ी 13 असुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी करने की अनुमति दे दी है। इन सूचीबद्ध संपत्तियों में बोरीवली में चार आवासीय फ्लैट, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भारत डायमंड बोर्स में कार्यालय परिसर, गोरेगांव पूर्व में विरवानी औद्योगिक एस्टेट में चार औद्योगिक इकाइयां और जयपुर विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित चांदी की ईंटें, अर्ध-कीमती पत्थर और आभूषण बनाने वाली मशीनें शामिल हैं।

### अदालत के नाम पर डिपॉजिट होगी राशि

पीएमएलए कोर्ट ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से जुड़ी आभूषण कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के परिसमापक को उसकी असुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी करने की अनुमति दे दी है। साथ ही निर्देश दिया है कि बिक्री से प्राप्त राशि को धन शोधन मामले के समाप्त होने तक अदालत के नाम से फिक्स डिपॉजिट के रूप में रखा जाए। 4 नवंबर के आदेश में, विशेष न्यायाधीश एवी गुजराती ने इस साल फरवरी में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा नियुक्त परिसमापक शांतनु रे की अर्जी स्वीकार कर ली।

---

#### पाक-अफगान के बीच नहीं बनी बात

## तीसरे राउंड की बैठक में नहीं निकला हल, फिर जंग के आसार

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तीसरे राउंड की वार्ता का कोई निष्कर्ष नहीं निकला। एक तरफ इस्तांबुल में तीसरे दौर की वार्ता चल रही थी, तो वहीं दूसरी ओर सीमा पर दोनों पक्षों में गोलीबारी जारी थी। इस बीच अफगान सरकार ने जानकारी दी है कि दो दिवसीय बैठक का कोई नतीजा नहीं निकला।



इस्तांबुल की बैठक।

अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को कहा कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच इस्तांबुल, तुर्की में दो दिवसीय शांति वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। बैठक को लेकर अफगानी प्रवक्ता मुजाहिद के हवाले से कहा, पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के गैर-जिम्मेदाराना रवैए और सहयोग की कमी के कारण, बैठक बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई।

---

#### पाकिस्तान में विरोध पर उतरे विपक्षी दल

संविधान को बदलने जा रही पाकिस्तान सरकार

## मुनीर को ताकतवर बनाने के वाले कानून का विरोध

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में विपक्षी दल रविवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि शहबाज शरीफ सरकार 27वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने जा रही है। विपक्ष ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह संविधान की नींव को हिला देगा। संशोधन में अनुच्छेद 243 में बदलाव किए जाने का प्रस्ताव है इसके तहत चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) के पद को खत्म कर चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) नाम से नया पद शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन भी शामिल हैं।



आसिम मुनीर

अगर यह संविधान संशोधन पारित हो जाता है तो आसिम मुनीर पाकिस्तान के पहले सीडीएफ होंगे।

### देश व्यापी आंदोलन का ऐलान

कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने शनिवार को ऊपरी सदन सीनेट में संशोधन पेश किया और सभापति यूसुफ रजा गिलानी ने इसे मतदान से पहले चर्चा के लिए सदन की समिति के पास भेज दिया। समिति के अध्यक्ष फारूक नाइक ने मीडिया को बताया कि वे सदस्यों के बीच आम सहमति बनाकर इस काम को पूरा करेंगे। विपक्षी गठबंधन तहरीक-ए-तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान ने संशोधन के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

---

#### असम राइफल्स हाफ मैराथन का पांचवां संस्करण 14 दिसंबर को शिलांग में होगा

20 लाख इनामी राशि जर्सी मेडल और रूट का अनावरण

## असम राइफल्स हाफ मैराथन का अगला संस्करण दिसंबर में, जीतने वालों को मिलेंगे लाखों रुपए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सबसे पुरानी अर्धसैनिक बलों में से एक असम राइफल्स द्वारा आयोजित "असम राइफल्स हाफ मैराथन" का पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें इस बहुप्रतीक्षित खेल आयोजन की जानकारी दी गई।

असम राइफल्स, जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत है और वर्ष 1835 में स्थापित हुई थी, ने इस आयोजन की शुरुआत 2021 में फिटनेस, आपसी सौहार्द और जनता के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी। इस बार की मैराथन में लगभग 3,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जो 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के धावक इसमें भाग ले सकेंगे। विजेताओं के लिए कुल 20 लाख रुपये की इनामी राशि रखी गई है।



अधिकारियों ने प्रेस से बात की

**5, 10 और 21 किमी की तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा होगी**

### पंजीकरण और श्रेणियां

*जो भी प्रतिभागी इस दौड़ का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे असम राइफल्स की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को गुडी बैग, फिनिशर मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा जिसमें उनकी टाइमिंग और दौड़ी गई दूरी का उल्लेख होगा। 5 किमी रन सभी आयु वर्ग के लिए खुली है।10 किमी रन में छह आयु वर्ग (12–18, 18–30, 30–40, 40–50, 50–60 और 60+) शामिल होंगे। 21 किमी हाफ मैराथन में पाँच आयु वर्ग (18–30, 30–40, 40–50, 50–60 और 60+) भाग ले सकेंगे।*

### असम राइफल्स एक गौरव

असम राइफल्स की स्थापना वर्ष 1835 में की गई थी। इसका मुख्य कार्य काउंटर-इंसर्जेंसी ऑपरेशन, आंतरिक सुरक्षा और सीमा सुरक्षा है। यह बल पूर्वोत्तर भारत में शांति और स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय मानवीय सहायता और राहत कार्यों में भी अग्रणी रहता है।वर्ल्ड ऑफ वर्ड्स कंसल्टिंग के बारे में साल 2023 में स्थापित वर्ल्ड ऑफ वर्ड्स कंसल्टिंग एक अग्रणी जनसंपर्क और कंटेंट सॉल्यूशन फर्म है, जो देशभर में मीडिया सेवाएँ, कंटेंट निर्माण, विज्ञापन लेखन और मॉनिटरिंग की सेवाएँ प्रदान करती है।

---

#### महिलाओं के लिए ग्लोबल एआई प्रतियोगिता शुरू

## अव्वल आने वाली महिला को मिलेंगे 25 लाख नगद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने महिलाओं के लिए 'एआई बाय हर ग्लोबल इंपैक्ट प्रतियोगिता' की शुरुआत की है, जिसमें महिला इनोवेटर्स को ऐसे एआई सॉल्यूशंस डिजाइन करने होंगे जो समाज के लिए फायदेमंद हों और आसानी से लागू किए जा सकें। ये एक इंटरनेशनल प्रतियोगिता है जो महिलाओं के जरिए लीड किए गए एआई प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट करेगी। इसका उद्देश्य लैंगिक समानता, समावेशी नवाचार और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना है। ये प्रतियोगिता इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से जुड़ा है, जो 19 से 20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली महिला को 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। जो महिलाएं टॉप 10 में जगह बनाएंगी उन्हें सदस्यता, वैश्विक एक्सपोजर और इंडियाएआई समिट में प्रायोजित भागीदारी मिलेगी।





प्रतियोगिता में टॉप 30 में जगह बनाने वाली महिलाएं अपने एआई समाधान नीति निर्माताओं, वैश्विक विशेषज्ञ और निवेशकों को प्रस्तुत करेंगी।इस पहल को माय गोव इंडिया और इंडियाएआई मिलकर आयोजित कर रहे हैं। इसमें दुनिया भर की इनोवेटर्स, शोधकर्ता और उद्यमी महिलाएं एआई आधारित समाधान प्रस्तुत कर सकती हैं।



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।



हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्टि को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।'अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

टीवी मसाला




# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा



का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में*** : साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर*** : विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।



# रायबाकिना का तूफानी फॉर्म, बनीं डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियन

## एलेना को खिताब जीतने पर मिली 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि

एजेंसी ▶▶| रियाद

छठी वरीयता प्राप्त और 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीत लिया। रायबाकिना ने रियाद के इनडोर हार्डकोर्ट पर हुए मुकाबले में आठ ऐस लगाए और मैच का एकमात्र ब्रेक भी हासिल किया। रायबाकिना ने अपने खिताबी अभियान में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक, अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला पर जीत दर्ज की।

### रायबाकिना ने जीती सबसे बड़ी राशि

*रायबाकिना ने फाइनल्स जीतने के बाद कहा, 'यह सप्ताह अविश्वसनीय रहा। मुझे किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी और यहां तक सफर तय करना अविश्वसनीय रहा।' चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका के लिए यह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी हार थी। इससे पहले वह 2022 के खिताबी मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया से हार गई थीं। रायबाकिना लगातार तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला खिताबी मुकाबला खेल रही थीं। शीर्ष आठ महिलाओं वाले इस टूर्नामेंट जीत हासिल करने से उन्हें 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल की। डब्ल्यूटीए ने कहा कि यह महिला खेलों के इतिहास में सबसे बड़ी राशि है। सबालेंका ने उपविजेता के रूप में 27 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए।*

## हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के बाद जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम लिया वापस

**एथेंस।** चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स से हटने का फैसला किया। जोकोविच ने लगभग तीन घंटे चले फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराकर हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के कुछ देर बाद ही यह फैसला किया। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह इटली के तूरिन में शुरू होने वाले शीर्ष आठ पुरुष खिलाड़ियों के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।' इस फैसले का मतलब है कि मुसेटी उनकी जगह लेंगे।

### जोकोविच ने जीता कॅरियर का 101वां खिताब

जोकोविच सात बार एटीपी फाइनल्स जीत चुके हैं लेकिन पिछले साल भी चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। उन्होंने मुसेटी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर अपने करियर का 101वां खिताब जीता। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर अपना 72वां खिताब जीतकर पुरुषों का रिकॉर्ड भी बनाया, जो रोजर फेडरर से एक अधिक है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'एक अविश्वसनीय मुकाबला। तीन घंटे का मैच शारीरिक रूप से मुश्किल। मुझे इस मैच को जीतने पर खुद पर गर्व है।



## खबर संक्षेप



### रथिका ने शाहीन को दी कड़ी टक्कर, एनएसडब्ल्यू ओपन में रहीं दूसरी पोजिशन पर

**सिडनी।** रथिका सुथांथीरा सीलन एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से हार गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 180वें नंबर की खिलाड़ी 24 वर्षीय रथिका ने अपने चौथे पीएसए फाइनल में तीसरा और चौथा गेम जीतकर चैलेंजर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। हालांकि कनाडा की खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में वापसी करते हुए 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 11-8, 11-3, 4-11, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। इससे पहले शनिवार को रथिका ने न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन को सीधे गेम में हराकर अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया था।

### 16 नवंबर से 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप



**गंगटोक।** सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) ने घोषणा की कि 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप' टूर्नामेंट 16 से 29 नवंबर तक पलजोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सिक्किम ओलंपिक संघ (एसओए) से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। प्री-क्वालीफाइंग दौर 16 नवंबर से शुरू होगा जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल 18 नवंबर से खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे जबकि सेमीफाइनल 26 और 27 नवंबर को होंगे। फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मैच एआईएफएफ के नियमों के अनुसार कृत्रिम टर्फ पर खेले जाएंगे और एसएफए के पास जरूरत पड़ने पर मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अधिकार होगा।

### पाकिस्तानी टीम से बाहर हुए नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान के उभरते बल्लेबाज हसन नवाज को खराब फॉर्म के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला और टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि हसन नवाज को कायदे आजम ट्रॉफी प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में खेलने के लिए कहा गया है। पीसीबी ने कहा कि सलामी बल्लेबाज फखर जमां 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टी20 टीम में हसन की जगह लेंगे। श्रीलंका के खिलाफ 11 नवंबर से रावलपिंडी में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए हसन की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं चुना गया है।

## त्रिपुरा ने पहली पारी में असम के खिलाफ बनाए 600 रन

# टीम इंडिया से बाहर चल रहे हनुमा विहारी ने ठोका बैक-टू-बैक शतक, मचाया तूफान

एजेंसी ▶▶| अगरतला

टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्टार बैटर हनुमा विहारी ने रणजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और अपने प्रदर्शन से सेलेक्टर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। त्रिपुरा के लिए रणजी में खेलते हुए इस बैटर ने असम के खिलाफ शतक ठोक दिया। अगरताला के महाराजा बीर बिक्रम कॉलेज स्टेडियम में उन्होंने ये कमाल किया। हनुमा विहारी ने इससे पहले बंगाल के खिलाफ पहली पारी में 141 रन ठोके थे। ऐसे में विहारी ने एक और शतक लगाया और इस बार उन्होंने असम के खिलाफ कमाल किया। विहारी ने इस दौरान अहम स्ट्रोक्स खेले। इस बैटर ने 215 गेंदों पर 143 रन बनाए। इसमें उन्होंने 17 चौके और एक छक्का लगाया। इसका नतीजा ये रहा कि स्टम्प्स तक टीम का स्कोर 4 विकेट पर 316 रन था।

### त्रिपुरा ने 602 रन पर घोषित की पारी

इस तरह त्रिपुरा ने 7 विकेट गंवा 602 रन ठोके। असम की टीम के 4 विकेट 66 रन पर ही गिर गए। असम की टीम मुश्किल में नजर आ रही है। बता दें कि विहारी टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं। इस बैटर ने भारत के लिए कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने 839 रन ठोके हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 के दौरान विहारी ने आर अश्विन के साथ मिलकर 40 ओवरों तक बल्लेबाजी की थी और सिडनी टेस्ट ड्रॉ कराया था। इस ड्रॉप की बदौलत सीरीज 1-1 पर आ गई थी और अंत में भारत ने गाबा टेस्ट जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी।

*हनुमा विहारी ने पहले बंगाल और अब असम के खिलाफ बैक टू बैक शतक ठोक दिया। इस बैटर के कमाल से त्रिपुरा ने पहली पारी में 600 से ज्यादा रन बनाए।*



### पृथ्वी शॉ ने जन्मदिन पर ठोकी फिफ्टी

*नासिक। टीम इंडिया से बाहर चल रहे युवा बैटर पृथ्वी शॉ रणजी में लगातार रन बना रहे हैं। इस बैटर ने कर्नाटक के खिलाफ नासिक के मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में अर्धशतक ठोका। शॉ ने इसके आगे भी शानदार बैटिंग की लेकिन वो महाराष्ट्र के लिए 71 रन बनाकर आउट हो गए। ये पारी उनके लिए इसलिए भी खास थी क्योंकि उन्होंने 9 नवंबर को अपने 26वें जन्मदिन पर ये कमाल किया। कर्नाटक ने पहली पारी में 313 रन ठोके। इसके जवाब में पृथ्वी शॉ ने शानदार शुरुआत की। ओपनिंग में उनका साथ देने अर्शीन कुलकर्णी थे। इस बैटर ने 34 रन ठोके। इस तरह दोनों ने पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की।*

### मुशीर-सिद्धेश ने लगाया शतक, मुंबई ने पहली पारी में बनाए 446 रन

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की टीम ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 446 रन बनाए। पहली पारी में मुंबई के लिए आयुष महात्रे, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान जैसे बैटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तो वहीं टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मुशीर खान और सिद्धेश लाड की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी जायसवाल के नहीं होने पर मुंबई के लिए पारी की शुरुआत मुशीर खान के साथ आयुष महात्रे ने की और एक तरफ जहां मुशीर ने शतक लगाया तो वहीं आयुष का बल्ला पहली पारी में नहीं चला। आयुष ने 8 गेंदों पर 9 रन की पारी खेली और आउट हो गए जबकि मुशीर खान ने 162 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 112 रन की शानदार पारी खेली। छठे नंबर पर बैटिंग करते हुए सिद्धेश लाड ने एक छक्के और 18 चौकों के साथ 127 रन की पारी खेली तो वहीं टीम के विकेटकीपर आकाश आनंद ने 34 रन बनाए।

क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजे गए सुंदर



**ब्रिसबेन।** वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। बीसीसीआई) ने रविवार को पोस्ट किए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। छब्बीस साल के सुंदर ने श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई।'

### श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी सुंदर

*भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया, जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।*

## डब्ल्यूबीबीएल में नहीं चला जेमिमा का बल्ला, हारी टीम

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

जेमिमा रोड्रिग्स की विश्व कप जीत के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही क्योंकि यह भारतीय बल्लेबाज महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ अपनी टीम ब्रिस्बेन हीट की सात विकेट से हार में केवल छह रन ही योगदान दे पाई। पिछले सप्ताह भारत की एकदिवसीय विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद अपना पहला मैच खेल रही जेमिमा प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब दिखीं लेकिन नौ गेंद खेलने के बाद एलिस कैप्सी की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर डिएंड्रा डॉटिन के हाथों कैच आउट हो गई। रोड्रिग्स की इस वापसी ने उनके बढ़ते प्रशंसकों को निराश किया लेकिन उनकी मौजूदगी ने मुकाबले में 'स्टार वैल्यू' का तड़का लगाया।



### रेनेगेड्स के स्पिनरों का दबदबा

जेमिमा ने कहा, 'मैं यहां ब्रिस्बेन में हूं, क्या आप यकीन कर सकते हैं, आज के लिए बहुत उत्साहित हूं, चलो शुरू करते हैं।' हीट के लिए नादिन डी क्लार्क (38 गेंदों पर 40) और चिनेल हेनरी (22 गेंदों पर 29) ने डटकर सामना किया लेकिन रेनेगेड्स के स्पिनरों ने मैच पर दबदबा बनाए रखा और टीम की पारी 20 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई। रेनेगेड्स की कप्तान जॉर्जिया वेयरहैम (12 रन पर तीन विकेट) और कैप्सी (22 रन पर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि टेस फ्लिंटॉफ (30 रन पर तीन विकेट) आखिरी ओवरों में हीट को वापसी का मौका नहीं दिया।

## एमएलएस कप : मेसी ने दागे दो गोल, सेमीफाइनल में इंटर मियामी



**फोर्ट लाउडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल और दो गोल में मदद करने से इंटर मियामी ईस्टर्न कांफ्रेंस प्लेऑफ सीरीज के पहले दौर के निर्णायक तीसरे मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त नैशविले एससी को 4-0 से हराकर ईस्ट सेमीफाइनल्स में पहुंच गया। इससे अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं। मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की। इस तरह इंटर मियामी ने सीरीज में नैशविले को 8-3 से हरा दिया। मेसी ने इन सभी आठ गोल में योगदान दिया, जिनमें से पांच गोल उन्होंने किए और बाकी तीन गोल करने में मदद की। इंटर मियामी अब ईस्ट सेमीफाइनल मैच के लिए एफसी सिनसिनाटी से भिड़ेगा। यह नॉकआउट होगा।

## तीसरे टी20 में जैमीसन ने की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया, श्रृंखला में 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नेलसन

न्यूजीलैंड ने काइल जैमीसन की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को नौ रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है। जैमीसन ने गुरुवार को दूसरे मैच में भी आखिरी ओवर फेंका था, जिसे न्यूजीलैंड ने तीन रन से जीत लिया था। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। तीनों मैचों का फैसला अंतिम ओवर में हुआ है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 177 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 13वें ओवर में 88 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे,



जिससे लग रहा था कि न्यूजीलैंड आसानी से जीत जाएगा। लेकिन रोमारियो शेफर्ड ने 34 गेंद में 49 और शमर स्प्रिंगर ने 20 गेंद में 39 रन बना दिए। इससे वेस्टइंडीज को अंतिम ओवर में जीत के लिए 14 रन की दरकार थी। शेफर्ड और अकील होसेन क्रीज पर थे। आखिरी ओवर फेंकने की जिम्मेदारी फिर से लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन को दी गई। उन्होंने संयम से गेंदबाजी करते हुए पहली चार गेंद में सिर्फ दो रन दिए और पांचवीं गेंद पर शेफर्ड को आउट कर मैच खत्म कर दिया।

### पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला

एक बार फिर शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। मेहमान टीम ने पारी के दूसरे ओवर में जैकब डफी की गेंदों पर दो विकेट गंवा दिए। इससे पावरप्ले की में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन था। और फिर बीच के ओवरों में टीम ने 35 रन पर छह विकेट गंवा दिए। स्पिनर ईश सोढ़ी ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे।

### न्यूजीलैंड ने पांच ओवर में गंवाए छह विकेट

इससे पहले डेवोन कॉनवे ने 34 गेंद में 56 रन बनाकर न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत की। हालांकि टीम ने पांच ओवरों में 31 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। वेस्टइंडीज के शानदार क्षेत्ररक्षण से तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। जेसन होल्डर और मैट फोर्ड ने बेहतरीन गेंदबाजी की। फोर्ड ने 20 रन देकर दो और होल्डर ने 31 रन देकर दो विकेट झटकर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। टिम रॉबिन्सन (23) और रचिन रविंद्र (26) दोनों अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सके।

# भारतीय फुटबॉल टीम के शिविर में शामिल हुए विलियम्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता को छोड़कर भारतीय नागरिकता लेने वाले फॉरवर्ड रेयान विलियम्स मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में बेंगलुरु में चल रही राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह जानकारी दी। पर्थ में जन्में 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने डिफेंडर जय गुप्ता के साथ शिविर में प्रवेश किया। एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'फॉरवर्ड रेयान विलियम्स और डिफेंडर जय गुप्ता बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए हैं।' भारतीय फुटबॉल के लिए इस नई पहल के



तहत एआईएफएफ ने इस हफ्ते की शुरुआत में दो विदेशी खिलाड़ियों (विलियम्स और अबनीत भारती) को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया। यह कदम मुश्किल दौर से गुजर रही महासंघ के दृष्टिकोण में एक साहसिक बदलाव को दर्शाता है।




## जबलपुर में दो दिनी गोल्फ महोत्सव का समापन, अंतिम दिन अभिनेता हुड्डा भी हुए शामिल

# शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए आज मैं गौरवान्वित हूं : आर्यवीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

गोल्फ महोत्सव जबलपुर के समापन कार्यक्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य ने कहा कि वे शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने जिस उद्देश्य को लेकर मुझे जबलपुर बुलाया था वो पूरा हो गया है। गोल्फ महोत्सव के साथ ग्रीन खेल के युग की शुरुआत जबलपुर में हो चुकी है। इस महोत्सव में गोल्फ प्लेयर के साथ सेना के जवानों के जब्बे ने नई गति दी है।

आज गोल्फ टूर्नामेंट में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने भी गोल्फ खेल कर ग्रीन खेल को प्रोत्साहित किया। 8 और 9 नवंबर को आर्मी क्षेत्र में गए गोल्फ महोत्सव में देश सहित जबलपुर के गोल्फ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन हुए। वहीं फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने शहीदो के परिजनों सहित एंटी ओबेसिटी रन व गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही सैन्य क्षेत्र में संचालित आशा स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया। स्कूल के और बेहतर संचालन हेतु डेढ़ लाख की राशि भी गोल्फ फेडरेशन इंडिया द्वारा प्रदान की गई।


शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य व अतिथि।

### अपने व्यक्तित्व से ही देश का निर्माण

आर्या ने कहा कि अपने व्यक्तित्व का निर्माण करिए देश का निर्माण तभी होगा। पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति से जुड़ने को लालायित है अतः हम अपनी गौरवमयी विरासत को सहेजे। संस्कृति अपनाने से हमारे अंदर संस्कार के भाव आएंगे और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी से वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। साथ ही स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए खुद स्वस्थ रहना आवश्यक है। गोल्फ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मध्य क्षेत्र की ओर से आर्यवीर आर्य को सम्मानित किया गया।


शहीदों के परिजनों का सम्मान करते अतिथि।


गोल्फ शॉट लगाते रणदीप हुड्डा।

स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन फील्ड कप प्रतियोगिता

# भोपाल को 37 रन से हराकर राजस्थान टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन फील्ड कप प्रतियोगिता में रविवार को फिजियोथेरेपिस्ट ग्रुप (एम पी फिजियो लीग)का फाइनल मैच भोपाल और राजस्थान टीमों के बीच खेला गया। भोपाल के कप्तान विनोद मीणा ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। राजस्थान ने 124/9 रन बनाए। इनमें सुमित वर्मा ने 62, रोहित शर्मा ने 34 रन बनाए। भोपाल की ओर से प्रथम कुमार ने 3, प्रशांत कनोजिया ने 2, जबकि संजय अहिरवार और नवीन राजपूत ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए।

जवाब में भोपाल की टीम कुल 87/10 रन ही बना पाई। विनोद मीणा ने 27, जबकि नवीन राजपूत ने 23 रन बनाए। राजस्थान के आराध्य वत्स और राहुल रेवाड ने क्रमशः3-3 विकेट, सुमित वर्मा ने 2 और रोहित शर्मा ने एक विकेट लिया। इस प्रकार राजस्थान ने मैच को 37 रन से जीतकर प्रतियोगिता पर क़ब्ज़ा जमाया।


राजस्थान की टीम को सम्मानित करते अतिथि।


भोपाल की टीम को सम्मानित करते अतिथि।

**प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ रहे**

- श्रेष्ठ बल्लेबाज़ :- धनराज शर्मा (राजस्थान)
- श्रेष्ठ गेंदबाज़ :- आराध्य वत्स (राजस्थान )
- श्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक :- शादाब ख़ान (भोपाल )
- प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट:- सुमित वर्मा

### इन्होंने किया सम्मानित

मैच मैं सुमित वर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया । खिलाड़ियों को बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन ने डॉ. अभिजीत सक्सेना 'अंकुर',डॉ जगदीश जायसवाल और विनोद राठौड़ की उपस्थिति में विजेता टीम राजस्थान को एक लाख व ट्रॉफी और उपविजेता टीम भोपाल को 25 हज़ार रुपए और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। डॉ. फ़ारूख़ अहमद, डॉ. दीपेश द्विवेदी, डॉ रोहित श्रीवास्तव, डॉ जगप्रीत सिंह, डॉ आलोक चतुर्वेदी और मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भोपाल ए ने राजगढ़ को 111 रन से हराया

## बीडीसीए अंडर-15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ीडीसीए अंडर-15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को सीहोर मैदान में राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट और भोपाल ए के मध्य मैच खेला गया। भोपाल ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 4 विकेट पर 158 रन बनाये, जिसमें दीर्घ श्रीवास्तव ने 53 रन और धैर्य तिवारी ने 36 रन बनाए । राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद मुस्तफा, दक्ष प्रजापति और मानवेन्द्र ने 1-1 विकेट लिए । जवाब में राजगढ़ की टीम 22.5 ओवर में 47 रन ही बना सकी। जिसमें आदित्य सोलंकी ने 22 रन बनाए । भोपाल ए डिस्ट्रिक्ट से गेंदबाजी करते हुए देव कनोजिया और वेद पाठक ने 4-4 विकेट लिए । इस तरह भोपाल ए ने राजगढ़ को 111 रन से हराया ।


वेद पाठक


देव कनोजिया

### विधिक सेवा प्राधिकरण की मैराथन, न्यायाधीश एवं अधिवक्ता दौड़े


दौड़ को हरी झंडी दिखाते अतिथि।

**भोपाल।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को प्रातः 9 बजे जिला न्यायालय परिसर से विधिक जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी देकर मैराथन आरंभ कराई। जिला न्यायालय भोपाल के गाँधी हाल में कानूनों एव निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूकता को दर्शाते हुये प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया । उक्त विधिक जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ के शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अगिन्द्र द्विवेदी ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल सहित समस्त न्यायाधीशगण ,जिला विधिक सहायता अधिकारी बीएम सिंह , अभिभाषक संघ भोपाल के पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पुलिस एवं यातायात पुलिस के कर्मचारी, डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण, पैनल अधिवक्तागण,सामाजिक संगठनों के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्यालयीन, महाविद्यायीन विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को नालसा के लोगो न्याय सबके लिए वाली टी-शर्ट निःशुल्क वितरित की गई। उक्त मैराथन दौड़ में लगभग 450 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। मैराथन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः आकाश महतो,करण प्रजापति एवं सौरभ पाण्डे रहे। कार्यक्रम में उदय सामाजिक संस्था के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । मैराथन के विजेतागण एवं नुक्कड़ नाटक के बच्चों को प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा पुरस्कृत किया गया ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930